✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा करते सीएम सम्राट चौधरी

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 112 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 16 सितम्बर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

## संक्षिप्त समाचार

### जिला परिवहन कार्यालय का प्रधान लिपिक गिरफ्तार

**नवादा(नबिटा ब्यूरो)।** आर्थिक अपराध इकाई, पटना की टीम ने जिला परिवहन कार्यालय के प्रधान लिपिक कन्हैया लाल को गिरफ्तार किया है। उन पर चोरी की स्कॉर्पियो के कागजात में हेराफ़ेरी कर वाहन का रजिस्ट्रेशन दूसरे व्यक्ति के नाम ट्रांसफर कराने में मदद करने का आरोप है। गिरफ्तारी के बाद इओयू की टीम आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। यह मामला साल 2021 में गोपालगंज डीटीओ कार्यालय से जुड़ा है। उस समय कन्हैया लाल वहां लिपिक के पद पर काम कर रहे थे।

### एसटेट के लिए 22 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने बताया कि माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि को 22 सितंबर तक अंतिम रूप से विस्तारित किया गया है। विदित हो कि माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 15 सितंबर को समाप्त हो रही थी। अब अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए 22 सितंबर तक का अतिरिक्त समय दिया गया है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अनुसार एसटेट परीक्षा का आयोजन नवंबर के प्रथम सप्ताह से किया जाना संभावित है।

### ऑर्केस्ट्रा से 50 नाबालिग लड़कियों को कराया मुक्त

**मधुबनी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में मानवाधिकार आयोग, चाइल्डलाइन और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में संचालित ऑर्केस्ट्रा में छापेमारी की है। सूत्रों के अनुसार छापेमारी के दौरान लगभग 50 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया गया है, जिनसे जबरन ऑर्केस्ट्रा में काम कराया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान कई ऑर्केस्ट्रा संचालकों समेत दर्जनों लोगों को हिरासत में लिया गया है। सभी मुक्त कराई गई नाबालिगों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उनके परिजनों से संपर्क साधा जा रहा है। नाबालिगों के संरक्षण को लेकर हुई इस बड़ी कार्रवाई के बाद पूरे जिले में हड़कंप मचा हुआ है।

### शराब लदी कार ने तीन लोगों को रौंदा

**सीतामढ़ी (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के परिहार थाना क्षेत्र में शराब तस्करों ने सोमवार की रात परिहार-कुम्मा मुख्य मार्ग पर नोनाही गांव के समीप शराब से लदी एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे खड़े तीन लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। इस हादसे के बाद इलाके में भारी चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। हादसे में घायल लोगों की पहचान नोनाही गांव निवासी दीपक कुमार, मदन पंडित और निकिल कुमार के रूप में हुई है।

### सम्राट चौधरी कैबिनेट की बैठक में 17 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# गया में 2520 करोड़ से बनेगा काशी विश्वनाथ जैसा विष्णुपद कॉरिडोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 17 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में गया के विष्णुपद मंदिर क्षेत्र के समग्र विकास से लेकर सोन-फल्गु नदी जोड़ योजना तक को हरी झंडी दी गई। विष्णुपद क्षेत्र को काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित करने के लिए 2520 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। योजना में मंदिर परिसर के विकास के साथ श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। इसके अलावा राज्य में जलस्रोतों के संरक्षण और हवाई संपर्क बढ़ाने से जुड़े फैसले भी लिए गए। विष्णुपद मंदिर क्षेत्र के विकास की योजना में मंदिर परिसर, मल्टीलेवल पार्किंग, एलीवेटेड पथ, घाट और डोरमेट्री जैसे निर्माण शामिल हैं।




श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कैंटीन, पैदल पुल और अन्य सार्वजनिक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। योजना का कार्यान्वयन बिहार राज्य पथ विकास निगम करेगा। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर विकास होने से विष्णुपद क्षेत्र को नया स्वरूप मिलने की उम्मीद है। सरकार का जोर धार्मिक पर्यटन के साथ क्षेत्र में बेहतर यातायात और सुविधाएं विकसित करने पर है। कैबिनेट ने सोन-फल्गु नदी जोड़ योजना के लिए भी 996.05 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। योजना के तहत सोन नदी का पानी (शेष पृष्ठ 10 पर)

### गयाजी के धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन को मिलेगी नई ऊंचाई : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के विश्व प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर एवं आसपास के क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में बिहार सरकार ने बड़ी पहल की है। पर्यटन विभाग द्वारा विष्णुपद मंदिर परिसर के विकास के लिए 2,520 करोड़ तथा सोन-फल्गु नदी जोड़ योजना के निर्माण कार्य के लिए 996.05 करोड़, कुल 3,516.05 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने इस महत्वपूर्ण निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि विष्णुपद मंदिर गया की ऐतिहासिक, पौराणिक एवं धार्मिक पहचान का केंद्र है। यहां पितृपक्ष मेला के दौरान देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु आते हैं तथा पूरे वर्ष बड़ी संख्या में पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं का आगमन होता है। इतनी बड़ी राशि की स्वीकृति से विष्णुपद मंदिर क्षेत्र का आधुनिक सुविधाओं से युक्त समग्र विकास संभव होगा। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा (शेष पृष्ठ 10 पर)



## निगरानी विभाग की टीम ने घूस लेते बीपीआरओ को किया गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लखीसराय।** चानन प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को निगरानी विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी (बीपीआरओ) ब्रजेश कुमार को कथित रूप से घूस लेते गिरफ्तार किया। कार्रवाई मंगलवार अपराह्न करीब 2 बजे की गयी। गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही प्रखंड कार्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। सूत्रों के अनुसार एक मुखिया की शिकायत के बाद निगरानी विभाग की टीम ने मामले का सत्यापन किया। शिकायत की पुष्टि के बाद मंगलवार को टीम चानन प्रखंड कार्यालय पहुंची और कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान बीपीआरओ को कथित रूप से घूस लेते गिरफ्तार किये जाने की सूचना से कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मामले की पुष्टि करते हुए चानन के प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण कुमार पांडेय ने बताया कि आर्थिक अपराध इकाई की ओर से कार्रवाई की गयी है। उन्होंने कहा कि उन्हें मामले में विशेष जानकारी नहीं है। इसलिए वह विस्तृत जानकारी देने की स्थिति में नहीं हैं।

## पीडीएस दुकानों और कामन सर्विस सेंटरों पर अब बनेगी आभा आईडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) को गांव और पंचायत स्तर तक पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने नई पहल शुरू की है। अब जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) की दुकानों और कामन सर्विस सेंटरों पर भी पात्र लोगों की आभा आईडी बनाई जाएगी। वहीं आशा कार्यकर्ता आशा व एम-आशा ऐप के माध्यम से घर-घर जाकर लोगों को डिजिटल स्वास्थ्य खाते से जोड़ेंगी। विद्यालय, महाविद्यालय, जीविका, स्वयं सहायता समूह और आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित गतिविधियों के दौरान भी आभा निर्माण कराया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने जिला प्रशासन को एबीडीएम के विभिन्न घटकों की प्रत्येक माह समीक्षा करने का निर्देश दिया है। इसमें आभा निर्माण के साथ स्वास्थ्य पेशेवर पंजी (एचपीआर), स्वास्थ्य सुविधा पंजी (एचएफआर) और एबीडीएम सक्षम अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली की प्रगति शामिल है। सरकारी के अलावा निजी अस्पताल, नर्सिंग होम, फार्मेसी और जांच केंद्रों को भी डिजिटल व्यवस्था से जोड़ने पर जोर दिया गया है। विभाग के अनुसार आभा प्रत्येक नागरिक की डिजिटल स्वास्थ्य पहचान होगी। इसके माध्यम से मरीज के स्वास्थ्य अभिलेख सहमति के आधार पर सुरक्षित तरीके से डिजिटल रूप से जोड़े जा सकेंगे। अस्पतालों में ओपीडी व आईपीडी पंजीकरण के दौरान आभा आधारित पहचान सत्यापन और इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य अभिलेख तैयार करने की भी निगरानी होगी।

## ग्रामीण सड़कों की करें नियमित मानिटरिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प सभागार में ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत कार्यान्वित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत कार्यान्वित एवं भविष्य की योजनाओं को लेकर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष), मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना, सुलभ सम्पर्कता योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन को लेकर विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव के विकास और जनसुविधाओं को गति देना हमारी प्राथमिकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क एवं पुल निर्माण, बुनियादी ढांचे और ग्रामीण कार्य विभाग से जुड़ी अन्य योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से ससमय पूर्ण करने से ग्रीामण क्षेत्रों में लोगों को सहूलियत तो होती है। साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। हमलोगों की सरकार शुरू से ही ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता रखते हुये कार्य कर रही है। ग्रामीण पथों के निर्माण एवं रख-रखाव को लेकर राज्य सरकार बड़ी राशि खर्च कर रही है। गांव में सुलभ सम्पर्कता बनी रही, इसके लिये ग्रामीण कार्य विभाग पथों की लगातार मॉनीटरिंग कराये। बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त हुये पुल-पुलियों, सड़कों का आंकलन कराकर मरम्मति कार्य तेजी से पूर्ण करें ताकि लोगों का आवागमन सुगम हो सके। ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत जो भी योजनायें ली गयी हैं, सभी को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पथों का रख-रखाव बहुत जरूरी है, इसे मेंटेन रखें। ग्रामीण पथों को हेवी ट्रैफिक से बचाना होगा। बैठक में ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, वित्त विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह एवं संजय कुमार सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### भारत रत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को किया नमन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्यपाल सैयद अता हसनैन एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भारत रत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी षिक्षा मंत्री शीला कुमारी, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भी भारत रत्न स्व. डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

## डूबने से पांच बच्चों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई/बांका।** जिले में मंगलवार को डूबने की अलग-अलग घटनाओं में तीन बच्चों की मौत हो गई। पहली घटना सोनो थाना क्षेत्र के बाबूडीह गांव में हुई जहां तीज पूजा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान टिकलाही आहार में दो सगे भाई डूब गए। वहीं चकाई प्रखंड के कियाजोरी पंचायत के बलिया डाबर बालू घाट पर कर्मा पूजा के लिए बालू लेने गई आठ साल की बच्ची भी गहरे पानी में फंसकर डूब गई। मिली जानकारी के अनुसार बाबूडीह गांव के शंकर चौधरी के बेटे अमरजीत कुमार (10) और रुद्र कुमार (7) अन्य लोगों के साथ तीज पूजा की प्रतिमा विसर्जन के लिए आहर के पास गए थे। इसी दौरान दोनों भाई गहरे पानी में चले गए और डूब गए। उनके साथ मौजूद मंझले भाई ने घर जाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग और ग्रामीण आहर की ओर भागे। ग्रामीणों की मदद से दोनों बच्चों को पानी से बाहर निकाला गया और इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना चकाई के बलिया डाबर बालू घाट पर हुई। यहां कर्मा पूजा के लिए अपनी सहेलियों के साथ बालू लेने गई आठ साल की बच्ची सीमा कुमारी गहरे और दलदली पानी में फंसकर डूब गई। बच्ची के साथ मौजूद सहेलियों ने उसे दुपट्टे से खींचकर बचाने की कोशिश की लेकिन वे कामयाब नहीं हो सकीं। बच्ची के पिता तारिणी साव ने बताया कि कर्मा पूजा के लिए गांव की कई बच्चियों के साथ वह नदी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि बालू उठाव के कारण घाट पर कई जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं जिसकी वजह से हादसा हुआ। घटना को लेकर ग्रामीणों में बालू संवेदक के खिलाफ आक्रोश है और कार्रवाई की मांग की जा रही है। बांका जिले के धोरैया थाना क्षेत्र के जोठा गांव में मंगलवार को निजी तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चियों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान जोठा गांव निवासी कांग्रेस लैया की पुत्री जानकी कुमारी और गुड्डू लैया की पुत्री कोमल कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद मृत बच्चियों के परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों के अनुसार आगामी कर्मा-धर्मा पर्व को लेकर दोनों बच्चियां गांव स्थित निजी तालाब में स्नान करने गई थीं। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस द्वारा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## कार-डंपर की टक्कर में दो की मौत, तीन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** बिदुपुर थाना क्षेत्र के कच्ची दरगाह-सिक्स लेन पुल पर सोमवार देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। चकसिकंदर के पास तेज रफ्तार कार और डंपर की जोरदार टक्कर में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा उस समय हुआ जब एक चार पहिया वाहन कल्याणपुर सिक्स लेन पर तेज रफ्तार से जा रहा था। हादसे में जान गंवाने वाले दोनों युवकों की पहचान बिदुपुर थाना क्षेत्र के अमेर पंचायत के रहने वाले उमेश राय के पुत्र ज्ञान रंजन एवं मधुरापुर दिलावरपुर गोवर्धन निवासी इंद्रजीत कुमार के पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में की गयी है। घटना की जानकारी मिलते ही बिदुपुर थाना की पुलिस टीम दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और थानीय ग्रामीणों और राहगीरों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला।




## बाढ़ से हुए नुकसान का संवेदनशीलता से करें आकलन : सम्राट

### मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित 8.27 लाख परिवारों के खाते में भेजे 579 करोड़ रूपये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए राज्य सरकार ने राहत राशि का वितरण शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को पटना स्थित लोक सेवक आवास के 'संकल्प सभागार' में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 8 लाख 27 हजार 472 प्रभावित परिवारों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 579.23 करोड़ रुपये की आनुग्रहिक राहत राशि अंतरित की। प्रत्येक परिवार को 7,000 रुपये की सहायता दी गई है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि राहत के लिए पात्र कोई भी परिवार सहायता से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्यापन के दौरान यदि कोई पात्र प्रभावित परिवार सूची से छूट गया है तो उसे एक सप्ताह के भीतर राहत सूची में शामिल किया जाए। लाभार्थियों की पहचान और सत्यापन में पूरी पारदर्शिता बरतने को भी



कहा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के 15 जिले, 88 प्रखंड, 575 ग्राम पंचायत और 2,642 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा 21 शहरों के 136 वार्ड भी बाढ़ की चपेट में आए हैं। कुल मिलाकर करीब 50 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। लगभग 55 हजार हेक्टेयर भूमि पर बाढ़ का असर पड़ा है जिससे फसलों को नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बाढ़ प्रभावित लोगों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए राज्य में 1,200 से अधिक सामुदायिक रसोई संचालित की जा रही हैं। इनके माध्यम से अब तक करीब 1.28 करोड़ थालियां परोसी जा चुकी हैं। प्रभावित इलाकों में भोजन, पेयजल, दवा और अन्य जरूरी सुविधाएं लगातार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। राहत और बचाव कार्यों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की 21 टीमें लगातार जुटी हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थिति सामान्य होने तक प्रभावित लोगों को राहत और सहायता उपलब्ध कराई जाती रहेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को केवल तत्काल राहत तक सीमित नहीं रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ के बाद पहले से बेहतर पुनर्निर्माण की थीम पर काम किया जाएगा। उन्होंने सभी पुर्नप्राप्ति कार्यों को एक महीने के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। इसमें कृषि निवेश अनुदान, सड़कों की मरम्मत और प्रभावित परिवारों व किसानों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना शामिल है। मुख्यमंत्री ने बाढ़ से हुए नुकसान का गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ आकलन करने को कहा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान का तथ्यपरक आकलन कर रिपोर्ट तैयार रखने

# 8.27 लाख बाढ़ प्रभावित परिवारों को डीबीटी से राहत राशि देना संवेदनशील सरकार का प्रमाण : सरावगी

## केंद्रीय टीम के दौरे से बाढ़ से हुई क्षति के आकलन और पुनर्निर्माण कार्यों को मिलेगी गति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के बैंक खातों में आनुग्रहिक राहत राशि अंतरित किए जाने पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्णय की सराहना करते हुए इसे संवेदनशील और जनहितकारी पहल बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बाढ़ की इस कठिन घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ मजबूती से खड़ी है और राहत, सहायता एवं पुनर्वास के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। संजय सरावगी ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को बाढ़ प्रभावित 8 लाख 27 हजार 472 परिवारों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 579.23 करोड़ रुपये की आनुग्रहिक राहत राशि भेजने की प्रक्रिया शुरू की है। प्रत्येक प्रभावित परिवार को 7 हजार रुपये की सहायता उपलब्ध कराई गई है। यह निर्णय सरकार की संवेदनशीलता और गरीब तथा जरूरतमंद लोगों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बिहार के 15 जिले, 88 प्रखंड, 575 ग्राम पंचायत, 2,642 गांव और 21 शहरों के 136 वार्ड बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। करीब 50 लाख लोग बाढ़ की स्थिति से प्रभावित हुए हैं जबकि लगभग 55 हजार हेक्टेयर भूमि पर बाढ़ का असर पड़ा है। ऐसी परिस्थिति में राज्य सरकार द्वारा त्वरित राहत उपलब्ध कराना और सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में राशि भेजना पारदर्शी एवं प्रभावी व्यवस्था का उदाहरण है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कोई भी पात्र प्रभावित परिवार सरकारी सहायता से वंचित नहीं रहना चाहिए। यदि कोई पात्र परिवार राहत सूची में शामिल होने से छूट गया है तो उसे एक सप्ताह के भीतर सूची में जोड़ा जाए। सरकार का यह निर्णय बताता है कि बाढ़ प्रभावित लोगों की पीड़ा को लेकर राज्य सरकार कितनी गंभीर और संवेदनशील है। संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बिहार में बाढ़ की स्थिति और इससे प्रभावित लोगों को लेकर लगातार चिंता कर रहे हैं। केंद्र सरकार बिहार की स्थिति पर नजर बनाए हुए है और राज्य सरकार को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से बाढ़ की स्थिति को लेकर बातचीत कर आवश्यक जानकारी ली है। यह केंद्र सरकार की बिहार और यहां के बाढ़ प्रभावित लोगों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बाढ़ से हुई क्षति का समुचित आकलन करने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में केंद्रीय टीम का बिहार दौरा भी महत्वपूर्ण है। केंद्रीय टीम प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेकर नुकसान का तथ्यपरक आकलन करेगी। इससे बाढ़ से हुए नुकसान के आधार पर आवश्यक सहायता और पुनर्प्राप्ति कार्यों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयास से राहत और पुनर्वास कार्यों को और गति मिलेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राहत कार्यों के साथ-साथ पुनर्प्राप्ति और पुनर्निर्माण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने 'ब्यूल्ड बैक बेटर देन बिफोर' यानी पहले से बेहतर पुनर्निर्माण की थीम पर कार्य करने का निर्देश दिया है। इसका उद्देश्य केवल बाढ़ से हुई क्षति की भरपाई करना नहीं, बल्कि प्रभावित क्षेत्रों को पहले से अधिक मजबूत और बेहतर सुविधाओं से लैस करना है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक रसोई, राहत शिविर, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों की सक्रियता तथा किसानों एवं प्रभावित परिवारों के लिए सहायता योजनाएं यह दर्शाती हैं कि एनडीए सरकार पूरी तत्परता के साथ राहत कार्यों में जुटी है। सरकार का लक्ष्य प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही उनके जीवन को जल्द से जल्द सामान्य करना है।

## केपटाउन में 69वें सीपीए सम्मेलन में शामिल हुए बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में आयोजित 69वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार शामिल हुए। सम्मेलन में राष्ट्रमंडल देशों की संसदीय व्यवस्थाओं, लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय संस्थाओं की भूमिका से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हो रही है। उद्घाटन समारोह के दौरान दक्षिण अफ्रीका की मंत्री रामोकगोफा ने बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार का स्वागत किया। इस अवसर पर दोनों देशों के संसदीय प्रतिनिधियों की मौजूदगी रही। सीपीए सम्मेलन राष्ट्रमंडल देशों की संसदों और विधानसभाओं के बीच संवाद, अनुभवों के आदान-प्रदान तथा लोकतांत्रिक संसदीय परंपराओं को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण मंच माना जाता है। सम्मेलन में विभिन्न देशों के जनप्रतिनिधि और संसदीय प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। बिहार विधानसभा अध्यक्ष की इस अंतरराष्ट्रीय संसदीय सम्मेलन में भागीदारी बिहार की संसदीय व्यवस्था और लोकतांत्रिक परंपराओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# बिहार ग्रामीण बैंक में हिंदी दिवस पखवारा का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार ग्रामीण बैंक के प्रधान कार्यालय में मंगलवार को हिंदी दिवस पखवाड़ा का समापन समारोह उत्सवपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। भारत सरकार की राजभाषा नीति एवं निर्देशों के अनुरूप बैंक स्तर पर एक से 14 सितंबर तक हिंदी दिवस पखवारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ बैंक के अध्यक्ष मुकुल सहाय और सभी महाप्रबंधकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. शिवनारायण सिंह, प्रोफेसर, श्री अरविंद महिला कॉलेज, पटना को अध्यक्ष मुकुल सहाय ने शॉल एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। डॉ. शिवनारायण सिंह बिहार सरकार के सर्वोच्च नार्गाजुन पुरस्कार एवं राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार से सम्मानित हैं। बैंक स्तर पर आयोजित निबंध एवं आशुभाषण प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को अध्यक्ष मुकुल सहाय और मुख्य अतिथि डॉ. शिवनारायण सिंह ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अध्यक्ष मुकुल सहाय ने कहा कि बैंकिंग कार्यों में अधिकाधिक हिंदी का प्रयोग किया जाना चाहिए, ताकि आम जनता को अपनत्व के साथ सरल बैंकिंग सुविधा मिल सके। मुख्य अतिथि डॉ. शिवनारायण सिंह ने हिंदी भाषा की महत्ता एवं उपयोगिता से सरल शब्दों में परिचित कराया। मौके पर महाप्रबंधक संजोय सिन्हा, राजेश कुमार पांडेय, संजीब कुमार श्रीवास्तव (मुख्य संयोजक), चितरंजन चौधरी और हिमांशु शर्मा सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रबंधक मौजूद रहे।

## प्रमुख नदियों के जलस्तर में गिरावट के बावजूद खतरे के निशान से बह रही ऊपर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में कई प्रमुख नदियों के जलस्तर में गिरावट के बावजूद वे अब भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। गंगा नदी पटना के गांधी घाट और हथीदह, भागलपुर तथा कहलगांव में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। पटना के श्रीपालपुर में पुनपुन नदी और सिवान के दरौली में घाघरा नदी का जलस्तर भी खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया है। गंडक नदी गोपालगंज के डुमरिया घाट, कोसी नदी खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला, बागमती नदी मुजफ्फरपुर के बेनीबाद, तथा बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया और पटना के दीघा में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। गंडक को छोड़कर इन अधिकांश स्थानों पर जलस्तर में गिरावट का रुख दर्ज किया गया है।

# अभियंता दिवस पर विद्युत भवन में कार्यक्रम आयोजित

## बिजली व्यवस्था को मजबूत बनाने में अभियंताओं की अहम भूमिका: ऊर्जा सचिव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** अभियंता दिवस के अवसर पर मंगलवार को समागम सभागार, विद्युत भवन, पटना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ऊर्जा सचिव-सह-अध्यक्ष-सह- प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड अजय यादव (भा.प्र.से.) ने सभी अभियंताओं को अभियंता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भारत के महान अभियंता भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। ऊर्जा सचिव एवं अध्यक्ष सह-प्रबंध निदेशक अजय यादव (भा.प्र.से.),बीएसपीटीसीएल एवं एसबीपीडीसीएल के प्रबंध निदेशक ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अभियंताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उत्पादन, ट्रांसमिशन और वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने में अभियंता निरंतर योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलती तकनीक के दौर में अभियंताओं को नई तकनीकों और नवाचार को अपनाते हुए कार्यप्रणाली में निरंतर सुधार करना चाहिए। कार्यक्रम में बीएसपीटीसीएल के प्रबंध निदेशक डॉ. नवल किशोर चौधरी (भा.प्र.से.), एसबीपीडीसीएल के प्रबंध निदेशक सौरभ जोरवाल (भा.प्र.से.) सहित वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अभियंताओं ने राज्य की विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, आधुनिक एवं उपभोक्ता-केंद्रित बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# रेलकर्मियों के कल्याण एवं उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रतिबद्ध : डिम्पी गर्ग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल प्रशासन रेलकर्मियों के कल्याण एवं उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों की विभागीय समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने मुख्यालय, हाजीपुर में 04 रेलकर्मियों/उनके आश्रितों से मुलाकात की। इस दौरान रेलकर्मियों ने अपनी विभिन्न विभागीय समस्याओं एवं कठिनाइयों से महाप्रबंधक को अवगत कराया। महाप्रबंधक ने प्रत्येक रेलकर्मी एवं उनके आश्रितों की समस्याओं को सुना और प्राप्त शिकायत के संबंध में अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभागों को प्राप्त मामलों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायतों का प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रेलकर्मियों की समस्याओं के समाधान में अनावश्यक विलंब न हो तथा प्रत्येक मामले में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाए। विदित हो कि रेल कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों की विभागीय समस्याओं के समाधान के लिए पूर्व मध्य रेल द्वारा प्रत्येक मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात का दिन निर्धारित किया गया है। रेलकर्मी अपनी समस्या के संबंध में पूर्व में कार्मिक विभाग में अपना नाम पंजीकृत कराकर निर्धारित मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी बात रख सकते हैं।

## डॉ ध्रुव हरियाणा के सिरसा में महादेवी कौशिक स्मृति लघुकथा सम्मान से सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हरियाणा के सिरसा में आयोजित लघुकथा सम्मेलन में वरिष्ठ लघुकथाकार-समालोचक डॉ ध्रुव कुमार को महादेवी कौशिक स्मृति लघुकथा सम्मान से सम्मानित किया गया। हिंदी दिवस के अवसर पर देश भर से आए लघुकथाकारों की उपस्थिति में हरियाणा प्रादेशिक हिंदी साहित्य सम्मेलन एवं हरियाणा प्रादेशिक लघुकथा मंच के संरक्षक डॉ रूप देवगुण, संयोजक डॉ शील कौशिक एवं ललित मोहन जैन ने उन्हें अंगवस्त्र, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर इस प्रतिष्ठित सम्मान से विभूषित किया। इस अवसर पर डॉ ध्रुव ने लघुकथा की रचनाधर्मिता पर सोशल मीडिया का प्रभाव विषय पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया। समारोह में हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली सहित अनेक राज्यों के लघुकथाकारों ने शिरकत की।

# हिंदी हमारी पहचान और भारतीय संस्कृति की मजबूत कड़ी : प्राचार्या

## आरडीएम महाविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया हिंदी दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** संपतचक स्थित आरडीएम महाविद्यालय में हिंदी दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने हिंदी भाषा के महत्व, उसकी समृद्ध साहित्यिक परंपरा तथा राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान भाषण, कविता पाठ और प्रश्नोत्तरी सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापिका शबनम परवीन के प्रारंभिक संबोधन से हुआ। उन्होंने हिंदी दिवस के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य और इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीय समाज की विविधता और सांस्कृतिक विरासत को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण भाषा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) रिमझिम शील ने राष्ट्र निर्माण में हिंदी की महती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदी के माध्यम से देश की सांस्कृतिक विविधता को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया जा सकता है। उन्होंने बिहार के सांस्कृतिक गौरव को अक्षुण्ण रखने में हिंदी के योगदान को भी रेखांकित किया तथा विद्यार्थियों को हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्यों ने भी अपनी साहित्यिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को रोचक बना दिया। अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. हरीश साहू ने अपनी स्वरचित कविता 'मेरा मन बैठा जाता है' का सस्वर पाठ किया।

## बी.डी. कॉलेज के एथलीटों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम किया रोशन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतर-महाविद्यालय एथलेटिक्स टूर्नामेंट (2026-27) में बी.डी. कॉलेज, पटना के एथलीटों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में बी.डी. कॉलेज की टीम का सफल नेतृत्व पीटीआई दीपक राज ने किया जबकि खिलाड़ियों के मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन के लिए स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ. अशोक कुमार साव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**खिलाड़ियों की प्रमुख उपलब्धियां:**

ऋषिराजः 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान (रजत पदक) एवं 200 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान (कांस्य पदक)।

**उत्सव राजः** हैमर थ्रो में द्वितीय स्थान (रजत पदक)।

# हर जिले में अधिक मात्रा में तैयार होगा उसना चावल

## धान-चावल की ढुलाई केवल जीपीएस युक्त वाहनों से, वीटीएस से होगी ट्रैकिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राज्य सरकार द्वारा खरीफ विपणन मौसम 2026-27 में विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति व्यवस्था के तहत राज्य के सभी जिलों में अधिकतम संभव मात्रा में उसना चावल तैयार करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। विभाग का उद्देश्य धान अधिप्राप्ति, मिलिंग एवं परिवहन की पूरी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तकनीक आधारित और प्रभावी बनाना है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, खरीफ विपणन मौसम 2026-27 के धान अधिप्राप्ति कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक चावल मिलरों के लिए ऑनलाइन निबंधन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम द्वारा पोर्टल के माध्यम से 16 अगस्त 2026 से ऑनलाइन निबंधन किया जा रहा है। निबंधन की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। विभाग ने राज्य के सभी चावल मिल संचालकों से अपील की है कि वे धान अधिप्राप्ति एवं मिलिंग कार्य के लिए आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर लें तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन निबंधन अवश्य करा लें। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों से धान की सुगम एवं पारदर्शी अधिप्राप्ति के लिए लगातार व्यवस्था को सुदृढ़ कर रही है। खरीफ विपणन मौसम 2026-27 में राज्य के प्रत्येक जिले में अधिकतम संभव मात्रा में उसना चावल तैयार करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक के प्रभावी उपयोग से अधिप्राप्ति, मिलिंग और परिवहन की निगरानी को और मजबूत किया जाएगा। मिलों की विद्युत खपत की सीधी निगरानी तथा जीपीएस आधारित परिवहन व्यवस्था से पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। उन्होंने सभी चावल मिल संचालकों से निर्धारित अवधि में निबंधन कराकर अधिप्राप्ति कार्य की तैयारियां पूरी करने की अपील की।

## डॉ. आनन्द रंजन झा को मिला बी.आई.बी प्राइड ऑफ भारत अवार्ड 2026

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा के निदेशक डॉ. आनन्द रंजन झा को शिक्षा एवं डिजिटल प्रशिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित बी.आई.बी प्राइड ऑफ भारत अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। बिजनेस इन बिहार द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में डॉ. आनन्द रंजन झा को यह सम्मान प्रदान किया गया। समारोह का आयोजन होटल ताज, पटना में हुआ। कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान के सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शामिल होने की घोषणा की गई थी। डॉ. आनन्द रंजन झा को मिले इस सम्मान से कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी परिवार एवं उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। यह उपलब्धि कम्प्यूटर शिक्षा एवं डिजिटल साक्षरता के क्षेत्र में उनके निरंतर प्रयासों और समर्पण को सम्मानित करती है।

# अपराधियों के साथ पुलिस की जांच से परेशान स्वर्ण कारोबारी, डीजीपी से लगाई गुहार

## हर तीन माह में एसपी को स्वर्ण कारोबारियों से बैठक करने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में स्वर्ण कारोबारियों की सुरक्षा और उनकी समस्याओं को लेकर पुलिस मुख्यालय में डीजीपी विनय कुमार ने स्वर्ण कारोबारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में प्रदेश के स्वर्ण कारोबारियों ने कारोबार के दौरान सामने आने वाली सुरक्षा संबंधी चुनौतियों के साथ-साथ पुलिस अनुसंधान के दौरान होने वाली कथित परेशानियों को भी प्रमुखता से उठाया। डीजीपी ने कारोबारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान का भरोसा दिलाया। बैठक के दौरान स्वर्ण कारोबारियों ने डीजीपी को बताया कि वे एक ओर अपराधियों के निशाने पर रहते हैं और दूसरी ओर किसी आपराधिक मामले के अनुसंधान के दौरान पुलिस की कार्रवाई के कारण भी उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। कारोबारियों ने कहा कि स्वर्ण व्यवसाय में बड़ी मात्रा में नकदी और कीमती आभूषणों का लेन-देन होने के कारण सुरक्षा उनके लिए सबसे बड़ी चिंता है। कई बार अपराधी उन्हें अपना निशाना बना लेते हैं। कारोबारियों ने पुलिस अधिकारियों के समक्ष यह भी मुद्दा उठाया कि आपराधिक घटनाओं से जुड़े मामलों के अनुसंधान के दौरान कई बार पुलिस द्वारा उनसे पूछताछ और अन्य प्रक्रियाओं के नाम पर उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने पुलिस और स्वर्ण कारोबारियों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया। कारोबारियों की समस्याएं सुनने के बाद डीजीपी विनय कुमार ने उनके समाधान के लिए पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने एडीजी लॉ एंड ऑर्डर एस. अनुपम को निर्देश दिया कि सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं, ताकि हर तीन महीने में संबंधित जिले के एसपी स्वर्ण कारोबारियों के साथ बैठक करें। इन बैठकों में स्वर्ण कारोबारियों की सुरक्षा, स्थानीय स्तर पर सामने आ रही समस्याओं और पुलिस से जुड़े मामलों पर चर्चा कर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

# गांव की चौखट पर बैंकिंग की नई ताकत बनीं जीविका दीदियां

## 6,700 बैंक सखियों ने बदली ग्रामीण बिहार की बैंकिंग तस्वीर, 23,200 करोड़ रुपये से अधिक का लेन-देन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार के गांवों में बैंकिंग अब केवल बैंक शाखाओं तक सीमित नहीं रही है। कभी बैंक की शाखा तक पहुंचना जहां ग्रामीण महिलाओं के लिए समय, दूरी और सामाजिक झिझक की चुनौती हुआ करता था, वहीं आज जीविका की बैंक सखियां गांव की चौखट पर बैंकिंग सेवाओं की नई पहचान बन चुकी हैं। माइक्रो-एटीएम और डिजिटल बैंकिंग उपकरणों के साथ ये दीदियां न केवल वित्तीय सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। जीविका के अधिकारियों का कहना है कि बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) का बैंक सखी मॉडल ग्रामीण बिहार में वित्तीय समावेशन की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल के रूप में उभरा है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी ये महिलाएं माइक्रो फाइनेंस मैनेजमेंट की हुनर सीखकर आत्मविश्वास के साथ आर्थिक लेन-देन का कारोबार कर रही हैं। छोटी-छोटी बचत के रूप में वह जहां इसका तेजी से प्रचार-प्रसार कर रही हैं वहीं उन्होंने इसे खुद के दिनचर्या में भी शामिल कर लिया है। इन दीदियों को बिजनेस कॉरस्पोंडेंट एजेंट (बीसीए) के रूप में प्रशिक्षित और प्रमाणित कर उन्हें बैंकिंग व्यवस्था और ग्रामीण समुदाय के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में विकसित किया गया है। अगर आंकड़ों पर गौर करें तो वर्तमान में बिहार में 6,771 बैंक सखियां कार्यरत हैं जिनमें से 6,735 बैंक सखियां इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (आईआईबीएफ) से प्रमाणित हैं। मौजूदा समय में राज्य के सभी 38 जिलों, 531 प्रखंडों और 4,688 पंचायतों में बैंक सखी नेटवर्क का विस्तार हो चुका है। इन बैंक सखियों के माध्यम से अब तक 14,33,293 बैंक खाते खोले गए हैं जिसके माध्यम से 23,200 करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय कारोबार हो चुका है।



पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने का जो संकल्प लिया गया था, बैंक सखी मॉडल उसकी एक जीवंत और सफल मिसाल है। बिहार की जीविका दीदियां आज केवल स्वयं सहायता समूहों की सदस्य या लाभार्थी नहीं हैं, बल्कि वे गांव-गांव में सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की सशक्त वाहक बन चुकी हैं। महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को जीविका दीदियों ने जमीन पर साकार किया है। बैंक सखी मॉडल इसका एक जीवंत उदाहरण है। राज्य की 6,700 से अधिक बैंक सखियों ने यह साबित कर दिया है कि अवसर, प्रशिक्षण और संस्थागत सहयोग मिलने पर ग्रामीण महिलाएं न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकती हैं, बल्कि पूरी वित्तीय व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। बैंक सखी मॉडल ग्रामीण बिहार में वित्तीय समावेशन के साथ-साथ महिला उद्यमिता और आत्मनिर्भरता को नई दिशा दे रहा है।

**श्रवण कुमार**
**ग्रामीण विकास एवं जन सम्पर्क मंत्री**

# रोपवे निर्माण में देरी पर डीएम ने जताई नाराजगी

## अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को सुरक्षा मानकों का पालन करने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकबरपुर (रोहतास)।** रोहतास नगर पंचायत क्षेत्र से प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल रोहितेश्वर धाम को जोड़ने के लिए निर्माणाधीन रोपवे का मंगलवार को जिलाधिकारी दीपक कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए उन्होंने काम में हो रही देरी पर नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को निर्धारित समय के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। बताया जाता है कि रोहतास से रोहितेश्वर धाम तक पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से रोपवे का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसके ट्रायल के दौरान पूर्व में तकनीकी समस्या के चलते रोपवे से जुड़ी घटना सामने आ चुकी है। इसके बाद निर्माण कार्य को दोबारा शुरू कराया गया है। ऐसे में जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान निर्माण की गुणवत्ता और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि रोपवे निर्माण में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के साथ-साथ सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से निर्माण की प्रगति की जानकारी भी ली। इसके अलावा जिलाधिकारी ने बरसात के दौरान पहाड़ी क्षेत्र से आने वाले पानी के निकासी मार्ग का भी निरीक्षण किया। पहाड़ से आने वाले पानी के कारण नगर पंचायत के कुछ इलाकों में जलजमाव की समस्या उत्पन्न होने की शिकायत रहती है। इसे देखते हुए डीएम ने पानी के प्राकृतिक बहाव और निकासी के रूट का जायजा लिया तथा जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी के निरीक्षण से संबंधित विभागों में हड़कंप की स्थिति रही। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्यटन सुविधाओं से जुड़े निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

## ब्रिगेडियर देबकुमार सेन ने किया बटालियन का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** गया ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर देबकुमार सेन सोमवार को सासाराम पहुंचे। बटालियन के निरीक्षण से पहले उन्हें क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां तुतला भवानी धाम का भ्रमण कराया गया। इस दौरान धाम के धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व की जानकारी दी गई। इसके बाद ब्रिगेडियर देबकुमार सेन ने बटालियन का निरीक्षण किया। बटालियन पहुंचने पर कैडेटों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। गार्ड ऑफ ऑनर के बाद उन्होंने बटालियन परिसर का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं एवं गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अनूप कुमार, सूबेदार मेजर संतोष कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं स्टाफ मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान कैडेटों के प्रशिक्षण, अनुशासन एवं बटालियन की व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई।

## अज्ञात स्कॉर्पियो की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** थाना क्षेत्र के गोपालपुर और कोनिया टोला के बीच सोमवार की रात एक अज्ञात स्कॉर्पियो ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए नोखा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए सासाराम रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान सासाराम में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात अंजली कुमारी अपने पति मनीष कुमार और बहन के साथ स्कूटी पर सवार होकर सासाराम जा रही थीं। इसी दौरान गोपालपुर और कोनिया टोला के बीच सामने से तेज गति से आ रही एक अज्ञात स्कॉर्पियो ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी सवार सड़क पर गिर गए और अंजली कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घायल महिला को नोखा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अजय प्रताप ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें एंबुलेंस से सासाराम रेफर कर दिया। सासाराम में इलाज के दौरान अंजली कुमारी ने दम तोड़ दिया।

मृतका की पहचान नोखा नगर क्षेत्र के डाक बंगला के समीप रहने वाले रामजी सिंह की पुत्री अंजली कुमारी के रूप में हुई है।

## डीएम ने अधौरा के पहाड़ी गांव में पहुंचकर सुनीं लोगों की समस्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**भभुआ।** डीएम नितिन कुमार सिंह ने मंगलवार को कैमूर जिले के पहाड़ी प्रखंड अधौरा के दिघार पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में पहुंचकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना। सहयोग शिविर के दौरान पहाड़ी गावों के ग्रामीणों ने मुख्य रूप से पेयजल, सड़क निर्माण एवं पुराने का मरम्मत, सोलर लाइट/सौर ऊर्जा, नल-जल योजना, विद्युत आपूर्ति, डिग्री कॉलेज, आंगनबाड़ी भवन, खेल मैदान, सामुदायिक भवन सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जन संवाद में कुल 80 आवेदन प्राप्त हुए। 30 आवेदनों का निष्पादन आन द स्पॉट कर दिया गया, जबकि शेष 50 आवेदनों को डीएम ने संबधित विभागों पास भेजकर प्रथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया।

जन संवाद के दौरान पहाड़ी क्षेत्र में सड़क सहित विभिन्न विकास कार्यों के क्रियान्वयन में वन भूमि से संबंधित मामलों के कारण लंबित रहने की समस्या सामने आई। इस पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि वन भूमि से जुड़े मामलों के समाधान के लिए आगामी समन्वय बैठक में वन क्षेत्र के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वन भूमि से जुड़े विकास कार्यों की सूची एवं लंबित मामलों की अद्यतन जानकारी तैयार रखें, ताकि समन्वय बैठक में प्रभावी ढंग से मामलों का समाधान कराया जा सके।

## अभियंता दिवस पर विश्वेश्वरैया की 165वीं जयंती मनाई गई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पुरानी सिंचाई कॉलोनी स्थित संघ भवन कार्यालय में मंगलवार को महान अभियंता इं. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की 165वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन इं. सुरेंद्र प्रसाद ने किया। समारोह के दौरान उपस्थित अभियंताओं एवं सदस्यों ने इं. विश्वेश्वरैया के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उनके जीवन एवं अभियंत्रण के क्षेत्र में दिए गए योगदान पर प्रकाश डालते हुए संक्षिप्त जीवन परिचय का विमोचन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि इं. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया देश के महान अभियंताओं में शुमार थे। उनके योगदान और कार्यशैली से आज भी अभियंताओं को प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में इं. रामचंद्र प्रसाद, इं. केदारनाथ प्रसाद, इं. महेंद्र राम, इं. सीताराम लाटम, इं. राम नरेश शर्मा, इं. लक्ष्मण सिंह, इं. राजाराम प्रसाद, इं. अभय कुमार सहित अन्य अभियंतागण उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने स्कूल, खाद दुकान सहित कई क्षेत्रों का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी ने मंगलवार को दिनारा प्रखंड में प्रशासनिक सक्रियता दिखाते हुए कई कार्यक्रमों में भाग लिया। सबसे पहले उन्होंने जिला विकास पदाधिकारी, रोहतास के साथ दिनारा के रामलखन इंटरमीडिएट स्कूल और राजकीय मध्य विद्यालय, बिसी कला का निरीक्षण किया जहां उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों, छात्रों की उपस्थिति और मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा बच्चों से सीधे संवाद कर उन्हें नियमित स्कूल आने, मन लगाकर पढ़ने और खेलकूद व रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। वहीं मौजूद प्रखंड विकास पदाधिकारी, ग्रामीणों और आमजनों से स्कूल से जुड़ी समस्याएं व सुझाव भी लिए और स्कूल प्रबंधन को नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाए रखने का निर्देश दिया। इसके बाद एसडीएम ने दिनारा स्थित पटेल खाद भंडार का निरीक्षण किया जहां उन्होंने खाद की उपलब्धता, भंडारण व्यवस्था, बिक्री पंजी और किसानों को निर्धारित दर पर खाद मिलने की स्थिति की जांच की तथा दुकान संचालक को किसानों से तय मूल्य से अधिक राशि नहीं लेने, बिक्री में पारदर्शिता रखने और अभिलेखों को अद्यतन रखने का निर्देश दिया। साथ ही चेतावनी दी कि कालाबाजारी या अधिक दाम वसूली की शिकायत पर कठोर कार्रवाई होगी। इसके बाद एसडीएम की अध्यक्षता में बिक्रमगंज अनुमंडल के सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई जिसमें स्कूलों में शिक्षकों व छात्रों की उपस्थिति, समय-सारिणी के अनुसार पढ़ाई, पेयजल, शौचालय, बिजली और स्वच्छता जैसी सुविधाओं पर चर्चा हुई तथा सभी पदाधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने, लापरवाही न बरतने, कमजोर छात्रों पर विशेष ध्यान देने और पाई गई कमियों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र के लिए रखा निर्जला व्रत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विक्रमगंज/दावथ(रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को हरितालिका तीज का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। भाद्र शुक्ल पक्ष की तृतीया पर सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ 24 घंटे का निर्जला उपवास रखा। सुबह से ही महिलाएं पवित्र सरोवरों में स्नान कर नव वस्त्र धारण कर मंदिरों और घरों में भगवान शंकर और माता पार्वती की विधिवत पूजा में जुट गईं। पूजा के दौरान गुजिया, ऋतुफल और मिठाइयों का भोग लगाया गया जिसके बाद पंडितों से तीज व्रत की कथा सुनी गई। मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए यही कठिन व्रत किया था, इसलिए इस व्रत का विशेष महत्व है। कथा श्रवण के बाद सुहागिनों ने श्रृंगार का सामान, वस्त्र और मिठाइयां दान कीं। प्रखंड के मां आशावरी मंदिर दावथ, बुढ़वा शिव मंदिर दावथ, योगिनी शिव मंदिर और पंच मंदिर समेत कई मंदिरों में सामूहिक कथा का आयोजन किया गया जहां देर रात तक पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। इस पावन पर्व को लेकर बाजारों में भी दिन भर चहल-पहल रही, फल, मिठाई और श्रृंगार की दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी।

## शिक्षा को रोजगार एवं उद्यमिता से जोड़ देखने की विधायक ने दी प्रेरणा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं के स्वागत एवं विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था से परिचित कराने के उद्देश्य से दीक्षारम्भ का समापन कार्यक्रम 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नव प्रवेशी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था के साथ-साथ परीक्षा, छात्रावास, साइबर सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, लैंगिक संवेदनशीलता, अनुशासन एवं विद्यार्थियों को उपलब्ध विभिन्न सहायता सुविधाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह, सलाहकार प्रो. डॉ. महेंद्र कुमार सिंह, प्रबंध निदेशक एवं विधायक, औरंगाबाद त्रिविक्रम नारायण सिंह, कुलसचिव डॉ. कुमार आलोक प्रताप, अकादमिक निदेशक एवं परीक्षा नियंत्रक सुदीप कुमार सिंह तथा रोहतास साइबर क्राइम उपाधीक्षक गौरव कुमार ने मंच साझा कर नव प्रवेशी विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया और उनके उज्ज्वल शैक्षणिक एवं व्यावसायिक भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया। कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की गरिमा, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ अपनी उच्च शिक्षा की यात्रा प्रारंभ करने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार, जिम्मेदारी और समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझने के लिए प्रेरित किया। प्रबंध निदेशक सह विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, विश्वविद्यालय में उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने तथा शिक्षा को रोजगार एवं उद्यमिता से जोड़कर देखने की प्रेरणा दी। साइबर क्राइम उपाधीक्षक गौरव कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, ओटीपी एवं पासवर्ड की सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल शिकायत करने के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों से डिजिटल दुनिया में सतर्क एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह उपस्थित रहे जबकि छात्रावास अधीक्षक प्रो आशुतोष द्विवेदी, आई आई सी समन्वयक डॉ रणजीत, आई सी सी अध्यक्ष डॉ श्वेता शर्मा रैगिंग निषेध समिति अध्यक्ष डॉ मणिकांत कुमार, मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉक्टर राजकुमार एवं छात्र कल्याण डीन डॉ आलोक कुमार ने छात्रों को संबोधित किया।

**AFFIDAVIT**

I, Rajesh Kumar Agrawal, Son of Durga Prasad Agrawal, aged about 46 years, resident of ward no. 16, New Area Jora Mandir, Dehri, PO-Dalmianagar, PS-Dehri, Dist-Rohtas (Bihar) do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

That, I am the father of Ayushi Kumari, who has studied at Gems English School Under Council for the Indian School Certificate Examination (CISCE).

That, my correct name is Rajesh Kumar Agrawal whereas my daughter Educational Records my name has been recorded as "Rajesh Kumar Agarwal"

That my wife correct name is "Ranjita Devi" where as in our daughter educational recorded her name is recorded as "Ranjeeta Devi".

That Rajesh Kumar Agrawal and Rajesh Kumar Agarwal refer to one and the same person, and Ranjita Devi and Ranjeeta Devi refer to one and the same person. The difference is spelling /typographical variations and do not involve any change in identity.

That the correct name of Ayushi Kumari, parents are father Rajesh Kumar Agrawal, Mother Ranjita Devi.

That the statement made above are true and correct.

affidavit no. 16208 date-15.9.26

**Deponent**

**Rajesh Kumar Agrawal**

## अभियंता समाज और राष्ट्र निर्माण की रीढ़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** जल संसाधन विभाग के सभागार में मंगलवार को अभियंता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह ने कहा कि अभियंता समाज और राष्ट्र निर्माण की रीढ़ हैं। अभियंताओं के तकनीकी ज्ञान और परिश्रम से ही बड़ी-बड़ी परियोजनाएं धरातल पर उतरती हैं। उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग की जिम्मेदारी सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण के क्षेत्र में बेहद महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी अभियंता पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करें। उन्होंने युवा अभियंताओं से नवाचार और नई तकनीक को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विभाग के कई कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और कनीय अभियंता मौजूद रहे।

## हिंदी दिवस पर विचार गोष्ठी, हिंदी को बताया संस्कृति और संवेदना की भाषा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** हिंदी दिवस के अवसर पर 14 सितंबर, सोमवार को डिहरी ऑन-सोन के जखी बीघा स्थित लाइट रेलवे कॉलोनी में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ. प्रदीप दुबे के आवास पर आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता प्रोफेसर मृत्युंजय कुमार भट्ट ने की। इसका उद्देश्य हिंदी भाषा और साहित्य के सम्मान तथा उसकी समृद्ध परंपरा पर सार्थक विमर्श करना था। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, संवेदना और सामाजिक सरोकारों की सशक्त अभिव्यक्ति है। हिंदी साहित्य ने हमेशा समाज को विवेक, विचार और नई दिशा दी है। साहित्यकारों ने हिंदी की वैज्ञानिकता, अभिव्यक्ति की व्यापकता और भारतीय संस्कृति के संरक्षण में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही वर्तमान समय में हिंदी की प्रासंगिकता, नई पीढ़ी में हिंदी के प्रति रुचि बढ़ाने और साहित्य को जन-जन तक पहुंचाने पर गंभीर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि हिंदी का सम्मान हमारी पहचान और संस्कृति का सम्मान है। इसे सशक्त बनाने के लिए साहित्यकारों, शिक्षकों और युवाओं को मिलकर काम करना होगा। इस मौके पर कुमार बिंदु, संजय सिंह बाला, मिथिलेश दीपक, प्रो. महेंद्र गुप्ता, प्रो. अजीत कुमार, डॉ. निशांत राज और कीर्तन श्रीवास्तव समेत कई साहित्यप्रेमी मौजूद रहे।

## नेक दिल इंसान थे शंकर चौधरी : धर्मू चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय शिवगंज निवासी एवं पूर्व पार्षद फूलमती देवी के पति राजेंद्र चौधरी के भाई शंकर चौधरी के ब्रह्म भोज के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व पार्षद धर्मू चौधरी ने कहा कि शंकर चौधरी सीधे-सादे और नेकदिल इंसान थे। उनके जीवन में किसी से विवाद या शिकायत की बात कभी सामने नहीं आई। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई संभव नहीं है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: सिग_डब्ल्यू_5_पॉलिसी; दिनांक 14.09.2026;** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_26-27_20_ओटी; कार्य का नामः** (क) ऋषिकुंड एवं सारोबाग स्टेशनों में प्रथम एफओबी के प्रावधान के संबंध में एस एंड टी का आंकलन। (ख) बीजीपी स्टेशन में उसी एफओबी पर पीएफ सं. 1 एवं पीएफ सं. 2 एवं 3 पर 2 अदद लिफ्टों के साथ वर्तमान सीढ़ी के प्रावधान के संबंध में एस एंड टी कार्य का आंकलन। (ग) एईएन/बीजीपी के अधीन टीकेएलई, डीडब्ल्यूएलई, बीएचएलई एवं बीआरपीएस स्टेशनों का उन्नयन तथा बीजीपी-डीयूएमके अनुभाग में अन्य यात्री सुविधाओं का प्रावधान। (घ) जीजेडएम, जेएमक्यू, केटीजे, सीएमएक्स में पीएफ सतह, पानी के बूथ, स्टेशन भवनों के सुधार के साथ जल आपूर्ति तथा निकासी सुविधाओं का सुधार। (ङ) नोआपाड़ा, एमपीएलई, एमपीएलआर, पीआरडीजी, बीएचडब्ल्यू, टीपीएच में पीएफ सतह, पानी के बूथ, स्टेशन भवनों के सुधार के साथ जल आपूर्ति तथा निकासी सुविधाओं का सुधार। (च) मालदा के ऑफिसर्स रेलवे कॉलोनी के लिए सीसीटीवी कैमरा का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 1,22,15,446.28। **बयाना राशिः** रु. 2,44,300। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समयः** दिनांक 21.09.2026 से 05.10.2026 को 11.00 बजे तक। **वेबसाइट विवरण एवं सूचना पट्टः** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** सूचना पट्टः सीनियर डीएसटीई कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा। (MLD-193/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. ओ-एसी-टी-135 से 138-26-27 (ओपन), दिनांक 14.09.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, केस सं.: ओ-एसी-टी-135-26-27; कार्य का नामः** डीईएन/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/2/यूडीएल अनुभाग में एलसी गेट लॉजों की मरम्मत, नवीनीकरण तथा एलसी गेटों पर अन्य विविध बुनियादी सुविधाओं के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 79,71,762.40। **बयाना राशिः** रु. 1,59,400; **क्रमांक 2, केस सं.: ओ-एसी-टी-136-26-27; कार्य का नामः** मंडल अभियंता/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में एईएन/1/अंडाल के अधीन ईस्टर्न रेलवे हाई स्कूल, अंडाल के पुरानी स्कूल इमारतों के साथ शौचालयों के सम्पूर्ण नवीनीकरण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 45,19,488.29। **बयाना राशिः** रु. 90,400; **क्रमांक 3, केस सं.: ओ-एसी-टी-137-26-27; कार्य का नामः** सीनि. डीईएन/1/एएसएन के अधीन एईएन/एचक्यू/एएसएन के अधिकार क्षेत्र में स्टेशन महोत्सव के संबंध धरोहर इमारत के बुनियादी सुधार के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 52,44,938.65। **बयाना राशिः** रु. 1,04,900; **क्रमांक 4, केस सं.: ओ-एसी-टी-138-26-27; कार्य का नामः** एईएन/एमडीपी के अधीन यार्ड निकासी व्यवस्था के प्रावधान तथा अन्य आनुषंगिक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 6,58,59,608.14। **बयाना राशिः** रु. 13,17,200; **कार्य हेतु समापन अवधिः** 9 महीने (क्रम सं. 1 के लिए), 4 महीने (क्रम सं. 2 एवं 3 के लिए) तथा 12 महीने (क्रम सं. 4 के लिए)। **बंद होने की तारीख एवं समयः** 12.10.2026 को 12.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www. ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (ASN-260/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## बैरक में घुसकर जातिसूचक गाली व जान से मारने की धमकी का आरोप

### बीएसएपी-2 के सिपाही ने कई पुलिसकर्मियों समेत अन्य लोगों पर लगाया गंभीर आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** बीएसएपी-2 डिहरी में पदस्थापित सिपाही रवि शशि कुमार ने अनुसूचित जाति/जनजाति थाना में आवेदन देकर अपनी ही वाहिनी के कुछ पुलिसकर्मियों एवं अन्य लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सिपाही का आरोप है कि नौ सितंबर की देर रात उनके बैरक के कमरे का दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया गया और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी गई। इसी दौरान खिड़की के रास्ते कमरे में रखे लाखों रुपये मूल्य के सोने के आभूषण और जरूरी दस्तावेज लेकर आरोपित फरार हो गए। सिपाही के अनुसार घटना नौ सितंबर की रात करीब 11:20 बजे की है। वह वाहिनी के प्रोवोस्ट कार्यालय के पीछे स्थित पुलिस बैरक के कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने कमरे का दरवाजा जोर-जोर से पीटना और धक्का देना शुरू कर दिया। आरोप है कि बाहर से जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की गई तथा नौकरी नहीं करने देने और जान से मारने की धमकी दी गई।

**ईंट और लाठी लगाकर दरवाजा किया मजबूत**

रवि शशि कुमार ने आवेदन में बताया कि भय के कारण उन्होंने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर ईंट, लाठी और बांस आदि का सहारा देकर उसे मजबूत कर लिया। इसके बाद परिजनों एवं संबंधित लोगों को फोन कर घटना की जानकारी दी। उन्होंने कथित बातचीत की रिकॉर्डिंग किए जाने की बात भी आवेदन में कही है।

सिपाही का आरोप है कि कुछ लोग दरवाजे के पीछे से हटकर कमरे की खिड़की के पास पहुंचे और खिड़की पर रखी अटैची से सोने की चेन, ब्रासलेट, दो अंगूठियां तथा जरूरी दस्तावेज निकालकर फरार हो गए। उन्होंने करीब दो भर की सोने की चेन, डेढ़ भर के आसपास का ब्रासलेट और करीब एक भर की दो अंगूठियां चोरी होने की बात कही है। आवेदन में आभूषणों की कीमत लाखों रुपये बताई गई है।

**डायल-112 और इंद्रपुरी पुलिस को दी सूचना**

घटना के बाद सिपाही ने डायल-112 को सूचना देने की बात कही है। उनके अनुसार 112 की टीम मौके पर पहुंची जिसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी दी। इसके बाद इंद्रपुरी थाना पुलिस को भी सूचना दी गई और पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे।

## गुनसेज पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल के दिनारा प्रखंड अंतर्गत गुनसेज पंचायत में मंगलवार को आयोजित सहयोग शिविर में अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज ने भाग लिया और वहां उपस्थित आवेदकों तथा आमजनों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं, मांगों और आवश्यकताओं की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने शिविर में आए लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी और विकासात्मक योजनाओं के बारे में सरल भाषा में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए क्या पात्रता होनी चाहिए तथा आवेदन की प्रक्रिया क्या है। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, इसलिए सभी पात्र लोग आगे आकर योजनाओं से जुड़ें। उन्होंने शिविर में मौजूद संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों और जनसमस्याओं का ससमय और पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी पात्र लाभुक को अनावश्यक परेशानी न हो और उसे सुगमता से योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि आम लोगों के साथ संवेदनशील व्यवहार करें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करें। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी ने आमजनों से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं की सही जानकारी प्राप्त करें। पात्रता के अनुसार उनका लाभ उठाएं और यदि किसी प्रकार की कठिनाई या समस्या आती है तो संबंधित पदाधिकारी या कार्यालय से बिना झिझक संपर्क करें।

# 38वीं बिहार बटालियन एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नालंदा।** 38वीं बिहार बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार, 38 बिहार बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजेश बहरी तथा उप कमान अधिकारी कर्नल अजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। समारोह को संबोधित करते हुए कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजेश बहरी एवं उप कमान अधिकारी कर्नल अजय कुमार ने सभी कैडेटों का स्वागत किया। उन्होंने संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के उद्देश्यों और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम है। एनसीसी के माध्यम से कैडेटों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रीय एकता, आत्मविश्वास और सेवा भावना का विकास होता है। उन्होंने कैडेटों से शिविर के दौरान होने वाली विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों में पूरी लगन और अनुशासन के साथ भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि एनसीसी केवल एक यूनिफॉर्म नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, देशभक्ति और नेतृत्व की ट्रेनिंग है। मंत्री ने कहा कि कैडेटों के प्रशिक्षण के दौरान केवल उनकी शारीरिक क्षमता ही नहीं, बल्कि उनके व्यवहार, टीम वर्क और देश के प्रति समर्पण को भी देखा जाएगा। उन्होंने कैडेटों को पूरी मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ शिविर में भाग लेने की सलाह देते हुए कहा कि मेहनत का परिणाम हमेशा बेहतर होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के समग्र विकास और कौशल उन्नयन के लिए लगातार प्रयासरत है। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कैडेटों को संबोधित करते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण और सामाजिक सुधार में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# मंत्री श्रवण कुमार व सांसद कौशलेंद्र कुमार ने चयनित युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग की ओर से जिला नियोजन कार्यालय परिसर, बिहारशरीफ में नियोजन सह व्यवसायिक मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन सूचना एवं जनसंपर्क सह ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। रोजगार की तलाश में बड़ी संख्या में युवा मेले में पहुंचे।मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों की ओर से 25 स्टॉल लगाए गए थे। यहां अभ्यर्थियों को कंपनियों में उपलब्ध पदों, कार्यक्षेत्र, योग्यता, वेतन और रोजगार से जुड़ी अन्य जानकारियां दी गईं। चयन प्रक्रिया के बाद मंत्री और सांसद ने चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। नियुक्ति पत्र मिलने पर युवाओं में उत्साह देखने को मिला।इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। पिछले तीन वर्षों में जिले में 11 नियोजन मेलों का आयोजन किया गया है, जिनके माध्यम से हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं। मंगलवार के मेले में भी एक हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है।उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि बिहार के युवाओं को अपने राज्य में ही रोजगार मिले। हालांकि, राज्य से बाहर बेहतर अवसर मिलने पर युवाओं को उसे भी स्वीकार करना चाहिए। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने भी चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए अपनी योग्यता और कौशल के अनुरूप रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने की अपील की।मेले में रोजगार के साथ व्यवसायिक मार्गदर्शन भी दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को निजी कंपनियों से जोड़ने के साथ उन्हें बेहतर करियर विकल्प चुनने में सहायता करना है। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी आशिफ बकास, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी मनीष कुमार, पंकज यादव समेत अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

## एक नजर

### हत्या के आरोपित कोर्ट ने किया सरेंडर

**बिहारशरीफ।** खुदागंज थाना क्षेत्र के चंद्रसाई नाला पर गांव निवासी हत्या के आरोपित विकास कुमार उर्फ विकास यादव ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस द्वारा कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की तैयारी किए जाने के बाद आरोपित ने कोर्ट में सरेंडर किया। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार गहलोत ने बताया कि 27 जुलाई को खरभुआ खुर्द गांव में सन्नी पासवान की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में विकास कुमार उर्फ विकास यादव आरोपित था। न्यायालय से आरोपित के खिलाफ कुर्की-जब्ती का आदेश प्राप्त हुआ था। आदेश के अनुपालन में पुलिस आरोपित के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई करने पहुंची थी। पुलिस के पहुंचने की जानकारी मिलते ही आरोपित ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया।

### पानी में मिले दो युवकों के शव

**बिहारशरीफ।** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पानी से दो युवकों के शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। दोनों शवों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शवों को सुरक्षित रख दिया है और पहचान कराने में जुटी है। अस्थावां थाना क्षेत्र के नेपुरा गांव के समीप नदी से करीब 30 वर्षीय युवक का शव बरामद किया गया। स्थानीय लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।इधर, दीपनगर थाना क्षेत्र के बिजवन गांव के समीप खेत के गड्ढे में जमा पानी से एक युवक का शव बरामद हुआ। इस शव की भी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजने के बाद पहचान के लिए सुरक्षित रख लिया है। पुलिस दोनों मामलों में शवों की पहचान कराने के साथ यह पता लगाने में जुटी है कि युवक पानी में कैसे पहुंचे। पहचान होने के बाद ही दोनों घटनाओं से जुड़े अन्य पहलुओं का खुलासा होने की उम्मीद है।

### दो बंद घरों से लाखों के जेवर व नकद चोरी

**बिहारशरीफ।** सिलाव थाना क्षेत्र में चोरों ने एक ही रात आसपास स्थित दो बंद मकानों को निशाना बनाकर करीब 22 लाख रुपये के सोने के जेवरात और 98 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। दोनों परिवार करीब एक सप्ताह पहले कंपनी के टूर पर नैनीताल गए थे। मंगलवार को घर लौटने पर कमरों में सामान बिखरा देखकर चोरी का पता चला। घटना के बाद इलाके में दहशत है और पुलिस की गश्ती व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।चोरी की वारदात भूई गांव से पूरब दुलरुआ बिगहा के समीप सुधीर महतो और दुलरुआ बिगहा गांव में संतोष पांडेय के घर हुई। सूचना पर सिलाव थाना पुलिस स्वान दस्ते के साथ पहुंची और जांच शुरू की। संतोष पांडेय ने बताया कि उनके घर से 80 हजार रुपये नकद और पत्नी-बच्चों के करीब 12 लाख रुपये के सोने के जेवर चोरी हुए हैं। वहीं, सुधीर महतो के घर से 18 हजार रुपये नकद तथा करीब 10 लाख रुपये के जेवरात गायब हैं। इनमें सोने की चेन, मंगलसूत्र, कान की बाली, नथुनी और बच्चों के लॉकेट शामिल हैं। गृहस्वामियों के अनुसार, बाहर से दरवाजा सही-सलामत था। आशंका है कि चोर बांस के सहारे घर में दाखिल हुए और इत्मीनान से वारदात को अंजाम दिया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि चोरी की सूचना मिली है। अभी लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### दूसरे की जमीन दिखाकर हड़पे 3.21 लाख, केस दर्ज

**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना क्षेत्र के मथुरिया मोहल्ला निवासी मुरारी कुमार से जमीन के नाम पर 3.21 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने बताया कि वह मानपुर के सिंघ गांव निवासी कौशलेंद्र कुमार से दीपनगर के कोसुक में दो डिसमिल जमीन खरीद रहे थे। जमीन के लिए उन्होंने आरोपित को अलग-अलग किस्तों में 3.21 लाख रुपये दिए और एग्रीमेंट भी कराया। कुछ दिन बाद जब वे उक्त जमीन को देखने गए तो पता चला कि वह जमीन किसी दूसरे ग्रामीण की है। ठगी का एहसास होने पर उन्होंने आरोपित से रुपये वापस मांगे, लेकिन उसने लौटाने से साफ इंकार कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने थाने में शिकायत दी। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस अग्रेतर कार्रवाई

# पाटलिपुत्र खेल परिसर में एसयू कॉलेज हिलसा का जलवा, एथलेटिक्स में मेडल की बरसात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हिलसा।** पाटलिपुत्र खेल परिसर, कुम्हरार में आयोजित अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता-2026 में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई एसयू कॉलेज हिलसा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में कॉलेज के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कॉलेज के खेल प्रभारी डॉ. रविन्द्र साह ने बताया कि छात्रा तनु कुमारी ने हाई जंप में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और दो रजत पदक हासिल किए। वहीं 4400 मीटर बाधा दौड़ में आयुष कुमार ने रजत पदक जीता। रिले रेस में तनु कुमारी, सोनाली कौर और प्रिया कुमारी की टीम ने दो रजत और एक कांस्य पदक जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया। 1500 मीटर दौड़ में पंकज कुमार ने कांस्य पदक हासिल किया।खेल प्रभारी ने बताया कि वर्ष 2025 के एथलेटिक आयोजनों में भी कॉलेज के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया था। इस बार कॉलेज ऑफ कॉमर्स आर्ट्स एंड साइंस, एएन कॉलेज, टीपीएस कॉलेज पटना, बीएन कॉलेज समेत कई प्रतिष्ठित कॉलेजों के खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद एसयू कॉलेज के खिलाकडयों ने शानदार सफलता हासिल की। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) शिवचंद्र सिंह ने विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए जल्द ही सम्मान समारोह आयोजित करने की घोषणा की। कॉलेज परिवार और छात्र संघ के सदस्यों ने खिलाड़ियों व खेल प्रभारी को बधाई दी। सफलता के बाद कॉलेज परिसर समेत खिलाड़ियों के गांवों में खुशी का माहौल है।

# बराह और कोलावां पंचायतों में लगा सहयोग शिविर, 51 मामलों का मौके पर निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हरनौत।** प्रखंड क्षेत्र की बराह और कोलावां पंचायत में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व, आवास, ग्रामीण विकास, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और पंचायती राज समेत विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए, जिनमें कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। शेष आवेदनों को जांच व कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। बराह पंचायत के बराह गांव स्थित पंचायत सरकार भवन में आयोजित शिविर का डीसीएलआर डॉ. साकेत कुमार रंजन ने निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के काउंटरों पर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को आवेदनों का समय पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। मुखिया प्रतिनिधि कमलेश कुमार उर्फ पिंटू कुमार ने बताया कि यहां कुल 57 मामले आए, जिनमें 51 का मौके पर ही समाधान किया गया।वहीं, कोलावां पंचायत के पंचायत भवन में आयोजित शिविर में राजस्व विभाग के 26 में दो मामलों का निष्पादन हुआ। आवास के पांचों, जीविका का एक, पंचायती राज के आठों और स्वास्थ्य विभाग के सभी 32 आवेदनों का मौके पर समाधान किया गया। लंबित मामलों को पोर्टल पर दर्ज कर संबंधित विभागों को भेजा गया।शिविर में पीएचईडी जेई सुप्रिया कुमारी, बीईओ तारकेश्वर राम, पंचायत सचिव विजय पासवान समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पंचायतों में पहुंचा प्रशासन, 53 आवेदनों का मौके पर निष्पादन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान और पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नालंदा जिले में पंचायत स्तर पर सहयोग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सिलाव प्रखंड की माहुरी पंचायत में जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में शिविर लगाया गया। यहां कुल 34 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें ग्रामीण विकास विभागध्मनरेगा के 15, बंदोबस्ती पर्चा के 14, पंचायती राज के एक और आपूर्ति विभाग के चार आवेदन शामिल थे। सभी आवेदनों का मौके पर ही त्वरित निष्पादन किया गया। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान का निर्देश दिया। शिविर में लाभुकों को प्रमाण-पत्र और स्वीकृति संबंधी दस्तावेज भी उपलब्ध कराए गए। विभिन्न विभागों के काउंटर लगाए जाने से ग्रामीणों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली। वहीं, अपर समाहर्ता राजीव रंजन कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सब्बैत पंचायत में आयोजित शिविर में 19 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें ग्रामीण विकासध्मनरेगा के सात, अंचल कार्यालय के 10 और पंचायती राज विभाग के दो आवेदन थे। सभी 19 आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया। अपर समाहर्ता ने कहा कि अब लोगों को काम के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। पंचायत में ही समस्या का समाधान उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशासन का लक्ष्य सरकारी सेवाओं और योजनाओं को जनता की दहलीज तक पहुंचाना है।

## नवादा

# जिलाधिकारी ने की द्वितीय अपील की सुनवाई, मामलों का ऑन-द-स्पॉट निबटारा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील के मामलों की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान द्वितीय अपील के तहत कुल सात परिवादी उपस्थित हुए। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन एवं उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर मामलों की सुनवाई करते हुए सभी सात मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण किया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपीलवादों में संजीव कुमार प्रसाद द्वारा अतिक्रमण, चंद्र मौलेश्वर द्वारा जमाबंदी, अविनाश कुमार द्वारा दाखिल-खारिज, चंदन कुमार द्वारा अवैध खनन तथा पंकज कुमार द्वारा अतिक्रमण से संबंधित मामलों में ऑनलाइन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा मामलों की जांच कर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराए जाने के उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा आज इन मामलों की सुनवाई की गई तथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए परिवादों का निवारण किया गया। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित एवं समयबद्ध निवारण की व्यवस्था की गई है। अधिनियम के तहत किसी मामले की सुनवाई कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर उसका निवारण किया जाता है। शिकायतों की सुनवाई के दौरान संबंधित दोनों पक्षों को बुलाकर उनका पक्ष सुना जाता है तथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं जांच प्रतिवेदन के आधार पर नियमानुसार निर्णय लिया जाता है। प्रखंड स्तर पर पंचायतों से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के समाधान हेतु अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत अथवा अपील दर्ज करा सकता है। वहीं, जिलास्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है।
लोक शिकायत निवारण की प्रक्रिया में किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है।

# करंट से एक की मौत, दो घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मंगलवार को बिजली के करंट ने भारी तबाही मचाई। पेस पंचायत के पचेया गांव में खेत में काम करने के दौरान पोल के संपर्क में आने से 40 वर्षीय किसान गरीबन यादव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दो अन्य घटनाओं में एक युवक और एक 10 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से झुलस गए, जिनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, पचेया गांव निवासी स्व. सुरेश यादव का पुत्र गरीबन यादव आहर के पास स्थित अपने धान के खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान वह पास ही स्थित बिजली के पोल के संपर्क में आ गया। पोल में अर्थिंग या लीकेज के कारण तेज करंट प्रवाहित हो रहा था, जिसकी चपेट में आते ही वह अचेत होकर गिर पड़ा। आसपास काम कर रहे लोगों के शोर मचाने पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हुई। परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नारदीगंज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक गरीबन यादव अपने चार भाइयों में सबसे बड़ा था और घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। उसके चार छोटे-छोटे बच्चे (दो पुत्र व दो पुत्री) हैं। बीते वर्ष ही उसके मंझले भाई की हार्ट अटैक से मौत हुई थी, जबकि पिता का निधन वर्षों पहले हो चुका है। इस हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही एसआई अभिषेक कुमार पुलिस बल के साथ सीएचसी पहुंचे और कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। स्थानीय मुखिया शशिभूषण कुमार उर्फ वेणु यादव ने सीएचसी पहुंचकर शोक-संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और निजी स्तर पर आर्थिक सहायता प्रदान की। मुखिया व स्थानीय ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी एवं आपदा प्रबंधन विभाग से पीड़ित परिवार को तत्काल उचित मुआवजा देने की मांग की है। करंट की चपेट में आने की दो अन्य घटनाएं भी सामने आईं। भट्ट बिगहा के वंचु मांझी का 25 वर्षीय पुत्र भीम कुमार नारदीगंज में मजदूरी के दौरान करंट लगने से जख्मी हो गया। नारदीगंज बाजार के मोइजाद का 10 वर्षीय पुत्र सोनू घर में बिजली का प्लग लगाते समय करंट की चपेट में आ गया। दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी नारदीगंज में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# उर्वरक विक्रेताओं के लिए समेकित पोषक तत्व प्रबंधन प्रशिक्षण का समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कौआकोल।** प्रखंड के सोखोदेवरा जेपी आश्रम परिसर स्थित राजेंद्र भवन में उर्वरक विक्रेताओं के लिए समेकित पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर आयोजित 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन प्रमाणपत्र वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि उर्वरक विक्रेताओं को केवल विक्रेता की भूमिका तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें कृषि तकनीकी सलाहकार के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समेकित पोषक तत्व प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को किसानों तक पहुंचाने और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने का आह्वान किया।
कृषि वैज्ञानिकों ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों और उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को वैज्ञानिक उर्वरक प्रबंधन के महत्व को समझने तथा इसे खेत स्तर पर लागू करने के लिए प्रेरित किया। कोर्स संचालक डॉ. शशांक शेखर ने कहा कि उर्वरक विक्रेता किसानों के सबसे पहले संपर्क बिंदु होते हैं। ऐसे में उनका तकनीकी रूप से दक्ष होना अत्यंत आवश्यक है। प्रसार वैज्ञानिक अंगद कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में नालंदा, नवादा, गया, शेखपुरा, जमुई, अररिया और पूर्णिया सहित विभिन्न जिलों के कुल 60 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह, रजत रंजन, फार्म प्रबंधक सुमिताप रंजन, सहयोगी पिंटू पासवान, श्रवण कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# विभिन्न पंचायतों एवं नगर निकायों के वार्डों में आयोजित हुए 'सहयोग शिविर'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नवादा जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों तथा नगर निकायों के विभिन्न वार्डों में 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया गया। बिहार सरकार द्वारा संचालित 'सहयोग शिविर' आम नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराने की दिशा में एक प्रभावी पहल है। इसके माध्यम से आमजनों की समस्याओं एवं आवेदनों का स्थानीय स्तर पर निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है।
प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को जिले के पंचायतों एवं नगर निकायों के वार्डों में सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पहुंचाने के साथ-साथ आम नागरिकों से आवेदन प्राप्त कर उनके निष्पादन की प्रक्रिया को भी सुगम बनाया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा 'सहयोग शिविर' पोर्टल भी प्रारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक अपनी शिकायत अथवा आवेदन ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का अधिकतम 30 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। इससे नागरिकों को अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन दर्ज कराने में सुविधा होगी तथा मामलों के समयबद्ध निष्पादन की व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा सकेगा। इसी क्रम में नवादा सदर प्रखंड के कादिरगंज, सिरदला प्रखंड के धिरौंध, गोविंदपुर प्रखंड के माधोपुर, नारदीगंज प्रखंड के कोसला, पकरीबरावां प्रखंड के उकौड़ा, कौआकोल प्रखंड के सरौनी, अकबरपुर प्रखंड के तेयर, वारिसलीगंज प्रखंड के हाजीपुर, रजौली प्रखंड के मुरहेना, नरहट प्रखंड के खनवां, हिसुआ प्रखंड के चितरघट्टी, मेसकौर प्रखंड के मिर्जापुर, रोह प्रखंड के छनौन तथा काशीचक प्रखंड के चण्डीनावां पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा आम नागरिकों एवं लाभुकों से प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निष्पादन किया गया। पात्र लाभुकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया तथा स्वीकृत मामलों के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण भी किया गया।

# सरौनी पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखंड के सरौनी पंचायत अंतर्गत पंचायत भवन में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। बीपीआरओ शमा बानो ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन,आवास योजना, आय, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं से संबंधित आवेदन बनाये गए अलग अलग काउंटरों पर जमा किए। संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन करते हुए कई मामलों का तत्काल समाधान किया,जबकि शेष आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर प्रखण्ड के वरीय पदाधिकारी सह जिला योजना पदाधिकारी विनय कुमार ने निष्पादित आवेदनों से संबंधित स्वीकृति पत्र तथा नए राशन कार्ड पात्र लाभुकों के बीच वितरित किए। साथ ही उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन करना सुनिश्चित करें तथा किसी भी पात्र लाभुक को सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दें। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए सही एवं पूर्ण जानकारी के साथ आवेदन करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर प्रशासन से संपर्क करें। मौके पर सीओ चंदन चौधरी, बीइओ अजित कुमार, मनरेगा पीओ असलम हुसैन, सीडीपीओ अंजली कुमारी, एमओ आशुतोष रंजन समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

### सौहार्दपूर्ण माहौल में पूजा करने की अपील

**नवादा।** आगामी गणेश पूजा एवं विश्वकर्मा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को नवादा जिला अनुमंडल शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नवादा अनुमंडल पदाधिकारी अमित अनुराग ने की। बैठक में रजौली एसडीओ, सदर डीएसपी सहित शांति समिति के सदस्य एवं विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने आगामी पूजा आयोजनों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि सभी पूजा समितियां निर्धारित नियमों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से धार्मिक आयोजन करें। किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा विवादित गतिविधि से बचने की अपील की गई। बैठक में शांति समिति के सभी सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव एवं मंतव्य रखे। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी। भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा अफवाह फैलाने वाली पोस्ट एवं संदेशों पर निगरानी रखी जाएगी।

### कन्या शिशु जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ



**नवादा।** महिला एवं बाल विकास निगम, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत सदर अस्पताल, नवादा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रोह में कन्या शिशु जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कन्या शिशु के जन्म को उत्सव के रूप में मनाने, बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने तथा समाज में बेटियों के जन्म को सम्मान एवं प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से परिवार एवं समुदाय को यह संदेश दिया जा रहा है कि बेटियां परिवार, समाज एवं राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं तथा उन्हें जन्म से ही समान अवसर, सम्मान एवं अधिकार मिलना चाहिए। कन्या शिशु जन्मोत्सव कार्यक्रम 15.09.2026 से 19.09.2026 तक नवादा जिले के सभी 14 प्रखंडों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जन्म से 03 माह तक की कन्या शिशुओं के साथ जन्मोत्सव मनाया जाएगा तथा उनके अभिभावकों को बालिका के जन्म, स्वास्थ्य, पोषण एवं उसके उज्ज्वल भविष्य के प्रति जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान नवजात कन्या शिशुओं को बेबी किट का वितरण भी किया जाएगा। इसके साथ ही अभिभावकों को बालिका के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, सुरक्षा एवं अधिकारों से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की जाएगी। अभिभावकों को बालिकाओं के समुचित पालन-पोषण एवं विकास के लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं के बारे में भी जागरूक किया जाएगा।

### 19 सितंबर को शिक्षा, रोजगार और जीवन पर विशेष कार्यशाला

**नवादा।** चेतना सोशल लाइब्रेरी, गोनावां, नवादा में विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला 19 सितंबर 2026 (शनिवार) को दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगी। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार के अवसरों तथा बेहतर भविष्य की तैयारी के संबंध में व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करना है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पढ़ाई और परीक्षा की तैयारी के बीच संतुलन बनाने के साथ-साथ भविष्य में उपलब्ध विभिन्न अवसरों की जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला में विशेषज्ञ एवं मेंटर के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. कुमार राहुल उपस्थित रहेंगे। वे विद्यार्थियों को शिक्षा और करियर के सही दिशा-निर्देशन के साथ प्रभावी अध्ययन पद्धति, परीक्षा की तैयारी की रणनीति, समय प्रबंधन तथा रोजगार के विभिन्न अवसरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देंगे। इसके अलावा विद्यार्थियों को जीवन में पढ़ाई, परीक्षा और व्यक्तिगत विकास के बीच संतुलन बनाए रखने, विश्लेषणात्मक सोच विकसित करने तथा अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# चार साल में करीब चार गुना बढ़े पर्यटक, इस वर्ष 50 लाख के आने की संभावना

## पितृपक्ष मेले में 9.40 लाख से बढ़कर 34.79 लाख पहुंची पर्यटकों की संख्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** गयाजी में पितरों के मोक्ष की कामना लेकर उमड़ने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पिछले चार वर्षों में पितृपक्ष मेले में आने वाले पर्यटकों की संख्या करीब 4 गुना बढ़ी है। वर्ष 2022 में 9.40 लाख पर्यटकों की संख्या दर्ज की गई थी जो 2025 में बढ़कर 34.79 लाख तक पहुंच गई। पर्यटन विभाग ने इस वर्ष करीब 50 लाख लोगों के संभावित आगमन को ध्यान में रखते हुए गयाजी से पुनपुन तक व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। 25 सितंबर से शुरू होने वाले पितृपक्ष मेले में पर्यटकों को आवास, परिवहन, पिंडदान, भोजन और पर्यटन से जुड़ी सुविधाएं एक साथ उपलब्ध कराने की योजना है।

**9.40 लाख से 34.79 लाख तक पहुंची संख्या**

पितृपक्ष मेले में लोगों की बढ़ती संख्या पिछले चार वर्षों के आंकड़ों से साफ दिखाई देती है। वर्ष 2022 में कुल 9 लाख 40 हजार पर्यटक गयाजी पहुंचे थे। इनमें 9 लाख 38 हजार देशी और 1518 विदेशी पर्यटक शामिल थे। वर्ष 2023 में संख्या बढ़कर 29 लाख 89 हजार हो गई जिसमें 29 लाख 6 हजार देशी और 82 हजार विदेशी पर्यटक थे। वर्ष 2024 में कुल 30 लाख 59 हजार पर्यटक पहुंचे जिनमें 29 लाख 04 हजार देशी और 1 लाख 55 हजार विदेशी पर्यटक शामिल रहे। इसके बाद वर्ष 2025 में फिर बड़ी वृद्धि हुई और कुल 34 लाख 79 हजार पर्यटक गयाजी पहुंचे। इनमें 34 लाख 77 हजार देशी और 1807 विदेशी पर्यटक शामिल थे।

**इस वर्ष 50 लाख लोगों के आने की संभावना**

लोगों की संभावित संख्या में बढ़ोतरी को देखते हुए इस बार व्यवस्थाओं का दायरा भी बढ़ाया गया है। गयाजी में 2500 बेड की आधुनिक टेंट सिटी तैयार की जा रही है। इसके साथ ही 1000 बेड की आधुनिक धर्मशाला की व्यवस्था होगी। पुनपुन घाट पर एक साथ करीब 5000 लोगों के बैठने की क्षमता वाला पंडाल तैयार किया जा रहा है।

**सूचना केंद्र, हेल्पलाइन और ई-रिक्शा से आसान होगी यात्रा**

मेले में आने वाले पर्यटकों को रास्ते, आवास, पिंडदान स्थल और अन्य सुविधाओं की जानकारी आसानी से उपलब्ध कराने के लिए पर्यटक सूचना केंद्र और विशेष हेल्पलाइन की व्यवस्था की जा रही है। स्थानीय आवागमन को सुगम बनाने के लिए ई-रिक्शा की सुविधा तथा पर्यकों को धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी देने के लिए प्रशिक्षित गाइड उपलब्ध रहेंगे। होटल और धर्मशालाओं में ठहरने की व्यवस्था को भी मजबूत किया जा रहा है।

# विष्णुपद मंदिर क्षेत्र के विकास और सोन-फल्गु नदी जोड़ योजना को मंजूरी ऐतिहासिक कदम : मांझी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बिहार सरकार द्वारा गयाजी के विष्णुपद मंदिर परिक्षेत्र के समग्र विकास और सोन-फल्गु नदी जोड़ योजना के लिए कुल 3,516 करोड़ 5 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दिए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और बिहार सरकार का आभार जताते हुए कहा कि विष्णुपद मंदिर परिक्षेत्र का काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर विकास गयाजी के धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि विष्णुपद मंदिर परिक्षेत्र के विकास पर 2,520 करोड़ रुपये तथा सोन-फल्गु नदी जोड़ योजना पर 996 करोड़ 5 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। दोनों परियोजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति मिलना गयाजी के विकास के प्रति एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मांझी ने कहा कि विष्णुपद क्षेत्र के योजनाबद्ध एवं आधुनिक विकास से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और गयाजी को विश्वस्तरीय धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। इससे पर्यटन, स्थानीय व्यापार, रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा होटल, परिवहन, खान-पान, हस्तशिल्प और स्थानीय बाजार को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सोन-फल्गु नदी जोड़ योजना फल्गु नदी के संरक्षण और जल उपलब्धता की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। दोनों परियोजनाएं गयाजी के धार्मिक एवं भौतिक विकास को नई गति देंगी और प्राचीन विरासत को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने का नया अध्याय शुरू करेंगी। मांझी ने उम्मीद जताई कि परियोजनाएं समयबद्ध तरीके से पूरी होंगी और गयाजी धार्मिक पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर और मजबूती से स्थापित होगा।

# लोगों को बेहतर इलाज मिले, यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता : वैभव चौधरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** राज्य आयुष समिति, बिहार द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से मांसपेशी एवं कंकाल संबंधी विकारों से संबंधित स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट गाइडलाइन (एसटीजी) पर दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से शुरू किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन वैभव चौधरी, कार्यपालक निदेशक मो. शफीक, प्रशासी पदाधिकारी ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से मांसपेशी एवं कंकाल संबंधी विकारों के उपचार में मानकीकरण, गुणवत्ता एवं उपचार की एकरूपता सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के सभी जिलों से आए होम्योपैथिक चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान चिकित्सकों को मांसपेशी एवं कंकाल संबंधी विकारों की उचित पहचान, रोग का आकलन, स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट गाइडलाइन (एसटीजी) के अनुरूप उपचार, नवीनतम उपचार पद्धतियों एवं आवश्यक रेफरल प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक, राज्य आयुष समिति, बिहार, वैभव चौधरी ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल चिकित्सकों को नई जानकारी उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उसका लाभ सीधे मरीजों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि लोगों का बेहतर तरीके से इलाज हो, यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद इसके प्रभाव का आकलन करने के लिए सभी जिलों में फील्ड विजिट कर मरीजों एवं आम लोगों से फीडबैक लिया जाएगा। इसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रशिक्षण के दौरान दी गई जानकारी एवं उपचार संबंधी दिशा-निर्देशों का धरातल पर प्रभावी रूप से पालन हो रहा है तथा लोगों को वास्तव में बेहतर होम्योपैथिक उपचार मिल रहा है। स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट गाइडलाइन के अनुरूप उपचार व्यवस्था को मजबूत करने से आयुष चिकित्सा सेवाओं में गुणवत्ता, एकरूपता एवं मरीजों के प्रति बेहतर उपचार व्यवस्था सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। मो. शफीक, प्रशासी पदाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न जिलों से आए चिकित्सकों को एक-दूसरे के साथ अपने व्यावहारिक अनुभव एवं उपचार संबंधी अनुभव साझा करने का अवसर भी मिल रहा है। विशेषज्ञों द्वारा उपचार से संबंधित नई जानकारियों एवं अद्यतन उपचार पद्धतियों से चिकित्सकों को अवगत कराया जा रहा है, ताकि अपने-अपने जिलों में होम्योपैथिक उपचार के लिए आने वाले मरीजों को बेहतर, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी उपचार उपलब्ध कराया जा सके। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित किया गया है। जिसके प्रथम चरण में 08-09 सितंबर 2026 को आयुर्वेदिक चिकित्सकों तथा द्वितीय चरण में 10-11 सितंबर 2026 को यूनानी चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया गया था।

# हरितालिका तीज पर सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** हरितालिका तीज का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सोमवार सुबह से ही सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना को लेकर निर्जला व्रत रखा। शाम को व्रती महिलाओं ने नए वस्त्र और आभूषण धारण कर भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से तीज व्रत की कथा सुनी और शिव-पार्वती की आराधना की। मंगलवार को महिलाएं उन्हीं पूजा स्थलों पर पहुंचीं और प्रसाद व शर्बत ग्रहण कर निर्जला व्रत तोड़ा। व्रती महिलाओं ने माता पार्वती से अखंड सौभाग्य, परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। नवविवाहित महिलाओं में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। कई घरों में मायके से आए तीज के सामान और प्रसाद के साथ पारंपरिक तरीके से पूजा की तैयारी की गई। महिलाएं सुबह से ही पारंपरिक परिधान में सज-धजकर पूजा में शामिल हुईं। इस दौरान पारंपरिक रूप से तैयार पूरी, खीर, दही, फल-फूल आदि से उदयमान चंद्रदेव को अर्घ्य अर्पित किया गया। महिलाओं के अनुसार तीज पर्व क्षेत्र की लोक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा महत्वपूर्ण अवसर है।

# 17 सितंबर को शाम 6 से 7 बजे तक हर गांव-आंगन में जलाएं 'आशीर्वाद का दीप'

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दें आशीर्वाद : नंद किशोर राम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार सरकार के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री नंद किशोर राम ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और सेवा के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने 13 वर्षों तक मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश की सेवा की और पिछले 12 वर्षों से प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा कर रहे हैं। इस प्रकार उनके सार्वजनिक जीवन और राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मंत्री नंद किशोर राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना संपूर्ण जीवन देश की सेवा, विकास और गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित किया है। उन्होंने देश के गरीब, वंचित, किसान, महिला, युवा और आम नागरिक की चिंता करते हुए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा है। किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन सहित अनेक योजनाओं का लाभ समाज के विभिन्न वर्गों को मिला है। कोरोना काल में देश के प्रत्येक व्यक्ति के टीकाकरण का व्यापक अभियान चलाकर सरकार ने नागरिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साबित की। उन्होंने कहा कि जब कोई सरकार और प्रधानमंत्री देशवासियों के स्वास्थ्य, कल्याण, विकास और भारत को विश्वगुरु बनाने की चिंता करते हैं तो देशवासियों का भी दायित्व बनता है कि वे उन्हें अपना आशीर्वाद दें। इसी उद्देश्य से 17 सितंबर को शाम 6 बजे से 7 बजे के बीच देश और बिहार के गांव-गांव, घर-घर तथा समाज के सम्मानित लोगों से 'आशीर्वाद का दीप' जलाने का आग्रह किया गया है।

# पुरानी ईंट और घटिया सामग्री से स्कूल की बाउंड्री का किया जा रहा निर्माण, गुणवत्ता पर उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आमस।** प्रखंड अंतर्गत पीएम श्री राजकीय 10+2 विद्यालय आमस में बाउंड्री निर्माण पुरानी ईंटों का उपयोग कर मनमानी ढंग से कराये जा रहे बाउंड्री निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़ा कर रहा है। बताते चलें कि नेशनल हाईवे एनएच 2 स्कूल की बाउंड्री तोड़ कर नए ढंग से बनाया जा रहा है जिसमें भ्रष्टाचार खुलेआम हो रही है और निर्माण कार्य में पुराने ईंटों के साथ-साथ घटिया किस्म की निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बाउंड्री निर्माण कार्य एनएचएआई की निगरानी में कराया जा रहा है। निर्माण में इस्तेमाल हो रहे बालू में मिट्टी की मात्रा होने तथा घटिया गुणवत्ता के सीमेंट के इस्तेमाल का भी आरोप लगाया गया है। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक और एनएच जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा पुरानी ईंटों का उपयोग उनके निगरानी में निर्माण कार्य कराए जाने की कही जा रही है। विद्यालय में प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने पहुंचते हैं। ऐसे में बाउंड्री की मजबूती और निर्माण की गुणवत्ता बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि भविष्य में कोई अनियंत्रित ट्रक या बस बाउंड्री से टकराकर विद्यालय परिसर में प्रवेश करती है तो कमजोर दीवार छात्रों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी हुई और भविष्य में कोई हादसा हुआ तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य में इस्तेमाल की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की जांच कराने और संबंधित विभाग के अधिकारियों से मौके पर निरीक्षण कर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब बाउंड्री का निर्माण नए सिरे से कराया जा रहा है तो पुराने ईंटों का इस्तेमाल क्यों किया जा रहा है। क्या निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों का पालन किया जा रहा है। इन सवालों का जवाब संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसी को देना होगा।

# 15 दिव्यांगों को मिली बैट्री चालित ट्राईसाइकिल

## दिव्यांगजन किसी पर निर्भर नहीं, आत्मनिर्भर होकर बढ़ें आगे : विधायक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**इमामगंज।** मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना के तहत मंगलवार को डुमरिया प्रखंड के 15 दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राईसाइकिल की सौगात मिली। इमामगंज प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय विधायक दीपा कुमारी ने लाभार्थियों को ट्राईसाइकिल प्रदान की। ट्राईसाइकिल मिलने के बाद लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। इस मौके पर विधायक दीपा कुमारी ने कहा कि दिव्यांगजन समाज के अभिन्न अंग हैं। शारीरिक परेशानी किसी व्यक्ति के हौसले और सपनों के रास्ते में बाधा नहीं बन सकती। बैट्री चालित ट्राईसाइकिल मिलने से उन्हें रोजमर्रा के काम, पढ़ाई, रोजगार और जरूरी कार्यों के लिए आने-जाने में सहूलियत होगी। हमारा प्रयास है कि दिव्यांगजन किसी दूसरे पर निर्भर रहने के बजाय आत्मनिर्भर बनें और पूरे आत्मसम्मान के साथ जीवन में आगे बढ़ें। उन्होंने लाभार्थियों से योजना का बेहतर उपयोग कर अपने जीवन को आसान और सशक्त बनाने की अपील की। वहीं डुमरिया बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आवेदन करने वाले पात्र दिव्यांगजनों को योजना का लाभ दिया गया है। लाभार्थियों में समोद कुमार, दौलती कुमारी, दिलीप कुमार, रबीना बीबी, सखावत हुसैन, शिवनंदन मिस्त्री, अखिलेश दास, अमित कुमार, भीमसेन कुमार, कुंदन कुमार, ललिता कुमारी, नरेश पासवान, संध्या कुमारी, संताय दास और मनोर कुमार शामिल हैं। इस मौके पर दिव्यांग संघ के जिला सचिव परितोष पंकज, श्यामसुंदर भारती, संजय सिंह, बृजनंदन प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सरपंच प्रतिनिधि पर एससी-एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज होने पर मामला गरमाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बांके बाजार।** रौशनगंज पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि संतोष कुमार पर एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज होने के बाद मामला गरमा गया है। संतोष कुमार ने मुकदमे की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए मगध रेंज के आईजी, एसएसपी और सिटी एसपी से शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उन्हें लगातार मुकदमों में फंसाकर परेशान किया जा रहा है। संतोष कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 19 अगस्त को उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया जबकि वह 17 से 22 अगस्त तक अपने परिवार और पंचायत के लोगों के साथ कांवर यात्रा पर थे। उनका दावा है कि इस दौरान उनकी अनुपस्थिति से संबंधित नोटिस उनके कार्यालय में भी लगाया गया था। उन्होंने बांके बाजार थाना क्षेत्र के रोडीडीह गांव निवासी शिक्षक रामपति रविदास और डॉ. पन्नालाल पर बार-बार मुकदमा दर्ज कर परेशान करने का आरोप लगाया। संतोष कुमार का आरोप है कि दोनों जमीन के कारोबार से जुड़े हैं और इसी विवाद को लेकर उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। मामला यहीं नहीं रुका। संतोष कुमार के अनुसार 11 सितंबर को भी बांके बाजार थाना में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया जबकि उस दिन वह अपने कार्यालय में बैठकर ग्रामीणों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यालय में उनकी मौजूदगी के फोटो और वीडियो साक्ष्य के तौर पर उपलब्ध हैं।

सरपंच प्रतिनिधि ने सवाल उठाया कि यदि घटनाओं के समय उनकी मौजूदगी किसी दूसरे स्थान पर थी तो पूरे मामले की जांच साक्ष्यों के आधार पर क्यों नहीं की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों से मुकदमों की निष्पक्ष जांच कराने और यदि आरोप गलत पाए जाएं तो जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# कोंच में बाढ़ से धान की फसल बर्बाद, किसान बेहाल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड में किसानों का हाल बेहाल है। इस बार किसान बड़ी उम्मीद से धान की फसल लगाए थे, लेकिन बाढ़ ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। बताया जाता है कि धान की फसल अच्छी लगी थी, लेकिन कुछ दिन बाद आई बाढ़ ने निचले खेतों में लगे धान को गला दिया। इससे फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। वहीं ऊंचाई वाले खेतों में लगा धान सुरक्षित है और लहलहा रहा है। नरसिंहपुर निवासी किसान बिगन यादव ने बताया कि उनका दो बीघा में लगा धान अधिक पानी से गल गया और बर्बाद हो गया जबकि बाकी खेतों में फसल अच्छी है। कमोवेश यही हाल प्रखंड के अधिकांश किसानों का है। किसानों ने बताया कि बाढ़ से हुई क्षति से वे आर्थिक रूप से टूट गए हैं। खेती पर ही उनका परिवार निर्भर है। बर्बाद फसल से कर्ज चुकाने की चिंता सताने लगी है। किसानों ने प्रशासन से बर्बाद फसल का सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है, ताकि उन्हें कुछ राहत मिल सके और अगली खेती की तैयारी हो सके।

# परसावां में सहयोग शिविर आयोजित, ग्रामीणों की सुनी गईं समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच (गया)।** प्रखंड के परसावां ग्राम पंचायत में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मुखिया दिलीप कुमार ने की। शिविर में जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार, बीडीओ चंदन कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी संजय कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी सुमन शेखर, सीडीपीओ, एएनएम रंजू कुमारी, पंचायत सचिव प्रीतेश कुमार, कार्यपालक सहायक हिमांशु कुमार सिन्हा, आवास सहायक, पंचायत कर्मी, सहकारिता पदाधिकारी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और राशन कार्ड, आवास, पेंशन, परिवहन, आंगनबाड़ी और कृषि से जुड़ी अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। मौके पर कई आवेदनों का निष्पादन किया गया जबकि शेष के जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया। मुखिया दिलीप कुमार ने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। ग्रामीणों की जो भी समस्याएं हैं, उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। इस तरह के शिविर से ग्रामीणों को एक ही जगह पर सभी विभागों की जानकारी मिल जाती है। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपनी समस्याओं को खुलकर रखें।

# खाते से उड़ाए गए रकम आवेदक के बैंक खाते में कराई वापस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** साइबर थाने में पीड़िता स्वीटी कुमारी द्वारा साइबर धोखाधड़ी के संबंध में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की और ठगों द्वारा उनके खाते से उड़ाए गए कुल सात लाख पचास हजार रुपये की रकम आवेदक के बैंक खाते में वापस करा दी गई। जहानाबाद साइबर एसडीपीओ ने कहा कि साइबर अपराध का शिकार होने पर घबराएं नहीं। तत्काल 1930 पर कॉल करें तथा नजदीकी साइबर थाना/थाना में शिकायत दर्ज कराएं।


**कार्यालय,**
**जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू**
**(आपूर्ति शाखा)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत पूरे राज्य में आच्छादन हेतु निर्धारित लक्ष्य कुल 2500000 (पचीस लाख) के विरूद्ध वर्तमान में 1983578 (उनीस लाख तिरासी हजार पाँच सौ अठहतर) सदस्य आच्छादित हैं। वर्तमान में झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत ग्रीन राशनकार्ड के निर्माण किये जाने हेतु कुल 516422 (पाँच लाख सोलह हजार चार सौ बाईस) सदस्यों के आच्छादन हेतु रिक्ति उपलब्ध है।

उपलब्ध रिक्ति के आलोक में ग्रीन राशनकार्ड के निर्माण हेतु प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति प्रदान करने की कार्रवाई प्रारम्भ की जा चुकी है।

ग्रीन राशनकार्ड के निर्माण हेतु योग्य सभी आवेदकों से अपील किया जाता है कि जिन आवेदकों का नया राशनकार्ड बनाने अथवा नये सदस्य का नाम जोड़ने हेतु आवेदन प्रखंड अथवा जिला स्तर पर लम्बित है, वे अपने नजदीकी राशन डीलर के पास जाकर ई-पॉश मशीन के माध्यम से अपनी पंजीकरण संख्या (Aknowledgement Number) के विरूद्ध सभी सदस्यों का e-KYC की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण करेंगे, ताकि राशनकार्ड निर्गमण की कार्रवाई पूर्ण किया जा सके।

उपायुक्त,
पलामू

PR 389775 District(26-27).D



**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग)**
**कार्यालय – जिला उद्यान पदाधिकारी, पलामू**
**(उद्यानिकी योजनाओं के लिए आम –सूचना)**

वित्तीय वर्ष 2026–27 केन्द्रीय प्रायोजित PM-RKVY/KY योजनान्तर्गत Mission for Integrated Development of Horticulture (MIDH) के कार्यान्वयन हेतु **जिला– पलामू** के इच्छुक कृषकों से अनुदानित दर पर नीचे अंकित विभिन्न अवयवों का लाभ प्राप्त करने हेतु दिनांक – 30.09.2026 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

**आवेदन आमंत्रण हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में MIDH (NHM) योजनाएँ निम्नवत्त हैः–**

| Sl No. | Components | Unit | Physical Target | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Strawberry Without drip Irrigation | Ha. | 6 | |
| 2 | Dragon Fruit Without drip Irrigation | ha. | 5 | |
| 3 | Banana ( By Suckers) Without integration | ha. | 2 | |
| 4 | Banana ( By TC) Without Integration | ha. | 5 | |
| 5 | Papaya Without Integration | ha. | 6 | |
| 6 | Mango | Ha. | 4 | |
| 7 | Guava | ha. | 4 | |
| 8 | Litchi | ha. | 4 | |
| 9 | Lime | ha. | 4 | |
| 10 | Aonla | ha. | 4 | |
| 11 | Bael | ha. | 4 | |
| 12 | Jack Fruit | ha. | 3 | |
| 13 | Vegetable Hybrid | ha. | 45 | |
| 14 | Onion and Garlic in open pollinated | ha. | 45 | |
| 15 | Flower(Cut Flower Rose Gerbera Tuberose, Glodiolus etc.) | ha. | 5 | |
| 16 | Flower (Bulbous Flower Rhizomatic Flowers Gladiolus Lily Daisy etc.) | ha. | 5 | |
| 17 | Loose Flowers (Chrysanthemum, Jasmine, Marigold etc.) | ha. | 5 | |
| 18 | Rhizomatic and bulbous spices | ha. | 10 | |
| 19 | Low Cost/Small Scale Mushroom production Unit | Nos. | 1 | |
| 20 | Creation of Water resources (Water Harvesting Structure for Individuals Construction of an farm Ponds/ Tanks etc. with use of plastic/RCC linning | ha. | 18 | |
| 21 | Poly House/hybrid/ Structures (Naturally Ventilated System Tubular Rectangular Structure) | Sqm. | 1000 | |
| 22 | Shade net/agro textile net house (Tubular Rectangular Structure) | Sqm. | 2000 | |
| 23 | Anti Bird/Anti Hail Nets | Sqm. | 90000 | |
| 24 | Cost of Planting material & Cultivation of High value Fruits and Vegetables grown in poly house/net house | Sqm. | 1000 | |
| 25 | Cost of Planting material & cultivation of Carnation & Gerbera grown in poly houses | Sqm. | 2000 | |
| 26 | Mulching Plastic/Jute/Agro textile/any other biodegradable Material | ha. | 100 | |
| 27 | Fencing (this component will be considered only in integration with other component of MIDH Scheme) | Sqm. | 1000 | |
| 28 | Promotion of IPM/INM | Ha. | 50 | |
| 29 | Vermi compost Units/organic input production HDPE Vermibed | Nos. | 250 | |
| 30 | Training/Exposure visit of farmers (within State) | Sqm. | 150 | |
| 31 | Training/Exposure visit of farmers (Outside State) | Nos. | 50 | |
| 32 | Pusa Zero energy cool chamber (100kg) | Nos. | 53 | |
| 33 | Solar Crop Dryer (with 24 Hrs. backup) General Area | Nos. | 17 | |

नोटः–योजनाओं से संबंधित विशेष जानकारी हेतु जिला उद्यान कार्यालय, पलामू से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
पलामू

PR 389770 (District)26-27*D

संपादकीय

# एफिल टॉवर और स्त्रियों से दूरी

दुनिया के आश्चर्यों में से एक एफिल टॉवर के रक्षा और प्रबंधन के काम में लगे कर्मचारियों द्वारा हड़ताल किया जाना अपने आप में अभूतपूर्व घटना है। अभूतपूर्व इसलिए क्योंकि जिस कारण से यह हड़ताल की गई वो और दुनिया भर में फैले और वैष्णव सम्प्रदाय से जुड़े हिंदू संगठन स्वामीनारायण सम्प्रदाय के पुरोहितों की महिलाओं के प्रति सोच है। बताया जाता है कि स्वामीनारायण सम्प्रदाय का एक प्रतिनिधिमंडल एफिल टॉवर देखने गया था। लेकिन इसके पहले उन्होंने वहां के प्रबंधन से कहा था कि जब सम्प्रदाय के लोग वहां पहुंचे, कोई महिला दिखाई न दे। हुआ भी वैसा ही। लेकिन एफिल टॉवर के रक्षा और प्रबंधन में कई महिलाएं काम करती हैं और आज तक कभी किसी ने ऐसी शर्त नहीं रखी। इससे नाराज कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी। वहां के अधिकारी इस पूरे मामले की जांच में जुट गए हैं। इस घटना ने 21वीं सदी में भी स्वामीनारायण पंथियों की महिलाओं के प्रति सोच पर भारत व्यापक बहस छिड़ गई है। अधिकांश का मानना है कि स्वामीनारायण सम्प्रदाय की महिलाओं के प्रति यह मानसिकता इस प्रगत और लैंगिक समानता के आधुनिक विचार से कहीं भी मेल नहीं खाती। हालांकि स्वामीनारायण सम्प्रदाय कई धर्मार्थ कार्य करता है। उसने दुनिया भर के देशों में 1300 से अधिक मंदिर बनवाए हैं। इस सम्प्रदाय के ज्यादातर अनुयायी गुजराती हैं। स्वामीनारायण सम्प्रदाय की भी कई शाखाएं हैं। इनमें प्रमुख है बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था। यह संप्रदाय क़रीब 200 साल पुराना है। इसी संप्रदाय की मान्यताओं में एक यह भी है कि उसके साधु महिलाओं से दूरी बनाए रखते हैं। यहां तक कि स्वामीनारायण मंदिरों में नियमित रूप से आने वाले श्रद्धालुओं के मुताबिक, महिलाओं को आशीर्वाद लेने के लिए संतों के चरण स्पर्श करने की भी अनुमति नहीं है। अपनी स्थापना के बाद से ही स्वामीनारायण परंपरा में शिष्यों और खासकर उसके संतों द्वारा ब्रह्मचर्य पालन को लेकर, कड़े नियम रहे हैं। स्वामीनारायण के प्राचीन ग्रंथ 'शिक्षापत्री' के अनुसार, संत किसी महिला को छू या देख नहीं सकते। इस बारे में गुजराती लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता स्वरूप ध्रुव ने कहा कि हर धर्म ने महिलाओं को किसी न किसी तरह से अछूत माना है, लेकिन कुछ ने इसे अपनी ख़ासियत के तौर पर पेश किया है, जैसे स्वामीनारायण संप्रदाय ने। स्वामीनारायण संस्था की वेब साइट के मुताबिक इस नियम का मक़सद महिलाओं को नीचा या अपवित्र मानना नहीं है। इसका मकसद साधु को आध्यात्मिक साधना के दौरान सांसारिक आसक्ति से मुक्त रहने में मदद करना है। लेकिन इस प्रथा के आलोचकों का मानना है कि इसके पीछे भले ही धार्मिक कारण बताए जाते हों, लेकिन व्यवहार में इसका बोझ अक्सर महिलाओं पर ही पड़ता है। कई महिला कार्यकर्ताओं का मानना है कि संप्रदाय में मूल सवाल पुरुषों की भावनाओं और उनके संयम से जुड़ा था, लेकिन अंत में इसके प्रभाव और मुश्किलों का सामना महिलाओं को करना पड़ा। हालांकि स्वामीनारायण परंपरा की कुछ अन्य शाखाओं जैसे कि वडोदरा स्थित हरिधाम सोखड़ा में महिलाओं को साधुओं के संघ में प्रवेश करने की परंपरा है। जहां तक फ्रांस की बात है तो वहां महिलाओं के अधिकारों के लिए आवाज़ उठाने वाली मज़बूत नारीवादी परंपरा के कारण यह मुद्दा वहाँ ज़्यादा चर्चा में आया। हालांकि वहां महिलाओं को मताधिकार पाने के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा था। एफिल टॉवर विवाद बढ़ने के बाद बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था ने माफी मांग ली है। सवाल यह भी है कि जब स्वामीनारायण सम्प्रदाय को महिलाओं से इतनी ही एलर्जी है तो साधुओं को एफिल टॉवर जाना क्यों जरूरी था?

# हिन्दी के बिना हिंदुस्तान की कल्पना बेकार

**स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे जो स्वतरू मूलतरू बिहार के मिथिला के रहने वाले थे ने पहले यह विरोध अपनी मराठा राजनीति के लिए किया था। जिस पर उनके पुत्र चल रहे है। पर अब बाकायदा भारतीय जनता पार्टी सरकार ने ही इसे अपना एजेंडा बना लिया है।**

**जिस प्रकार सत्ता प्राप्ति के लिए बाल ठाकरे ने अपनी मूलभूमि को भुला दिया उसी प्रकार अब संघ के वर्तमान बड़े पदाधिकारी जो देशस्थ ब्राह्मण है अपने मूल को भूल रहे हैं।**

**इनके पुरखे भी कभी उत्तर भारत के हिंदी भाषी थे। जो वहां से चलकर महाराष्ट्र में पहुंचे थे। प्रधानमंत्री स्वतरू गुजराती है। केंद्र सरकार की नीतियां दो मुखी हैं उसने तमिलनाडु की पिछली स्टालिन सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति नहीं लागू करने व हिंदी विरोध के कारण तमिलनाडु का केंद्रीय अनुदान रोक दिया था,पर महाराष्ट्र में यहां उनकी अपनी सरकार है वहां का अनुदान यथावत जारी है। डॉ राम मनोहर लोहिया कहते थे (सभी भारतीय भाषाएं बहनें हैं।**

महाराष्ट्र सरकार के परिवहन विभाग ने आदेश जारी किया है कि महाराष्ट्र में जितने भी गैर मराठी ऑटो चालक, ड्राइवर, टैक्सी चालक हैं उन्हें मराठी जानने का प्रमाण पत्र बताना होगा, अन्यथा उनके ऊपर भारी जुर्माना किया जायेगा। उन्हें अपमानित भी किया जा रहा है। यहां तक कि कई स्थानों पर उनके साथ पुलिस के द्वारा या अन्य लोगों के द्वारा मारपीट और दुर्व्यवहार के समाचार भी सामने आये हैं। ये चालक लोग कई दशकों से बम्बई महाराष्ट्र में रह रहे हैं और जितनी काम चलाऊ मराठी जो यात्रियों को समझने के लिये जरूरी है, वे बोल भी लेते हैं और समझ भी लेते हैं, परंतु उनके पास औपचारिक मराठी शिक्षा के ज्ञान का प्रमाण पत्र नहीं है। अकेले बम्बई में ही चालकों की संख्या लगभग तीन लाख और समूचे महाराष्ट्र में इनकी संख्या लगभग छह लाख के आसपास है।

यह घटना तीसरी है। इसके पहले भी गैर मराठी भाषियों और हिंदी भाषियों के साथ मारपीट की घटनायें घट चुकी हैं। पिछले कुछ वर्षों से महाराष्ट्र में यह अभियान चलाया जा रहा है विशेषतः हिन्दी भाषियों को अपमानित किया जा रहा है। उनके साथ मारपीट की जा रही है। वर्ष 2025 में कई ऐसी घटनायें हुई थी जहां हिंदी बोलने वालों को सार्वजनिक रूप से मारा पीटा गया, यहां तक कि एक मराठी भाषी नौजवान अर्णव खैरे ने सरकारी बस में एक सह यात्री से हिंदी बोली तो इस गुनाह में उसे मारा पीटा गया और इस घटना से वह इतना क्षुब्ध हुआ कि उसने अपने घर जाकर आत्महत्या कर ली।

महाराष्ट्र में हिंदी बोलना अपराध होगा यह कल्पना भी कठिन है भारत के हिंदी भाषी क्षेत्रों में सदैव महाराष्ट्र की विभूतियों का सम्मान दिया गया और उन्हें स्वीकार किया है। 19वीं सदी के आरंभ में देश में लाल, बाल पाल नाम अति सम्मान से लिये जाते थे। लाल याने लाजपतराय, याने बालगंगाधर तिलक जिन्हें बाद में लोकमान्य तिलक कहा गया और



विपिन चन्द्र पाल ये तीनों भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नाम थे। किसी हिंदी भाषी या गैर मराठी भाषी ने कभी इन लोगों को भाषायी आधार पर नहीं देखा। आचार्य बिनोवा भावे, ज्योतिबा फुले, बाबा साहब अम्बेडकर, संत तुकाराम, संत गाडगे, साबित्री बाई फुले, दादा धर्माधिकारी, मधु लिमये, एसएम जोशी, मधु दंडवते आदि ऐसे कितने महापुरुषों के नाम हैं जो मराठी भाषी थे परंतु जिन्हें समूचे देश ने और हिंदी भाषीयों ने सदा सम्मान दिया। मधु लिमये हिंदी भाषी क्षेत्र बाँका व मुंगेर से चुनाव लड़े और जार्ज फर्नांडीज बिहार के मुज्जफरपुर से चुनाव लड़े और जीते। हिन्दी भाषियों ने उन्हें सदैव सम्मान दिया। परंतु अब महाराष्ट्र में महाराष्ट्र सरकार जो कदम उठा रही है और जिस प्रकार गैर मराठी भाषियों को अपमानित कर रही है, वह चिंता का विषय है। समुचे महाराष्ट्र में 60-70 लाख लोग हिन्दी भाषी हैं, लगभग 90 लाख लोग गैर मराठी भाषी हैं, जिनमें गुजराती, तेलगु, तमिलन, कन्नड़, पंजाबी आदि शामिल हैं। बम्बई और महाराष्ट्र के महानगरों को बनाने में गैर मराठी भाषियों का कम योगदान नहीं है? पिछले कुछ समय से महाराष्ट्र सरकार के द्वारा उठाये जा रहे कदम और उन पर संघ के पदाधिकारियों की चुप्पी चिंताजनक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में जिसे भारत सरकार ने ही पारित किया है और जिसकी काफी चर्चा भी की है श्त्रिभाष्य फार्मूला स्वीकृत किया गया था और भारत सरकार ने जिसे लागू करने की घोषणा की है। इस फार्मूले में सरकार ने एक राष्ट्र भाषा दूसरी कोई एक भारतीय भाषा और तीसरी कोई एक विदेशी भाषा एच्छिक रूप से स्वीकार कर लागू करने की नीति बनाई थी। महाराष्ट्र सरकार ने भी इस फार्मूला को महाराष्ट्र मे लागू किया तथा महाराष्ट्र के स्कूलों में भारतीय भाषा के रूप में हिंदी को पढ़ाने का प्रावधान किया था। परंतु कुछ दिनों बाद श्री उद्धव ठाकरे एवं श्री राज ठाकरे ने मुम्बई में हिंदी की पढ़ाई के विरोध में रैली निकालने का ऐलान किया और इस रैली के नाम पर रैली के पूर्व ही राज्य की भाजपा सरकार ने हिंदी को स्कूली पाठयक्रम से हटा दिया। यह रैली की घोषणा और पाठयक्रम से ड्क्षहंदी को हटाना एक सुनियोजित कदम जैसा था। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जो हिंदी-हिन्दु-हिन्दुस्तान का नारा लगाता रहा है और इस नारे से गुमराह करके हिंदी भाषियों का समर्थन प्राप्त किया, उसने भी इस मुद्दे पर संस्थागत रूप से मौन धारण कर लिया। संघ के एक पदाधिकारी ने अवश्य मुंबई के किसी कार्यक्रम में भाषण देते हुए हिंदी का समर्थन किया था परंतु उसके बाद उन्होंने भी चुप्पी साध ली। संघ के संगठनात्मक अनुशासन को जानने वालों का मत है कि इस चुप्पी के पीछे संघ का संस्थागत आदेश है। वरना एक केन्द्रीय पदाधिकारी और राज्य से लेकर केंद्र तक की सरकारें अचानक मौन धारण नहीं करती।

स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे जो स्वतरू मूलतरू बिहार के मिथिला के रहने वाले थे ने पहले यह विरोध अपनी मराठा राजनीति के लिए किया था। जिस पर उनके पुत्र चल रहे है। पर अब बाकायदा भारतीय जनता पार्टी सरकार ने ही इसे अपना एजेंडा बना लिया है।

जिस प्रकार सत्ता प्राप्ति के लिए बाल ठाकरे ने अपनी मूलभूमि को भुला दिया उसी प्रकार अब संघ के वर्तमान बड़े पदाधिकारी जो देशस्थ ब्राह्मण है अपने मूल को भूल रहे हैं। इनके पुरखे भी कभी उत्तर भारत के हिंदी भाषी थे। जो वहां से चलकर महाराष्ट्र में पहुंचे थे। प्रधानमंत्री स्वतरू गुजराती है।

केंद्र सरकार की नीतियां दो मुखी हैं उसने तमिलनाडु की पिछली स्टालिन सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति नहीं लागू करने व हिंदी विरोध के कारण तमिलनाडु का केंद्रीय अनुदान रोक दिया था,पर महाराष्ट्र में यहां उनकी अपनी सरकार है वहां का अनुदान यथावत जारी है। डॉ राम मनोहर लोहिया कहते थे (सभी भारतीय भाषाएं बहनें हैं। वे अंग्रेजी के साम्राज्यवाद के खिलाफथे।) हम लोग भी इसी भाषा नीति को मानते हैं। अंग्रेजी के ज्ञान से हमारा विरोध नहीं है परंतु एक राष्ट्र भाषा के तौर पर हिंदी को मानना उचित होगा। महात्मा गांधी, रविंद्र नाथ ठाकुर, लोकमान्य तिलक आदि की भी अपनी राय यही थी।

यह दुखद है कि हिंदी भाषी क्षेत्र के नेतागण अपनी सत्ता की भूख में अपनी मातृभाषा व राष्ट्र भाषा का स्वाभिमान खो चुके हैं। यहां तक की हिंदी में जीविका व नाम कमाने वाले बुद्धिजीवी साहित्यकार भी इस हिंसक व असंवैधानिक हिंदी विरोध पर चुप हैं। क्या संघ यह नहीं समझ रहा है कि अगर मराठी साम्राज्यवाद चलाया जाएगा, हिंदी की उपेक्षा या हिन्दी को अपमानित किया जाएगा तो अंततरू यह राष्ट्रीय एकता पर असर डालेगा। तमिलनाडु की डीएमके व देश की भारतीय जनता पार्टी में क्या फर्क रहेगा? बल्कि तमिलनाडु के भाषाई सोच को और बल मिलेगा। कल कर्नाटक आदि अहिंदी व गैर मराठी भाषी राज्यों में भी ऐसे विचार पनप सकते हैं,और देश एक भाषाई गृह युद्ध में फंसकर कमजोर होगा। मैने प्रधानमंत्री जी और देश के सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को पत्र लिखकर उनसे हस्तक्षेप की अपील की है।

अध्यात्म

## सफलता केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास और कर्म करने से मिलती है

हर व्यक्ति सफल होना चाहता है, लेकिन अक्सर काम शुरू करने से पहले ही उसके मन में सवाल उठने लगते हैं कि क्या मैं सफल हो पाऊंगा? लक्ष्य पूरा होगा या नहीं? यही चिंता कई बार व्यक्ति की क्षमता को कमजोर कर देती है। महाभारत का एक प्रसंग बताता है कि सफलता का रहस्य परिणाम की चिंता में नहीं, बल्कि पूरे मन से कर्म करने में छिपा है। दुर्योधन चाहता था कि किसी भी तरह पांडवों का अंत हो जाए। इसी उद्देश्य से उसने लाक्षागृह का षड्यंत्र रचा, लेकिन विदुर की सूझबूझ से पांचों पांडव और कुंती इस संकट से बच निकले। अपनी पहचान छिपाने के लिए वे ब्राह्मणों का वेश धारण कर वन में रहने लगे। इसी दौरान पंचाल नरेश द्रुपद ने अपनी पुत्री द्रौपदी के स्वयंवर का आयोजन किया। देश-विदेश के अनेक राजा और योद्धा वहां पहुंचे। स्वयंवर की शर्त बेहद कठिन थी। प्रतियोगी को नीचे रखे पानी में प्रतिबिंब देखकर ऊपर घूम रही मछली की आंख पर निशाना लगाना था। जो इस परीक्षा में सफल होता, वही द्रौपदी का वरण करता। ब्राह्मण वेश में पहुंचे अर्जुन भी इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आगे बढ़े। वहां श्रीकृष्ण भी उपस्थित थे उन्होंने अर्जुन को एकाग्रता, धैर्य और लक्ष्य साधने की पूरी विधि समझाई। अर्जुन ने मुस्कुराकर पूछा, 'यदि सब कुछ मुझे ही करना है, तो फिर आपकी क्या आवश्यकता है?' श्रीकृष्ण ने शांत स्वर में उत्तर दिया, 'तुम्हारा काम अपना श्रेष्ठ प्रयास करना है। जो तुम्हारे वश में है, उसे पूरी निष्ठा से करो। जो तुम्हारे नियंत्रण से बाहर है, उसकी चिंता मुझ पर छोड़ दो। मैं हिलते हुए पानी को स्थिर कर दूंगा, ताकि तुम्हारा ध्यान केवल लक्ष्य पर रहे।' अर्जुन ने श्रीकृष्ण की बात को स्वीकार किया। उन्होंने परिणाम की चिंता छोड़कर अपना पूरा ध्यान केवल लक्ष्य पर केंद्रित किया। एकाग्रता और आत्मविश्वास के साथ उन्होंने धनुष उठाया और मछली की आंख पर सटीक निशाना लगा दिया। इस प्रकार वे स्वयंवर की कठिन परीक्षा में विजयी हुए। यह प्रसंग बताता है कि सफलता केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि सही सोच, निरंतर प्रयास और परिणाम की चिंता छोड़कर कर्म करने से मिलती है। जब व्यक्ति अपना सर्वश्रेष्ठ देता है, तब परिस्थितियां भी उसके पक्ष में बनने लगती हैं। इसलिए जीवन में हर कार्य पूरे समर्पण और ईमानदारी से करें, क्योंकि श्रेष्ठ कर्म ही अंततः श्रेष्ठ परिणाम का मार्ग बनाते हैं।

# चलना तो गाँधी के 'नक्शे-पा' ही होगा

**विश्व में सर्वाधिक आबादी के मुल्क भारत की राष्ट्रभाषा के लिये संयुक्त राष्ट्र संघ में ठौर नहीं। विज्ञप्तियां अंग्रेजी में जारी होती हैं। जहां-तहां हिन्दी रोमन लिपि में लिखी जाती है। सरीसृप सा रेंगती हिंगलिश चौतरफा फल-फूल रही है। हिन्दी की पत्रिकाएं दम तोड़ चुकी है। हिन्दी के विद्यापीठों और केंद्रीय हिन्दी संस्थान की दशा और दिशा सर्वज्ञात है। विदेशी भाषा के तौर पर हिन्दी को पढ़ाने के पाठ्यक्रम की क्या स्थिति है? लंदन से प्रकाशित 'पुरवाई' के संपादक तेजेंद्र शर्मा ने ब्रिटेन में हिन्दी की तथा कथा बताई तो मैं हत्प्रभ रह गया। उन्होंने बताया कि ब्रिटेन में 1990 के दशक में हिन्दी बतौर ऐच्छिक विषय विषय दसवीं और बारहवीं तक पढ़ाई जाती थी। हिन्दी भाषियों ने करियर के लिए अपने बच्चों को फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश जैसी भाषाएँ सिखायी। फलतः हिन्दी की पढ़ाई बंद करनी पड़ी। फिर आया मातृभाषा फार्मूला। पंजाबी और गुजराती भाषी भारतवंशी बाजी मार ले गये।**

हर साल हम हिन्दी दिवस मनाते हैं। हर बरस 14 सितंबर को देश-विदेश में स्कूलों कॉलेजों, दफ्तरों, सरकारी उपक्रमों, संस्थानों से लेकर दूतावासों तक में रस्म-अदायगी होती है, हिन्दी की महिमा का स्तवन गान होता है, मर्सिया पढ़ा जाता है, कसमें खाई जाती हैं और मिठाइयां बंटती है। हिन्दी के नाम पर हिन्दी पखवाड़ा मनाने का भी चलन है, लेकिन नतीजा क्या निकलता है? वही ढाक के तीन पात। नौकरशाह हिन्दी की प्रगति के नाम पर टीप दर्ज करते हैं: 'बीइंग डन'। विश्व में सर्वाधिक आबादी के मुल्क भारत की राष्ट्रभाषा के लिये संयुक्त राष्ट्र संघ में ठौर नहीं। विज्ञप्तियां अंग्रेजी में जारी होती हैं। जहां-तहां हिन्दी रोमन लिपि में लिखी जाती है। सरीसृप सा रेंगती हिंगलिश चौतरफा फल-फूल रही है। हिन्दी की पत्रिकाएं दम तोड़ चुकी है। हिन्दी के विद्यापीठों और केंद्रीय हिन्दी संस्थान की दशा और दिशा सर्वज्ञात है। विदेशी भाषा के तौर पर हिन्दी को पढ़ाने के पाठ्यक्रम की क्या स्थिति है? लंदन से प्रकाशित 'पुरवाई' के संपादक तेजेंद्र शर्मा ने ब्रिटेन में हिन्दी की तथा कथा बताई तो मैं हत्प्रभ रह गया। उन्होंने बताया कि ब्रिटेन में 1990 के दशक में हिन्दी बतौर ऐच्छिक विषय विषय दसवीं और बारहवीं तक पढ़ाई जाती थी। हिन्दी भाषियों ने करियर के लिए अपने बच्चों को फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश जैसी भाषाएँ




सिखायी। फलतः हिन्दी की पढ़ाई बंद करनी पड़ी। फिर आया मातृभाषा फार्मूला। पंजाबी और गुजराती भाषी भारतवंशी बाजी मार ले गये। बंगाली बांग्लादेश की भाषा है और उर्दू पाकिस्तान की लिहाजा बांग्ला स्कूलों में पढ़ाई जाती है, मगर जब हिन्दी किसी की मातृभाषा ही नहीं, तो क्यूं पढ़ाई जाये? तेजेंद्र कहते हैं कि मन प्रसन्न हो जाता है कि विश्व के सौ से अधिक विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जाती है, मगर कोई नहीं बताता कि किन देशों के स्कूलों में हिन्दी पढ़ाई जाती है? वह हिन्दी के शिक्षण-प्रशिक्षण से जुड़ी संस्थाओं के डाटा-बेस पर भी सवाल करते हैं। आत्मश्लाघा में डूबी संस्थाओं और उनके स्वयंभू राजदूतों को उनकी जिज्ञासा शांत करनी चाहिये।

हिन्दी दिवस हम 14 सितंबर, 1953 से मना रहे हैं, अलबत्ता हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय सन् 1949 में लिया गया था। जानकारी जुटाएं और अपने गिरेबां में भी झांके कि क्या कोई अन्य देश अपना भाषा-दिवस मनाता है और यह भी कि उसके देश में उसकी भाषा की सद्गति है या दुर्गति? अटल बिहारी वाजपेयी को यूएनओ में हिन्दी में बोले आधी सदी बीतने को आयी। उसकी पुनरावृत्ति या वहाँ उसे सूचीबद्ध करने का ठोस उपक्रम क्यों नहीं? इस महादेश में शीर्ष 'महाजन' आज जैसी हिन्दी का प्रयोग कर रहे हैं, उससे सामान्य जन कैसा भाषायी-संस्कार ग्रहण करेगा? भाषा हमारी अभिव्यक्ति है। हमारी पहचान है। हमारी अस्मिता है। इस बहुलतावादी सामासिक संस्कृति के महादेश में हिन्दी की महत्ता को सबने स्वीकारा। क्या लोकमान्य तिलक, क्या रवीन्द्रनाथ ठाकुर और क्या नेताजी सुभाष बोस। मगर महात्मा गांधी सा हिन्दीव्रती कोई दूसरा न हुआ। गांधी का सारा जीवन स्वभाषा, स्वदेशी और स्वराज का उद्घोष था। वह सन् 1915 में दक्षिण अफ्रीका से लौटे और गोखले की प्रेरणा से देश को जानने की मिशन-यात्रा में जुट गये। उनकी मातृभाषा हिन्दी न थी। वह अंग्रेजी संभाषण में कुशल थे। लेकिन उन्होंने हिन्दी अपनायी। हिन्दी में बोले। हिन्दी में लिखा। हिन्दी की अलख जगाई और स्वातंत्र्य वेला में ऐसा भी क्षण आया, जब उन्होंने बीबीसी के संवाददाता से कहा कि जाओ, दुनिया से कह दो कि गांधी अंग्रेजी भूल गया। बापू का यह कथन अंग्रेजी की अवमानना नहीं, वरन हिन्दी का गौरव गान है।

हिन्दी-दिवस के सूत्रपात से कई दहाई पहले की बात है। सन 1916 में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय का शिलान्यास समारोह। मुख्य अतिथि तत्कालीन वायसराय। सब अंग्रेजी में बोलते हैं, मगर बापू हिन्दी में। वह मातृभाषा में शिक्षा की पैरवी करते हैं। अगले वर्ष सन् 1917 में वह भड़ौच में द्वितीय गुजरात शिक्षा सम्मेलन में फिर इसे दोहराते हैं। वह महामना मालवीय के हिन्दी भाषण को स्वर्ण सा दमकता बताते हैं। फिर आता है सन् 1918 में इंदौर में अभा हिन्दी साहित्य सम्मेलन का आठवां अधिवेशन। बापू 28 मार्च से 31 मार्च तक इंदौर में। सन 1935 में वह इसी सम्मेलन के बहाने एक बार फिर इंदौर आते हैं। उच्चतर सांस्कृतिक मूल्यों के ध्वजवाहक और कला मर्मज्ञ गाँधी विद्वानों की नीहारिका के समक्षा हिन्दी के व्यवहार और प्रतिष्ठा के लिए जो कहते हैं, वह ऐतिहासिक दस्तावेज़ है। वह दक्षिण भारत में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए दो लाख रुपयों की शर्त भी लगाते हैं। वह दक्षिण भारत में 18 वर्षों में सघन प्रचार का ब्यौरा देते हैं। मसलन छह लाख जनों का प्रवेश से लेकर 70 लाख किताबों का प्रकाशन और मद्रास में आठ लाख प्रतियों का मुद्रण। हिन्दी की महत्ता, व्यवहार और प्रतिष्ठा को देहाराते हुए वह कहते हैं 'जिस भाषा को हम राष्ट्रभाषा बनाना चाहते है इसका साहित्य स्वच्छ तेजस्वी और उच्चगामी होना चाहिए। उन्होंने हिन्दी और हिन्दुस्तानी के विवाद पर बहुत सारगर्भित बातें कहीं और विवाद को राष्ट्रीय एकता के लिये हानिकारक कहा।

बापू के कथन के संदर्भ में आंके तो सच क्या है? क्या हिन्दी साहित्य में न्यूनता नहीं है। अंतरराष्ट्रीय मामलों, विज्ञान, पर्यावरण और इतिहास लेखन के लिए क्या हमें अंग्रेजी संदर्भों की शरण नहीं लेनी पड़ती? क्या हम हिन्दी के निर्भीक प्रयोक्ता हैं? गांधी की वैश्विक छवि को हिन्दी और हिन्दी की गौरव-गरिमा और ग्राह्यता को गांधी ने पोसा था। इधर हिन्दी के बहता नीर को बांधने और बांटने की कुचेष्टाएं हो रही हैं, किन्तु हिन्दी की प्रतिष्ठा के लिए गांधी के 'नक्शे-पा' चलना होगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज पैसों की व्यवस्था और काम में सफाई रखना होगा। आज पैसों को सही ढंग से संभालने का दिन है। रुके हुए बिल, पुराने खर्च या किसी वादे को लेकर सही योजना बनाना जरूरी होगा।

**वृषभ**
आज बचत का ध्यान और साथियों का सहयोग मिलेगा। पैसों की स्थिति ठीक-ठाक रहेगी और समझदारी से आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

**मिथुन**
आज जल्दबाजी से बचाव और काम को प्राथमिकता देना होगा। पैसों के मामले पर थोड़ा ज्यादा ध्यान देना होगा। किसी सुंदर चीज को देखकर तुरंत पैसे खर्च न करें।

**कर्क**
आज पैसों की स्थिति को लेकर मन में भरोसा बना रहेगा। अपनी वित्तीय स्थिति सुधारने की इच्छा मजबूत होगी। घर या परिवार से जुड़ा कोई खर्च सामने आ सकता है।

**सिंह**
आज पैसों को लेकर आपकी सोच थोड़ी बदल सकती है। सिर्फ दूसरों को दिखाने के लिए पैसा खर्च करने का मन नहीं करेगा।

**कन्या**
आज सही हिसाब और काम में निखार आएगा। एक साथ हैं। इससे आपका दिमाग पैसों के हिसाब-किताब में बहुत सटीक काम करेगा।

**तुला**
आज लेन-देन में संतुलन और मीठी बोली लाभदायक होगी। पैसों की बात को शांति से सुलझाने में मदद करेंगे। अगर किसी के साथ मिलकर कारोबार कर रहे हैं या साझा खर्चा है।

**वृश्चिक**
आज पुरानी रुकावटें और काम में लगन लगाना होगा। पैसों के मामले में थोड़ा धीरज रखना होगा। लंबे समय की बचत और अचानक आए खर्चों के बीच संतुलन बनाना पड़ सकता है।

**धनु**
आज खर्च पर लगाम और साफ बात करना होगा। पैसों को सही तरीके से चलाने की जरूरत है। कमाई और निवेश के कई विचार आ सकते हैं, पर हर विचार पर तुरंत पैसा न लगाएं।

**मकर**
आज नियम से बचत और अधिकारियों का सम्मान करना होगा। आपकी समझदारी आज पैसों की स्थिति को सही रखेगी। बचत को मजबूत करने और पुरानी देनदारियों को कम करने पर ध्यान रहेगा।

**कुंभ**
आज संभलकर कदम और नई योजना बनाते समय सावधान रहे। नए-नए तरीकों से पैसा कमाने का मन हो सकता है। बिना जांच-परख के कोई कदम न उठाएं।

**मीन**
आज खातों की जांच और रुका काम पूरा होगा। पुराने वादों, भुगतानों और अपनी बचत की फिर से जांच करें। जल्दबाजी में किसी से कर्ज लेने या देने से बचें।

# फसल मुआवजे को ले सड़क पर उतरे किसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढ़ी अनुमंडल में बाढ़ के पानी से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। सैकड़ों बीघा में लगी धान की फसल बाढ़ के पानी में डूबने से बर्बाद हो गई है। फसल पीली पड़कर सड़ने लगी है। इसी को लेकर अब किसान फसल क्षति के मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर उतर आए हैं। मसौढ़ी प्रखंड के कराय पंचायत के सैकड़ों किसानों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया और सरकार से फसल क्षति का मुआवजा देने की मांग की।

किसानों का कहना है कि कराय पंचायत में करीब 500 बीघा में लगी धान की फसल पूरी तरह बाढ़ के पानी में डूब गई। अब पानी धीरे-धीरे निकल रहा है, लेकिन फसल गल कर पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। प्रदर्शन कर रहे किसानों में शंभू यादव, विद्यानंद यादव, हरिचरण रविदास, रामजन्म यादव, विजेंद्र यादव, सोमारी यादव, संजय यादव, राम इकबाल रविदास, जोगेंद्र पासवान, जीतन पासवान सहित सैकड़ों किसान शामिल थे। किसानों ने बताया कि सभी ने कर्ज लेकर, कोई बटाई पर तो कोई प[illegible] पर जमीन लेकर खेती की थी। लेकिन बाढ़ में सब कुछ डूब गया। अब घर में खाने तक को कुछ नहीं बचा है। वहीं इस मामले पर



प्रखंड कृषि पदाधिकारी हर्ष पटेल ने कहा कि सभी किसान सलाहकारों को निर्देश दिया गया है कि अपने-अपने पंचायत में फसल क्षति का आकलन करें। आकलन के बाद चिन्हित किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।

उधर खेत मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष नागेश्वर पासवान ने कहा कि जो किसान बटाईदार और पटेदारी पर खेती किए हैं, उनका क्या होगा। अक्सर मुआवजा खेत मालिक को मिल जाता है, लेकिन बटाईदार वंचित रह जाते हैं। उन्होंने मांग की कि बटाईदार और पत्तेदार किसानों को भी चिन्हित कर मुआवजा दिया जाए।

# बिजली चोरी की शिकायत पर नप के पार्क में छापेमारी

## गार्ड ने बिजली कर्मियों को अंदर जाने से रोका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोकामा**। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 22 स्थित सहबेगपुर में नगर परिषद के सौजन्य से बने बाल मनोरंजन केंद्र पार्क में मंगलवार को हाथीदह बिजली सबडिवीजन की टीम ने छापेमारी की। बिजली अधिकारियों के पार्क पहुंचते ही वहां तैनात गार्ड ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया और पार्क का गेट बंद कर दिया।

इसको लेकर गार्ड और बिजली अधिकारियों के बीच करीब 30 मिनट तक नोकझोंक होती रही।मामले की सूचना मोकामा थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया, जिसके बाद पार्क का गेट खोला गया और बिजली अधिकारियों ने पार्क का निरीक्षण किया।विद्युत सहायक अभियंता सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि विभाग को शिकायत मिली थी कि पार्क में अवैध तरीके से बिजली का उपयोग किया जा रहा है। शिकायत के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

जांच के दौरान पार्क में बिजली का कनेक्शन तो पाया गया, लेकिन मीटर नहीं लगा हुआ था। इसके बाद फिलहाल बिजली कनेक्शन काट दिया गया है। उन्होंने बताया कि मीटर लगने के बाद ही कनेक्शन दोबारा चालू किया जाएगा।मौके पर विद्युत कनीय अभियंता हाथीदह तरुण कुमार समेत बिजली विभाग के कर्मी मौजूद थे। सहायक अभियंता ने आरोप लगाया कि पार्क के गार्ड ने बिजली कर्मियों के साथ बदतमीजी की और उन्हें जांच के लिए अंदर जाने से रोका। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद ही जांच की कार्रवाई पूरी हो सकी।

# बेकाबू ई-रिक्शा ने पुलिसकर्मी को मारी ठोकर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी**। मसौढ़ी बाजार की लचर यातायात व्यवस्था और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी अब आम लोगों के लिए सिरदर्द बन चुकी है। बेतरतीब ढंग से सड़कों पर दौड़ रहे ई-रिक्शा के कारण आए दिन जाम और हादसे हो रहे हैं। अब तो पुलिसकर्मी भी इससे अछूते नहीं रहे।

मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे मसौढ़ी के स्टेट बैंक चौक के पास एक बेकाबू ई-रिक्शा चालक ने ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस जवान को जोरदार ठोकर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ई-रिक्शा चालक काफी तेज और लापरवाही से वाहन चला रहा था। ठोकर लगने से पुलिस जवान सड़क पर गिर पड़ा और उसका पैर बुरी तरह छिल गया, जिसमें हल्की चोटें आईं। हादसे के बाद गुस्साए जवान ने ई-रिक्शा

## चालक को धुना

चालक को पकड़कर सड़क पर ही उसकी पिटाई कर दी।

मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाद में आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। ई-रिक्शा चालक ने पैर पकड़कर माफी मांगी, तब जाकर जवान ने उसे छोड़ा। लोगों ने बताया कि यह घटना सिर्फ एक दिन की नहीं है। मसौढ़ी बाजार, थाना रोड, अस्पताल रोड और बस स्टैंड इलाके में 300 से अधिक ई-रिक्शा बगैर किसी रूट और नियम के दौड़ रहे हैं।

चालक नाबालिग भी हैं और नशे में भी वाहन चलाते हैं। सड़क किनारे आड़ा-तिरछा ई-रिक्शा खड़ा कर सवारी बैठाना, बीच सड़क पर मोड़ना और ओवरलोड सवारी भरना आम बात हो गई है। इससे बाजार में हमेशा जाम लगा रहता है। स्कूली बच्चों, महिलाओं और एंबुलेंस तक को निकलने में परेशानी होती है। कई बार ई-रिक्शा पलटने से यात्री घायल भी हो चुके हैं।

लोगों का आरोप है कि कई बार स्थानीय थाना और नगर परिषद से शिकायत की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। न तो ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन चेक होता है और न ही चालकों का लाइसेंस।

लोगों ने अनुमंडल प्रशासन से मांग की है कि मसौढ़ी बाजार में ई-रिक्शा के लिए निर्धारित रूट, स्टैंड और पार्किंग की व्यवस्था की जाए, नाबालिग और बिना लाइसेंस वाले चालकों पर कार्रवाई हो और यातायात पुलिस की तैनाती की जाए, ताकि जाम और हादसों से निजात मिल सके।

## दुरंतो एक्सप्रेस के इंजन में आयी खराबी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोकामा। दानापुर रेल मंडल के मोकामा रेलवे स्टेशन पर सोमवार को हावड़ा-नई दिल्ली दुरंतो एक्सप्रेस का इंजन अचानक फेल हो गया। तकनीकी खराबी के कारण ट्रेन करीब 81 मिनट तक प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर खड़ी रही, जिससे यात्रियों में अफरातफरी की स्थिति बनी रही।जानकारी के अनुसार, 12273 अप दुरंतो एक्सप्रेस सोमवार दोपहर करीब 3:06 बजे मोकामा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर पहुंची थी। ट्रेन के रुकते ही इंजन में तकनीकी खराबी सामने आई। इसके बाद चालक और तकनीकी कर्मचारियों ने मौके पर ही इंजन को ठीक करने का प्रयास शुरू कर दिया।करीब सवा घंटे से अधिक समय तक मशक्कत के बाद इंजन की खराबी को दूर किया जा सका। इंजन के दुरुस्त होने के बाद दुरंतो एक्सप्रेस को करीब 4:27 बजे नई दिल्ली के लिए रवाना किया गया। इस दौरान यात्रियों को ट्रेन के स्टेशन पर खड़े रहने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा।

## प्रसिद्ध कुमार सिंह बने नए रेल थानाध्यक्ष

**मोकामा**। मोकामा रेलवे स्टेशन स्थित रेल थाना के नए थानाध्यक्ष के रूप में प्रसिद्ध कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने थाने की जिम्मेदारी संभालते हुए रेल यात्रियों की सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और स्टेशन परिसर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने को प्राथमिकता बताया।वहीं, मोकामा रेल थाना के पूर्व थानाध्यक्ष नीतीश कुमार का तबादला कर उन्हें आरा रेल थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया है। मोकामा में अपने कार्यकाल के दौरान नीतीश कुमार ने रेल अपराध पर अंकुश लगाने और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर सक्रियता दिखाई। कम अवधि के कार्यकाल में उनके कार्यों की स्थानीय स्तर पर सराहना की गई।पदभार ग्रहण करने के बाद नए थानाध्यक्ष प्रसिद्ध कुमार सिंह ने पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर थाना क्षेत्र की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रेल यात्रियों की सुरक्षा और अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई उनकी प्राथमिकता होगी। स्टेशन परिसर एवं ट्रेनों में होने वाली आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने के लिए लगातार निगरानी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## मसौढ़ी में नशा करने से मना करने पर युवक पर जानलेवा हमला

**मसौढ़ी**। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के रहमतगंज में नशा का विरोध करना एक परिवार को महंगा पड़ गया। आरोप है कि तीन युवकों ने घर के पास नशा करने से मना करने पर एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया, उसकी मां को जमीन पर पटक दिया और सोने की बाली लूट कर फरार हो गए।पीड़िता मुन्नी देवी उम्र 18 वर्ष, पति संजय चौधरी, रहमतगंज ने मसौढ़ी थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।दिए गए आवेदन के अनुसार घटना 13 सितंबर की रात करीब 9:30 बजे की है। मुन्नी देवी अपने घर पर खाना खाकर बैठी थी, तभी घर के पीछे से हल्ला सुनाई दिया। वह अपने पति के साथ पीछे गई तो देखा कि उसका पुत्र दित्यु कुमार को रहमतगंज निवासी रंजीत कुमार उर्फ बि[illegible] कुमार उम्र 24 वर्ष पिता देवेन्द्र साव और उसके दो अज्ञात साथी मार-पीट रहे थे और जाति सूचक गालियां दे रहे थे। पीड़िता ने बताया कि उसके पुत्र ने आरोपियों को घर के पास गांजा-भांग पीने और गाली-गलौज करने से मना किया था। कहा था कि नशा करना है तो कहीं और जाकर करो। इसी बात पर तीनों भड़क गए और बोले कि ?तुम चौधरी जात का इतना बढ़ गए हो कि हमें नशा करने से रोकोगे।इतना ही नहीं, आरोप है कि रंजीत कुमार ने मुन्नी देवी के बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया और कमर से पिस्टल निकालकर उसके पुत्र की कनपटी पर रख दी और जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर जब मोहल्ले के लोग जुटने लगे तो आरोपी मुन्नी देवी के दाहिने कान से सोने की बाली छीनकर पिस्टल लहराते हुए भाग निकला और जाते-जाते जान से मारने की धमकी दी। भागने के दौरान छीना-झपटी में आरोपी की जेब से पिस्टल की दो गोलियां गिर गईं, जिसे पीड़िता ने आवेदन के साथ थाने में जमा किया है। मौके पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचे जहां दो कारतुस को जप्त किया गया है।

## मारपीट मामले के दो आरोपित गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**मसौढ़ी**। पिपरा थाना पुलिस ने मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।मामले को लेकर पारधु गांव निवासी अमन कुमार उम्र 25 वर्ष पिता अरविंद कुमार सिंह ने थाने में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराई थी। पीड़ित के अनुसार 31 अगस्त की शाम करीब 8 बजे वह अपने दरवाजे पर खड़ा था, तभी गांव के ही दो युवक आए और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपी (1) अमन कुमार उम्र 22 वर्ष पिता अविनाश कुमार और (2) गोलू कुमार उम्र 24 वर्ष पिता उदय कुमार दोनों ग्राम पारधु ने हथियार जैसे सामान से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और वह जमीन पर गिर पड़ा। गिरने के बाद दोनों ने लात और डंडे से पिटाई की। शोर सुनकर ग्रामीणों को जुटता देख दोनों धमकी देते हुए फरार हो गए थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## नेपाल त्रासदी और बाढ़ पीड़ितों के लिए माले का राहत संग्रह अभियान

**मसौढ़ी**। नेपाल में आई भीषण त्रासदी और बिहार में बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए भाकपा माले द्वारा 11 से 15 सितंबर तक राहत संग्रह अभियान चलाया गया। अभियान के तहत धनरूआ, मसौढ़ी, सहित विभिन्न बाजारों में कार्यकर्ताओं ने नकद राशि का संग्रह किया। इस संबंध में भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार ने बताया कि नेपाल त्रासदी की भयावहता काफी बड़ी है। करीब दो सप्ताह बाद भी बचाव कार्य जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस त्रासदी में 1,355 लोगों की मौत हुई है, 275 भारतीय नागरिक लापता हैं, जबकि 169 से अधिक भारतीयों को सुरक्षित बचा लिया गया। बिहार में बाढ़ से 14 जिलों के करीब 40 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। 100 से अधिक सड़कें और बांध टूट गए हैं, । कई लाख एकड़ में लगी फसलें नष्ट हो गई हैं। पार्टी की केंद्रीय कमेटी के आ[illegible]न पर यह राहत संग्रह अभियान चलाया गया।धनरूआ के नदवा, पभेरा, मसौढ़ी, दुल्हिन बाजार,में कार्यकताओं ने दुकानदारों और आम लोगों से सहयोग लिया। धनरूआ में अकलू पासवान, निरंजन वर्मा, वीरेंद्र प्रसाद, दीपक पासवान, रामजीवन पासवान, जितेंद्र राम, उपेंद्र मांझी, खुर्शीद अंसारी, दीना राम, मसौढ़ी में राकेश, नागेश्वर पासवान, संजय पासवान, बितेश्वर यादव, कपिल पासवान, कमलेश साव, अख्तर अंसारी, शंकर कश्यप, दुल्हिन बाजार में अमर सेन, आशा देवी, मंगल यादव, मुमताज अंसारी, फुलवारी में गुरुदेव दास, साधु शरण, देवीलाल पासवान, शरीफा मांझी, नलिन ए, भोला प्रसाद सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## धनरूआ में दलित बच्ची की मौत मामला

# भाकपा माले की जांच टीम ने उठाए सवाल, दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव फेंकने का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी**। धनरूआ प्रखंड के पभेरा-महमदपुर में 13 वर्षीय दलित नाबालिग की क्षत-विक्षत लाश के मामले में भाकपा माले की जांच टीम मंगलवार को गांव पहुंची और पीड़ित परिवार व ग्रामीणों से मुलाकात की।

परिजनों ने बताया कि बच्ची 13 सितंबर को शाम करीब 5 बजे बधार गई थी, उसके बाद घर नहीं लौटी। 14 सितंबर की शाम उसका शव गांव के दक्षिण निमार्णाधीन सिक्सलेन के किनारे पानी भरे गड्ढे से बरामद हुआ। परिजनों और ग्रामीणों ने टीम को बताया कि शव देखने से प्रथम दृष्टया लगता है कि बच्ची के साथ छेड़छाड़ की गई और फिर ज्वलनशील पदार्थ से जलाकर हत्या कर शव को सड़क किनारे पानी में फेंक दिया गया। वहीं कुछ लोगों द्वारा पानी में डूबने से मौत की बात कही जा रही है, जो संदिग्ध लगती है। जांच टीम ने मांग की कि



धनरूआ प्रशासन सबसे पहले दुष्कर्म व हत्या का मामला दर्ज कर गहन छानबीन करे। पीड़ित परिवार बेहद गरीब और लाचार है, सरकार उसे आर्थिक मदद करे। विज्ञप्ति में माले ने आरोप लगाया कि जब से बिहार में मौजूदा सरकार आई है, गरीब, दलित, पिछड़े, महिलाओं और बच्चियों पर हमला व उत्पीड़न तेजी से बढ़ा है। धनरूआ में पुलिस अपराधियों को पकड़ने में नाकाम रही है, पुलिस-अपराधी साठगांठ का आरोप भी लगाया। जांच टीम में माले सचिव कॉमरेड अकलू पासवान, वीरेंद्र प्रसाद, निरंजन वर्मा, रिंकू देवी, जितेंद्र राम, खुर्शीद अंसारी, रामजीवन पासवान, नरसिंह पासवान समेत अन्य शामिल रहे।

## सहयोग शिविर में बीडीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी**। अनुमंडल के मसौढ़ी, धनरूआ एवं पुनपुन प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इसी क्रम में मसौढ़ी प्रखंड के शाहाबाद, तिनेरी और निशियावां पंचायत में आयोजित शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने भाग लिया और आमजनों से संवाद किया। बीडीओ ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनकी जरूरतों की जानकारी ली।शिविर में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी और विकास योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। पात्रता और योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन किया गया।बीडीओ प्रभाकर कुमार ने शिविर में प्राप्त आवेदनों और जनसमस्याओं के समय पर निष्पादन का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों को दिया। उन्होंने कहा कि पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सुगम तरीके से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रता के अनुसार लाभ उठाएं।

# घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट का मुख्य आरोपित संजय कुमार गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। थाना क्षेत्र के अदलचक गांव में जमीन जोतकर घर लौटे किसान के घर पर चढ़कर मारपीट, फायरिंग और लूटपाट करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी संजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। मामले को लेकर पीड़ित ने थाने में आवेदन देकर बताया था कि वह अपने खेत जोतकर घर आया था, तभी गांव के ही कामता प्रसाद पिता स्व. मुन्नी यादव, उनके दो पुत्र संजय कुमार और मुकेश कुमार पिता कामता प्रसाद सहित नेपाली प्रसाद उर्फ रामायण पिता स्व. मुन्नी लाल, राहुल कुमार पिता नेपाली प्रसाद, नितीश कुमार पिता विनय प्रसाद, रविश कुमार पिता विनय प्रसाद और सुलेखा देवी पति संजय प्रसाद ने एक राय होकर उनके घर पर चढ़कर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर कामता प्रसाद ने लाठी से सिर पर वार कर दिया जिससे सिर फट गया। मुकेश कुमार द्वारा बंदूक से फायरिंग करने का आरोप है। वहीं संजय कुमार पर पीड़ित की पुत्रवधू लाला देवी पति सुभाष प्रसाद के गले से करीब 65 हजार रुपये का मंगलसूत्र छीनने का आरोप है।पीड़ित के अनुसार मारपीट में नेपाली प्रसाद ने उसके दाहिने हाथ पर लाठी से वार किया जिससे हाथ टूट गया, राहुल कुमार ने उसके पुत्र रामदीपू प्रसाद के बाएं हाथ की कलाई पर वार कर अंगूठा तोड़ दिया, नितीश कुमार ने लोहे के रॉड से सुभाष प्रसाद की पीठ पर वार किया और रविश कुमार ने 12 वर्षीय पोती सुजांती कुमारी के पैर पर लाठी से वार कर बेहोश कर दिया। सुलेखा देवी पर घर से पीतल का बर्तन चुराकर भागने का भी आरोप लगाया गया है।पीड़ित ने बताया कि पूर्व में भी केस संख्या 602/2019 में इन्हीं लोगों द्वारा मारपीट की गई थी, जो न्यायालय में लंबित है।इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर मुख्य आरोपी संजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है,

# डकैती कांड का पुलिस को अब तक सुराग नहीं, दुकानदारों में रोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी**। भगवानगंज थाने से महज कुछ ही दूरी पर स्थित चांदनी अलंकार में 20 जुलाई की रात हुई भीषण डकैती कांड मे पुलिस को अब तक सफलता नहीं मिल पाई, इस डकैती कांड के तीन महीना पूरे होने को हैं लेकिन पुलिस को अब तक कोई भी सुराग नहीं मिल पाई है डीइईओ और टेक्निकल टीम इस पूरे घटना को उदभेदन में लगी हैं, लगातार आसूचना के आधार पर ताबड़तोड़ छापेमारी चल रही है लेकिन अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं। जिसको लेकर न केवल चांदनी अलंकार के ओनर बल्कि पूरे भगवानगंज बाजार के आभूषण दुकानदारों में इसके प्रति रोष है। अब तक पुलिस के द्वारा उद्वेदन नहीं किए जाने को लेकर बीते एक महीना पहले विरोध में शुक्रवार को पूरे भगवानगंज बाजार को आक्रोशित दुकानदारों ने बंद रखा। दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन को अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है।दुकानदारों का कहना है कि यदि एक हफ्ते के भीतर इस डकैती में शामिल सभी अपराधियों को गिरफ्तार नहीं किया गया और बाजार की सुरक्षा सुनि[illegible]त नहीं की गई, तो वे चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे। गौरतलब है की 20 जुलाई की देर रात 8 से 10 की संख्या में नकाबपोश और हथियारबंद अपराधियों ने घर के पीछे से सीढ़ी लगाकर घर में प्रवेश किया था। हथियार के बल पर घर के सभी सदस्यों को बंधक बनाकर बदमाशों ने घर और आभूषण दुकान से तकरीबन 250 ग्राम सोना, 15 किलो चांदी और 30 हजार रुपये नगद लूट लिए और फरार हो गए।इस घटना के बाद से भगवानगंज के व्यापारियों में दहशत का माहौल है।दुकानदारों का सवाल है कि जब थाना से कुछ ही दूरी पर स्थित एक बड़ी आभूषण दुकान में डकैती हो सकती है, तो पुलिस प्रशासन की पेट्रोलिंग और चौकसी पर सवाल उठना लाजमी है।

# सहयोग शिविर में खाली पड़े रहे कई काउंटर

## शाम चार बजे तक लगना था शिविर, दोपहर में ही कई विभागों के कर्मियों के चले जाने पर उठे सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज (पटना)**। आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े, इसके लिए बिहार सरकार की ओर से पंचायत और वार्ड स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

इन शिविरों में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को मौजूद रहकर लोगों की समस्याएं सुनने और उनका त्वरित निष्पादन करने का निर्देश है। लेकिन पालीगंज में आयोजित सहयोग शिविर में ही सरकारी व्यवस्था की लापरवाही सामने आ गई।

मंगलवार को पालीगंज नगर पंचायत के वार्ड संख्या-20 स्थित मध्य विद्यालय, खपुरा में जन सहयोग शिविर लगाया गया था। शिविर की कवरेज करने पहुंचे संवाददाता ने देखा कि कई विभागों के काउंटर खाली पड़े थे। राजस्व एवं भूमि सुधार, पंचायती राज, गृह, उत्पाद, बैंकिंग समेत कई विभागों के लिए बनाए गए काउंटरों पर न तो पदाधिकारी मौजूद थे और न ही कोई कर्मी। मौके पर स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग और नगर पंचायत के कर्मी मौजूद थे, लेकिन संबंधित विभागों के पदाधिकारी वहां नहीं थे। इसके अलावा कई अन्य विभागों का भी कोई प्रतिनिधि



शिविर में नजर नहीं आया।

इससे शिविर में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे लोगों को संबंधित विभागों के अधिकारियों के नहीं आने से इंतजार कर लौटना पड़ा।

शिविर की वास्तविक स्थिति की जानकारी पालीगंज एसडीएम चंदन कुमार को मोबाइल फोन के माध्यम से दी गई। इसी दौरान शिविर की तस्वीरें और वीडियो बनाए जाने लगे। इसकी सूचना वहां मौजूद कर्मियों ने नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी भावना को दी। सूचना मिलने के कुछ देर बाद कार्यपालक पदाधिकारी शिविर स्थल पर पहुंचीं।

विभागीय प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति के संबंध में पूछे जाने पर कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि सभी संबंधित विभागों को शिविर आयोजित होने की जानकारी दे दी गई थी। उन्होंने कहा कि किसी विभाग की ओर से कोई नहीं आया तो वे क्या कर सकती हैं। खाली पड़े काउंटरों के बारे में उन्होंने मौके पर मौजूद कर्मियों से जानकारी ली। इसके बाद बताया गया कि उत्पाद विभाग और जीविका की टीम के लोग शिविर में आए थे, लेकिन बाद में चले गए।

**दोपहर में ही क्यों चले गए कर्मी?**

सहयोग शिविर को 10 बजे से लेकर शाम चार बजे तक संचालित किया जाना था, ऐसे में देर से आना और दोपहर में ही संबंधित विभागों के कर्मियों के चले जाने की बात कई सवाल खड़े करती है।

यदि निर्धारित समय तक आम लोग अपनी समस्याएं लेकर शिविर में पहुंचते हैं, तो संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति में उनकी शिकायतों का समाधान कैसे होगा?

शिविर में अधिकांश विभागों के प्रतिनिधियों की गैरमौजूदगी और निर्धारित समय से पहले कर्मियों के चले जाने के संबंध में जब जवाबदेही तय करने को लेकर सवाल किया गया तो स्पष्ट जवाब नहीं मिल सका। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि जब सहयोग शिविर में ही विभागों के अधिकारी और कर्मी मौजूद नहीं रहेंगे, तो सरकार की इस पहल का लाभ आम लोगों तक कैसे पहुंचेगा?

# पाटलिपुत्र खेल परिसर में एसयू कॉलेज हिलसा का जलवा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दनियावां/हिलसा**। पाटलिपुत्र खेल परिसर, कुम्हरार में चल रहे अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता - 2026 में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई दनियावां के समीपवर्ती श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा, नालंदा की एथलेटिक्स यूनिट ने अपना परचम लहरा दिया।

खेल प्रभारी डॉ० रविन्द्र साह ने बताया कि कॉलेज की छात्रा तनु कुमारी ने हाई जंप प्रतिस्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण और 2 रजत पदक प्राप्त किया। वहीं बाधा दौड़ प्रतिस्पर्धा में आयुष कुमार ने रजत पदक जीता। वहीं रिले रेस में तनु कुमारी, सोनाली कौर और प्रिया कुमारी की तिकड़ी ने 2 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर एस०यू० कॉलेज, हिलसा का नाम रोशन किया। जबकि 1500 मीटर दौड़ में कॉलेज के छात्र पंकज कुमार ने कांस्य पदक जीता।



विदित हो कि श्री साह के नेतृत्व में 2025 के एथलेटिक इवेंट्स में भी महाविद्यालय ने अपनी विजय पताका फहराई थी।

इस अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में कॉलेज ऑफ कॉमर्स आर्ट्स एंड साइंस, एएन कॉलेज, टीपीएस कॉलेज पटना, बीएन कॉलेज, हाजीपुर का आरएलएसवाई कॉलेज, भीखना पहाड़ी जैसे बड़े कॉलेजों के धुरंधर प्रतिभागियों से कड़ी स्पर्धा मिली।इस शानदार जीत पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो० (डॉ०) शिवचंद्र सिंह ने सभी विजेता प्रतिभागियों की हौसला अफजाई की और कुछ समय बाद बधाई कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की।

सोमवार और मंगलवार की इस गौरवान्वित क्षण पर एनएसएस पदाधिकारी डॉ० पिंकी कुमारी, बीबीए को-ऑर्डिनेटर डॉ संदीपा इंद्रा, परीक्षा नियंत्रक डॉ० एसपी ठाकुर, मीडिया प्रभारी डॉ राजीव नयन, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ घनश्याम कुमार,डॉ अभिषेक कुमार,डॉ अश्विनी कुमार झा, डॉ सम्राट सरकार,पर्यावरण विभाग के प्राध्यापक डॉ अमित कुमार,डॉ प्रभात कुमार,डॉ भुवनेश्वर मंडल,प्रो अरविंद कुमार,डॉ पीसी चौरसिया,आलोक कुमार सिंह,कुमार पवन, शैलेश, राजा,गुड्डु, प्रधान सहायिका सुभद्रा सिन्हा, सनोज मालाकार, नवीन, श्री मधुसूदन, सुजीत कुमार,गॉर्ड राजेश यादव,परमेन्द्र,उपाध्यक्ष जलेन्द्र कुमार,छात्र संघ के रिशु पटेल,पंकज कुमार, धर्मेंद्र यादव, आशीष पटेल,साहिल कुमार व सैदनपुर के सामाजिक कार्यकर्ता जैनेन्द्र कुमार ने इस उपलब्धि के लिए स्पोर्ट्स इंचार्ज रविन्द्र स ́व विजेता प्रतिभागियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। महाविद्यालय की इस सफलता पर हिलसा छात्र संघ ,बाजार व प्रतिभागियों के गांव में जश्न का माहौल है।

# बसों के टाइम-टेबल को ले बस मालिकों के साथ बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज (पटना)**। अनुमंडल पदाधिकारी पालीगंज की अध्यक्षता में मंगलवार को अनुमंडल सभा कक्ष में बस मालिकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यपालक दंडाधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में बसों के निर्धारित टाइम-टेबल से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान वर्तमान बस समय-सारणी, बसों के संचालन में आ रही समस्याओं तथा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक समायोजन पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। एसडीओ ने बस मालिकों से आपसी समन्वय स्थापित कर निर्धारित समय-सारणी के अनुसार बसों का संचालन सुनि[illegible]त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बसों के परिचालन में समय-सारणी का पालन होने से यात्रियों को काफी सुविधा होगी और बसों के बीच अनावश्यक प्रतिस्पर्धा एवं अव्यवस्था की स्थिति से भी बचा जा सकेगा। बैठक में बस मालिकों को निर्धारित टाइम-टेबल का पालन करने तथा प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### टी.पी.एस. कॉलेज में पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा का सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन



**पटना, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टी.पी.एस. कॉलेज में पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षा का सफलतापूर्वक एवं सुव्यवस्थित संचालन किया गया। परीक्षा के दौरान पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. प्रणय गुप्ता, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकुल कुमार, पी.पी.यू. एन.एस.एस. कोऑर्डिनेटर डॉ. सुजीत दुबे एवं कॉलेज इंस्पेक्टर श्री कृष्णनंदन प्रसाद ने महाविद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान परीक्षा की व्यवस्थाएँ संतोषजनक एवम परीक्षा शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संचालित होती पाई गई। अधिकारियों ने परीक्षा को सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए महाविद्यालय प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं एवम महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक मुकुंद कुमार एवं परीक्षा विभाग के अम्बरीश कुमार के द्वारा परीक्षा संचालन में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की विशेष प्रशंसा की।

### अरेराज अनुमंडलीय अस्पताल का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**अरेराज, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के द्वारा क्षेत्र भ्रमण के क्रम में अरेराज अनुमंडलीय अस्पताल का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रोस्टर के अनुसार सभी चिकित्सा एवं कर्मी उपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने अस्पताल में



उपलब्ध दवाइयों की सूची मांगी और दवाइयों का रख रखाव को देखा गया। अस्पताल में आये हुए मरीज से मिलकर जिलाधिकारी ने उनकी चल रही चिकित्सा एवं उनको दी जा रही सुविधा की जानकारी प्राप्त की।जिलाधिकारी के द्वारा संपूर्ण परिसर रख रखाव एवं स्वच्छता को लेकर जरूरी निर्देश दिया गए।

### हिंदी दिवस पर जेपी विश्वविद्यालय में भाषा की समृद्धि और वैश्विक स्वरूप पर मंथन

**छपरा (सारण), नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** हिंदी दिवस के अवसर पर सोमवार, 14 सितंबर को जयप्रकाश विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. परमेंद्र कुमार बाजपेयी ने की। कार्यक्रम में हिंदी भाषा के महत्व, उसकी वर्तमान प्रासंगिकता, साहित्यिक समृद्धि तथा वैश्विक स्तर पर बढ़ते प्रभाव पर वक्ताओं ने विस्तार से विचार रखे।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. डॉ. परमेंद्र कुमार बाजपेयी ने कहा कि हिंदी केवल भारत की भाषा नहीं, बल्कि दुनिया के विभिन्न देशों तक पहुंच बनाने वाली सशक्त भाषा है। मॉरीशस, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबैगो जैसे देशों में भी भारतीयों के माध्यम से हिंदी पहुंची है। उन्होंने कहा कि हिंदी को केवल बोलने तक सीमित न रखते हुए इसे अपने दैनिक जीवन के व्यवहार में अधिक से अधिक प्रयोग करने की आवश्यकता है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर अधिक से अधिक परिपत्र एवं सूचनाएं हिंदी माध्यम में जारी होनी चाहिए। उन्होंने हिंदी में हस्ताक्षर करने तथा हिंदी को अपनी बोलियों और उपभाषाओं के साथ-साथ तमिल, बांग्ला और उड़िया जैसी भारतीय भाषाओं के साथ मिलकर आगे बढ़ाने पर भी बल दिया।

कार्यक्रम में प्रो. अजय कुमार ने संपर्क भाषा के रूप में हिंदी के निरंतर विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी आज वैश्विक भाषा के रूप में उभर रही है। उन्होंने हिंदी के वर्तमान स्वरूप को विज्ञान एवं वाणिज्य से जोड़कर देखने की आवश्यकता बताई।

### सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं ने पकड़ी रफ्तार, तीन महीने में रिकॉर्ड 1,643 सर्जरी

**हाजीपुर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर अस्पताल हाजीपुर में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ इलाज मुहैया कराने की दिशा में स्वास्थ्य सेवाओं ने नई ऊंचाई छुई है। अस्पताल के एमसीएच ओटी और जनरल ओटी में बीते तीन महीनों जून, जुलाई और अगस्त के दौरान कुल 1,643 सफल ऑपरेशन किए गए। यह आंकड़ा जिले में सुदृढ़ होती चिकित्सा व्यवस्था और सरकारी स्वास्थ्य तंत्र पर आम लोगों के बढ़ते भरोसे को साफ दशार्ता है। अस्पताल के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने सुरक्षित मातृत्व के क्षेत्र में उल्लेखनीय



काम किया है। इस विभाग में तीन महीनों के भीतर कुल 1,565 शल्य प्रक्रियाएं की गईं, जिनमें 1,290 एलएससीएस यानी सिजेरियन प्रसव और 275 पीपीएस शामिल हैं। विभाग में माहवार आंकड़ों पर नजर डालें तो जून में 421 और जुलाई में 494 ऑपरेशन हुए, जबकि अगस्त में यह संख्या बढ़कर रिकॉर्ड 650 तक पहुंच गई, जो इस पूरी अवधि में सबसे अधिक है। दूसरी ओर जनरल सर्जरी विभाग ने भी आपातकालीन और सामान्य दोनों तरह के मामलों में तत्परता दिखाई है। विभाग में जून से अगस्त के बीच कुल 353 सर्जरी की गईं। इनमें सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े आरटीए वुंड रिपेयर के 187 मामले प्रमुख रहे। इसके अलावा सिस्ट के 23, आई एंड डी के 13, फाइमोसिस के 8, फॉरेन बॉडी निकालने के 9 और अन्य विभिन्न प्रकार की शल्य प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक पूरी की गईं। अस्पताल के कुल प्रदर्शन की बात करें तो तीनों महीनों में ऑपरेशन के आंकड़ों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई। जून में कुल 446 और जुलाई में 535 सर्जरी की गईं, जबकि अगस्त में यह आंकड़ा बढ़कर 662 तक पहुंच गया। प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. शाहू ने कहा कि सदर अस्पताल में आने वाले हर मरीज को समय पर बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना स्वास्थ्य महकमे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि आवश्यक शल्य प्रक्रियाएं अस्पताल स्तर पर ही सुनिश्चित होने से मरीजों को बाहर रेफर करने की जरूरत काफी कम हुई है, जिससे सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।

### सभी भाषाओं का सम्मान, हिंदी का अपना विशिष्ट महत्व : डीएम

**हाजीपुर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।**हिंदी दिवस समारोह 2026 के अवसर पर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं जिला प्रशासन, वैशाली के संयुक्त तत्वावधान में पुष्करणी सभाकक्ष में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ( भा.प्र.से. ) ने किया। संगोष्ठी में प्रबुद्ध साहित्यकारों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने कहा कि सभी



भाषाओं का सम्मान होना चाहिए। प्रत्येक भाषा का अपना महत्व है और हिंदी का भी अपना विशिष्ट महत्व है। हिंदी देश के व्यापक जनसमुदाय के बीच संवाद का सशक्त माध्यम होने के साथ-साथ हमारी समृद्ध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परंपरा की महत्वपूर्ण भाषा है। उन्होंने कहा कि भारत की भाषाई विविधता हमारी सांस्कृतिक समृद्धि और सामाजिक एकता की पहचान है। हिंदी के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ सभी भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान की भावना बनाए रखना आवश्यक है। भाषा लोगों को जोड़ने, विचारों के आदान-प्रदान तथा समाज में सकारात्मक चेतना के निर्माण का प्रभावी माध्यम है।

**जिला के 81 पंचायतों मे आयोजित हुआ सहयोग शिविर**

# जन समस्याओं का किया गया निराकरण

**हरसिद्धि प्रखंड के सोनबरसा में आयोजित सहयोग शिविर में जिलाधिकारी ने शिरकत कर जनता की सुनी समस्याएं**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मोतिहारी।** आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान तय सीमा में सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार के निदेर्शानुसार पूर्वी चंपारण जिला के सभी 27 प्रखंडों के कुल 81 पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने हरसिद्धि प्रखंड के सोनबरसा पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में शिरकत किए और आमजन की समस्याओं को सुना। उनके साथ शिविर में प्रखंड के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जन समस्याओं का किया गया निराकरण बड़ी संख्या में शिविर में आए हुए नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं आवश्यकताओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि सहयोग शिविर का आयोजन राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही निराकरण किया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव, प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थाना अध्यक्ष के स्तर की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है।

राज्य सरकार के सात निश्चय पार्ट 3 अंतर्गत "सबका सम्मान-जीवन आसान" निश्चय के तहत बिहार सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु गांव-गांव तक प्रशासनिक पहुंच सुनिश्चित कर रही है। सहयोग शिविर केवल समस्याओं के समाधान और योजनाओं की जानकारी देने का माध्यम ही नहीं, बल्कि जनता और प्रशासन के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करने का प्रभावी मंच है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि किसी भी व्यक्ति को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। जिला प्रशासन पूर्वी चंपारण इसको लेकर लगातार प्रयासरत है।

**हिंदी को जन-जन के व्यवहार में उतारने और भारतीय भाषाओं के साथ मिलकर आगे बढ़ाने पर दिया गया जोर**

## हिंदी दिवस पर जेपी विश्वविद्यालय में भाषा की समृद्धि और वैश्विक स्वरूप पर मंथन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**छपरा (सारण)।** हिंदी दिवस के अवसर पर सोमवार, 14 सितंबर को जयप्रकाश विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. परमेंद्र कुमार बाजपेयी ने की। कार्यक्रम में हिंदी भाषा के महत्व, उसकी वर्तमान प्रासंगिकता, साहित्यिक समृद्धि तथा वैश्विक स्तर पर बढ़ते प्रभाव पर वक्ताओं ने विस्तार से विचार रखे।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. डॉ. परमेंद्र कुमार बाजपेयी ने कहा कि हिंदी केवल भारत की भाषा नहीं, बल्कि दुनिया के विभिन्न देशों तक पहुंच बनाने वाली सशक्त भाषा है। मॉरीशस, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबैगो जैसे देशों में भी भारतीयों के माध्यम से हिंदी पहुंची है। उन्होंने कहा कि हिंदी को केवल बोलने तक सीमित न रखते हुए इसे अपने दैनिक जीवन के व्यवहार में अधिक से अधिक प्रयोग करने की आवश्यकता है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर अधिक से अधिक परिपत्र एवं सूचनाएं हिंदी माध्यम में जारी होनी चाहिए। उन्होंने हिंदी में हस्ताक्षर करने तथा हिंदी को अपनी बोलियों और उपभाषाओं के साथ-साथ तमिल, बांग्ला और उड़िया जैसी भारतीय भाषाओं के साथ मिलकर आगे बढ़ाने पर भी बल दिया।कार्यक्रम में प्रो. अजय कुमार ने संपर्क भाषा के रूप में हिंदी के निरंतर विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी आज वैश्विक भाषा के रूप में उभर रही है।

## ‘राजभाषा के रूप में हिंदी का भविष्य’ बिषय पर हिंदी दिवस समारोह का किया गया आयोजन



मोतिहारी महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के राजभाषा प्रकोष्ठ एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में ‘राजभाषा के रूप में हिंदी का भविष्य’ विषय पर हिंदी माह के अंतर्गत हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न और पौधे के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।इस कार्यक्रम के संरक्षक तथा अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव सर ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि औपनिवेशिक मानसिकता के कारण हम हिंदी की अपेक्षा अंग्रेजी को अधिक महत्व देते हैं। हमें इस औपनिवेशिक मानसिकता से बाहर निकलना होगा। तभी हम हिंदी को सशक्त एवं समृद्ध बना सकेंगे ’ स्वागत वक्तव्य में राजभाषा प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रोफेसर राजेंद्र सिंह ने कहा कि हिंदी के भविष्य को लेकर चिंता करने की आवश्यकता नहीं है वह निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। साथ ही उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि हिंदी के साथ-साथ भारत की भाषाओं का भी सम्मान करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. अतुल कुमार शरण, विशेष कार्याधिकारी (प्रशासन) ने अपने वक्तव्य में वर्तमान संदर्भ में हिंदी की तकनीकी, वैज्ञानिक और और व्यावहारिक पक्ष पर विस्तार से अपनी बातें रखीं। इन्होंने विभागों के नाम अंग्रेजी के साथ- साथ हिंदी में भी लिखने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने हस्ताक्षर आदि भी हिंदी में करने की सलाह दी। गांधी भवन परिसर के निदेशक एवं विश्वविद्यालय के मुख्य कुलानुशासक प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने राजभाषा के रूप में हिंदी के भविष्य को उज्जवल बताया । उन्होंने अपने वक्तव्य में आगे कहा की हिंदी राजभाषा के साथ ही अघोषित रूप से भारत की राष्ट्रभाषा भी है।

डॉ. श्यामनंदन सहायक आचार्य, हिंदी विभाग ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रहलाद जोशी, मंत्री मंडल सचिव डॉ. टी.वी. सोमनाथन के साथ ही उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय नई दिल्ली की सचिव दीप्ति गौर मुकर्जी के संदेश का वाचन किया। साथ उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि हिंदी को गैर हिंदी भाषी लोगों ने भी समृद्ध किया है।

## रोगी कल्याण समिति शासी निकाय की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** सचिव स्वास्थ्य, बिहार सरकार के पत्रांक 201 दिनांक 09.09.2026 के आलोक में सदर अस्पताल, मोतिहारी के भवनो का रंग-रोगन / लघु मरम्मती, मरीज सुविधाएँ एवं अन्य आवश्यक कार्यों हेतु प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने हेतु आज दिनांक 14.09.2026 को जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष, रोगी कल्याण समिति (शासी निकाय) सदर अस्पताल, मोतिहारी की अध्यक्षता मे शासी निकाय की बैठक किया गया।

उक्त बैठक में पारित प्रस्तावः- पुराना भवन का रंग - रोगन का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया। एमसीएच भवन का शौचालय, कोरीडोर, अठउ एवं रठउव के सिपेज भाग को रंग - रोगन का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया। ओपीडी शौचालय का जिणोर्धार का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया। इमरजेंसी भवन के 06 बाथरूम का जिणोर्धार का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया ।

शौचालय सीट एवं टंकी की उच्चाई बढाने एवं लघु मरम्मति कार्य का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया। एमसीएच एवं क्ढऊ के पुराने भवन का शॉट सर्किट एवं पुराना जीर्णर्शीण वायरिंग कार्य का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया। मरीज सुविधा अर्न्तगत डढऊ भूतल पर फ्ढ एवं शीतल-जल की व्यवस्था का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया ।

मरीजो के बैठने हेतु स्टील / सिमेन्टेड बेंच एवं ळश का व्यवस्था करने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया। अन्य आवश्यक कार्य अर्न्तगत ओपीडी दवा वितरण डेस्क /आईसीयू में नसिंग काउन्टर का निर्माण कार्य का प्रास्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया।

## जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (बीस सूत्री) की बैठक में

**हाजीपुर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय परिसर स्थित पुष्करणी सभागार, हाजीपुर में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (बीस सूत्री) की समीक्षात्मक बैठक जिला प्रभारी मंत्री-सह-मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, निशांत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के प्रारंभ में जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा माननीय प्रभारी मंत्री को नव पौध भेंट कर स्वागत किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं समिति सदस्यों का नव पौध भेंट कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दीप प्रज्वलित कर बैठक का विधिवत शुभारंभ किया गया।

## बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय और हीफर इंटरनेशनल के बीच एमओयू

**किसानों-पशुपालकों की आय बढ़ाने के साथ बकरी, भैंस और सूअर पालन को बढ़ावा देने पर जोर**

**पटना, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में पशुपालन को आजीविका का अधिक प्रभावी और टिकाऊ माध्यम बनाने तथा किसानों एवं पशुपालकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना और हीफर इंटरनेशनल के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू 20 अगस्त 2026 से प्रभावी है और 19 अगस्त 2031 तक लागू रहेगा।



एमओयू के माध्यम से दोनों संस्थान संयुक्त अनुसंधान, प्रशिक्षण, फील्ड एक्सपोजर, विस्तार गतिविधियों, ज्ञान के प्रसार और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में सहयोग करेंगे।

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने कहा कि ऐसे समझौतों के माध्यम से दोनों संस्थान अपनी विशेषज्ञता और अनुभव को साझा कर बेहतर परिणाम हासिल कर सकते हैं।

कुलपति ने कहा कि बिहार की भौगोलिक एवं जलवायु परिस्थितियों को देखते हुए भैंस यहां पशुपालकों के लिए महत्वपूर्ण विकल्प हो सकती है। भैंस के दूध में मिल्क सॉलिड की मात्रा अधिक होने के कारण डेयरी क्षेत्र में इसका विशेष महत्व है।

डॉ. सिंह ने कहा कि अच्छे जर्मप्लाज्म की पहचान कर उसे विश्वविद्यालय के हर्ड में शामिल किया जाना चाहिए। कुलपति ने सूअर पालन को भी हीफर इंटरनेशनल के कार्यक्रमों में शामिल करने की आवश्यकता बताई।

विश्वविद्यालय के निदेशक अनुसंधान डॉ. एन. के. सिंह ने एमओयू की प्रमुख विशेषताओं और इसके संभावित लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## रोमांचक मुकाबले में दिघवारा ने जीता एसएसआर मेमोरियल कबड्डी टूनार्मेंट का खिताब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दिघवारा (सारण)।** सारण जिले के दिघवारा प्रखंड के आमी में आयोजित एसएसआर मेमोरियल कबड्डी टूनार्मेंट का खिताबी मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा। प्रतियोगिता में दिघवारा, नयागांव, परसा और इसुआपुर की टीमों ने हिस्सा लिया। शानदार प्रदर्शन के दम पर दिघवारा की टीम ने इसुआपुर को 12 अंकों से हराकर विजेता कप पर कब्जा जमा लिया, जबकि इसुआपुर की टीम उपविजेता रही।

प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला दिघवारा और नयागांव के बीच खेला गया, जिसमें दिघवारा ने नयागांव को छह अंकों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में इसुआपुर ने परसा की टीम को 13 अंकों से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। फाइनल मुकाबले में दिघवारा और इसुआपुर की टीमों के बीच जोरदार संघर्ष देखने को मिला। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। आखिरकार दिघवारा ने बेहतर रणनीति और दमदार प्रदर्शन के बल पर इसुआपुर को 12 अंकों से शिकस्त देकर खिताब अपने नाम कर लिया।

**खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह :** समापन समारोह के मुख्य अतिथि सोनपुर विधायक विनय कुमार सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलता है। विधायक ने राज्य सरकार की मेडल लाओ, नौकरी पाओ योजना, सारण में खेल सुविधाओं के विकास तथा खेल से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर खिलाड़ियों से संवाद भी किया।

प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक के रूप में राष्ट्रीय रेफरी दीपक कुमार सिंह, ऋषभ कुमार सिंह एवं पवन कुमार ने अपनी भूमिका निभाई।

समापन समारोह में नरेंद्र सिंह, रणविजय सिंह, उमाशंकर सिंह, हरिओम सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन समिति की ओर से विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन से स्थानीय लोगों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

# जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान

**जनभागीदारी, स्वच्छता, जागरूकता, सांस्कृतिक एवं जनसेवा से जुड़ी गतिविधियाँ होगी संचालित**



**मोतिहारी, नवबिहार टाइम्स संवादाता।** सरकार के सचिव, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में 17 सितंबर 2026 से 17 अक्टूबर 2026 तक "सेवा संकल्प अभियान" को प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन किया जाना है। इसको लेकर जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे जबकि अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे। उक्त बैठक में उपस्थित सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में सार्वजनिक परिसंपत्तियों के सुदृढ़ीकरण, अनुरक्षण एवं जनसुविधाओं के उन्नयन के उद्देश्य से विशेष अभियान ह्लसेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियानह्व का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 17 सितंबर 2026 से 17 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न तिथियों पर अलग-अलग कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित की जाएंगी जिससे संबंधित आदेश निर्गत है।अभियान का उद्देश्य सरकारी एवं सार्वजनिक परिसंपत्तियों के बेहतर रख-रखाव के साथ - साथ जनभागीदारी को बढ़ावा देना, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा सेवा भावना को जन-जन तक पहुंचाना है।

निर्धारित कार्यक्रम एवं गतिविधियांः-

1. आशावाद का दीया— 17 सितंबर 2026, संध्या पहर

जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड मुख्यालय में महत्वपूर्ण स्थलों सहित सभी ग्राम पंचायत भवन, स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय, सामुदायिक भवन तथा प्रमुख टोला क्षेत्र में दीप प्रज्ज्वलित की जाएगी। इस गतिविधि के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लोगों की भागीदारी के साथ सेवा एवं विकास के प्रति सकारात्मक संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम के लिए जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका/कार्यक्रम पदाधिकारी, बीपीएम-जीविका एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को नोडल दायित्व दिया गया है। जिला स्तर पर मोतिहारी में अटल पथ पर आशीर्वाद का दिया जलाया जाएगा।

2. सेवा चित्र — 17 सितंबर से 7 अक्टूबर 2026 के बीच

जिले के अंतर्गत सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में ह्लविकसित भारत संकल्प तथा 25 साल में सेवा कार्य विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को सेवा, विकास, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण के विषयों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है।

3. सेवा स्मरण — 2 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2026 तक

पिछले 25 वर्षों के सेवा कार्य, प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं तथा देश में आए बदलावों की कहानियों को गीतात्मक एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इस गतिविधि के जरिए विभिन्न विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी प्रयासों को रचनात्मक एवं सांस्कृतिक माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम का नोडल दायित्व कला एवं संस्कृति विभाग को दिया गया है।

4. आंगन का मिलन —

जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका एवं आशा कर्मियों के सम्मान, अनुभव संवाद एवं बच्चों की मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जमीनी स्तर पर सेवाएं देने वाले कर्मियों के योगदान को सम्मानित करना तथा बच्चों एवं समुदाय के बीच सकारात्मक संवाद एवं सहभागिता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के लिए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आईसीडीएस एवं सिविल सर्जन को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है।

5. कहानी बदलाव की— 17 सितंबर 2026 से प्रारंभ

इस गतिविधि के अंतर्गत वास्तविक वीडियो/रील तैयार कर डिजिटल संग्रह बनाया जाएगा तथा उनका नियमित प्रकाशन किया जाएगा।

# इंद्रपुरी जलाशय निर्माण स्थल का सांसद ने किया निरीक्षण

## 35 वर्षों से किसान कर रहे मांग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** काराकाट के सांसद राजाराम सिंह के नेतृत्व में प्रस्तावित इंद्रपुरी जलाशय निर्माण स्थल का भौगोलिक एवं जमीनी निरीक्षण किया गया। इस प्रतिनिधिमंडल में भारतीय किसान महासभा के अन्य नेता भी शामिल रहे। टीम ने आसपास के गांवों का दौरा कर ग्रामीणों और किसानों से मुलाकात की। उनकी समस्याओं को जाना समझा। जलाशय निर्माण से जुड़ी स्थानीय परिस्थितियों और किसानों की जरूरतों को समझने का प्रयास किया गया। सांसद ने कहा कि लंबित इंद्रपुरी जलाशय परियोजना क्षेत्र के किसानों की लंबे समय से चली आ रही मांग है। वर्ष 1990 में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने इस परियोजना की नींव रखी थी। इसके बाद करीब 35 वर्ष बीत जाने के बावजूद परियोजना का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। दशकों से परियोजना के लंबित रहने का सबसे बड़ा असर क्षेत्र के किसानों पर पड़ा है।

उन्होंने कहा कि सिंचाई की पर्याप्त और स्थायी व्यवस्था नहीं होने के कारण किसानों की खेती आज भी काफी हद तक बारिश पर निर्भर है। कदवन जलाशय का निर्माण पूरा होने से बड़ी संख्या में किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाया जा सकता है. इससे कृषि उत्पादन बढ़ेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इलाके के हजारों किसानों की उम्मीद, उनकी खेती और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा यह सवाल है। उन्होंने सोन नहरों के आधुनिकीकरण की भी आवश्यकता बतायी। ताकि सिंचाई व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इनके साथ भाकपा माले नेता एवं पूर्व विधायक महानंद सिंह, डॉ. अजीत कुशवाहा, नवीनगर विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी रह चुके आमोद चंद्रवंशी, किसान नेता विनोद सिंह, रामाधार सिंह, अशोक यादव, कृष्णा प्रसाद, सत्येंद्र मेहता, नागेंद्र मेहता, वीरेंद्र वर्मा, झारखंड के किसान नेता कालीचरण मेहता, त्रिलोकी कुमार मौजूद थे।

## करंट की चपेट में आए युवक के परिजनों को मिला चार लाख का मुआवजा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के कपूर बिगहा गांव में करंट की चपेट में आने से मृत युवक के परिजनों को मंगलवार को चार लाख रुपये का मुआवजा दिया गया। मृतक की पहचान कपूर बिगहा निवासी 26 वर्षीय मृत्युंजय कुमार के रूप में हुई थी। 18 अक्टूबर 2025 को शौच के लिए जाने के दौरान वह विद्युत करंट की चपेट में आ गया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। पंचायत समिति प्रतिनिधि जुबैर अंसारी ने बताया कि आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद दाउदनगर बिजली कार्यालय की ओर से मृतक की पत्नी प्रीति कुमारी को चार लाख रुपये की मुआवजा राशि प्रदान की गई। मुआवजा मिलने से परिजनों को आर्थिक सहारा मिला है।

# गणेश महोत्सव के मौके पर स्थापित की गई भगवान गणेश की प्रतिमा, उमड़े श्रद्धालु



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के महाराजगंज स्थित एकता क्लब के द्वारा गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। महोत्सव को लेकर क्लब परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। पूजा-अर्चना में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान गणेश के दर्शन किए।

कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, भाजपा नेता विनय सिंह, सुबोध सिंह, शुभम सिंह, बबलू सिंह, जितेंद्र गुप्ता (पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि), संतोष साहू, पवन शर्मा, चुनू शर्मा, विक्की कश्यप, रोहित कुमार, डॉ. शिशिर विश्वास, संजय योगी, शशि सोनी एवं कमेटी के सदस्यों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कमेटी अध्यक्ष दिलीप सोनी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष गणेश महोत्सव के अवसर पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धा और उत्साह के साथ पूजा-अर्चना की जाती है। महोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान गणेश का दर्शन एवं पूजन करते हैं। उन्होंने कहा कि क्लब का उद्देश्य धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव सहित क्लब के अन्य सदस्य एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। कमेटी में अध्यक्ष दिलीप सोनी, सचिव अमर कुमार, बैजू सोनी, भोला सोनी एवं उपेंद्र सोनी सहित अन्य सदस्य शामिल

# शिक्षकों की मांग, हमारी प्राथमिकता



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक संघ के शिक्षकों ने मविधायक डॉ. प्रकाशचंद्र से उनके दाउदनगर भखरुआं स्थित कार्यालय में मिलकर अपनी मांग से सम्बंधित ज्ञापन दिया। शिक्षकों ने सातवें वेतन आयोग के अनुरूप लेवल-6 से लेवल-9 तक वेतनमान एवं उचित पे लेवल प्रदान किए जाने से संबंधित मांग-पत्र सौंपा। विधायक ने शिक्षक समाज की भावनाओं और उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलकर इस विषय पर प्रभावी ढंग से बातचीत करूंगा। कहा कि समाधान की दिशा में हरसंभव प्रयास किया जाएगा। कहा कि शिक्षकों का सम्मान और उनके अधिकारों की आवाज़ मजबूती से उठाना हमारी जिम्मेदारी है।

# उत्तर कोयल नहर के अधूरे कार्य को पूरा कराने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड मुख्यालय में उत्तर कोयल नहर के अधूरे कार्य को पूरा कराने की मांग को लेकर किसान मजदूर मोर्चा मगध का धरना प्रदर्शन मंगलवार को 607वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान समाजसेवी लड्डू खान के नेतृत्व में किसानों की बैठक आयोजित की गई। संचालन पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने किया। बैठक में सदस्यों ने कहा कि उतर कोयल नहर के अधूरे कार्य को पूरा कराने की मांग को लेकर 15 जनवरी 2025 से लगातार धरना दिया जा रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि दुर्गापूजा 2026 के बाद मांगों को लेकर क्षेत्र में विशाल जुलूस निकाला जाएगा। इस दौरान अधिक से अधिक किसानों और मजदूरों को आंदोलन से जोड़ने पर भी चर्चा हुई। मौके पर सिद्धि यादव, डॉ. तुलसी यादव, डॉ. शिवनंदन यादव, विष्णु यादव उर्फ सिद्धि साहब, जय प्रकाश प्रजापति, भोला नाथ वर्मा, छोटू कुमार, राजेश कुमार, मो. अबरार अहमद, सूर्यदेव यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य केंद्रों का होगा कायाकल्प, कर्मियों की 'वर्क डायरी' से तय होगी जवाबदेही



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को पटरी पर लाने और सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों की सूरत बदलने की तैयारी शुरू हो गई है। स्वास्थ्य विभाग पटना के निर्देश पर मंगलवार को रेफरल अस्पताल कुटुंबा में रोगी कल्याण समिति की बैठक हुई। इसमें अस्पतालों के फेस अपलिफ्ट, कर्मियों की जवाबदेही और दवाओं की उपलब्धता की निगरानी समेत कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। समिति ने रिसियप, अंबा, महाराजगंज, कझपा व सिमरा एपीएचसी तथा बलिया, बैरांव, चोरहा, देशपुर, डुमरी, मटपा, सुही व तेतराईन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में चहारदीवारी, रंग-रोगन और जरूरी मरम्मत कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति दी। बैठक में सभी स्वास्थ्यकर्मियों के लिए 'वर्क डायरी' अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया। कर्मियों को माह के अंत में डायरी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को सौंपनी होगी। स्वास्थ्य प्रबंधक और प्रभारी प्रतिदिन कार्यों की समीक्षा करेंगे। वहीं, अस्पतालों में दवाओं के स्टॉक की औचक जांच समिति के सदस्य करेंगे। जन आरोग्य समिति की आय-व्यय विवरणी अगली बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। एनसीडी व एनीमिया जांच के घर-घर अभियान की भी सदस्य क्षेत्र में जाकर निगरानी करेंगे। नए अस्पताल भवन में आरकेएस के लिए अलग कार्यालय व एसी की व्यवस्था करने का प्रस्ताव भी पारित हुआ। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नवल किशोर, समिति के सदस्य विमला देवी, वीरेंद्र पांडेय, अभय कुमार, बबन भुईया समेत समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# 20 पंचायतों में सहयोग शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को मिला लाभ




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

औरंगाबाद। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के मार्गदर्शन में जिला में कुल 20 ग्राम पंचायतों में "सहयोग शिविर" का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की गई। साथ ही पूर्व से लंबित अनेक मामलों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की गई। इस पहल से आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रखंड एवं जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ी तथा उन्हें पंचायत स्तर पर ही सरकारी सेवाओं का लाभ प्राप्त हुआ। सहयोग शिविरों में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, मनरेगा, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांगजन सहायता, कृषि, छात्रवृत्ति सहित विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी सहित जिले के सभी जिलास्तरीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न पंचायतों में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा शिविरों के प्रभावी एवं सुचारु संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक सहयोग शिविर के लिए वरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं सहयोगी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों को शिविर के सफल संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सहयोग शिविरों का आयोजन सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुखी तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिकाधिक नागरिकों को इसका लाभ प्राप्त हो सके।

# परिवार नियोजन जागरूकता रैली में छात्राओं ने दिया स्वस्थ परिवार का संदेश




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** परिवार नियोजन जागरूकता रैली में छात्राओं ने दिया स्वस्थ परिवार का संदेश नवबिहार टाइम्स संवाददाता नवादा। मिशन परिवार विकास अभियान के तहत परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा के सफल संचालन एवं समुदाय में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य समिति, नवादा द्वारा प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय के सहयोग से परिवार नियोजन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आफताब कलीम एवं विद्यालय के प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला सामुदायिक उत्प्रेरक गजेंद्र कुमार, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नवीन कुमार पांडेय, सदर प्रखंड के चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक ऋषभ कुमार सहित स्वास्थ्यकर्मी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए समाहरणालय पहुंची और पुनः विद्यालय परिसर लौट आई। छात्राओं ने तख्तियों एवं नारों के माध्यम से परिवार नियोजन के महत्व का संदेश दिया। उन्होंने "छोटा परिवार, सुखी परिवार", "हम दो, हमारे दो" और "दो बच्चों के बीच का अंतर, सुखी जीवन का है मंत्र" जैसे स्लोगन लगाए। स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों ने बताया कि परिवार नियोजन मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, स्वस्थ परिवार और बेहतर जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। दंपतियों को उनकी आवश्यकता एवं पसंद के अनुसार परिवार नियोजन साधनों की जानकारी और परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। सेवा पखवाड़ा के दौरान अधिक से अधिक पात्र दंपतियों तक सेवाओं की जानकारी पहुंचाने पर जोर दिया जा रहा है।

# गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजा क्षेत्र, पूजा समिति का गठन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा/औरंगाबाद।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणपति की पूजा-अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से पूजा स्थल एवं आसपास का क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर है। पूजा को लेकर समिति का गठन कर जिम्मेदारियां भी सौंपी गई हैं। समिति में पिंटू चौधरी को अध्यक्ष, मुरारी केसरी को उपाध्यक्ष, सौरभ ज्वाला को सचिव, रंजन कुमार को उपसचिव, जे.पी. गुप्ता को कोषाध्यक्ष तथा गोलू सत्या को उपकोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं बैजू कुमार और महेश कुमार को पूजा मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। समिति के सदस्यों में अभिषेक कुमार, अश्विनी केसरी, प्रत्युष केसरी, रिशु गुप्ता और कुन्दन चौधरी शामिल हैं। पूजा कार्यक्रम में पंडित पमपम बाबा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराएंगे, जबकि रूचि कुमारी श्रद्धालुओं के बीच धार्मिक आयोजन में श्रोता की भूमिका निभाएंगी। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि गणपति पूजा को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। श्रद्धालुओं से शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में पूजा-अर्चना में शामिल होने की अपील की गई है। गणपति बप्पा मोरया! मंगल मूर्ति मोरया!

# पटना स्नातक निर्वाचन को लेकर जदयू की तैयारी बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र को लेकर आगामी 24 सितंबर को आईएम हॉल, बिहारशरीफ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारी के लिए मंगलवार को नगर जिला जनता दल (यू) की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर जिला जदयू अध्यक्ष प्रदूमन कुमार ने की। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के साथ-साथ स्नातक मतदाताओं से व्यापक संपर्क अभियान चलाने पर विस्तार से चर्चा की गई। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाताओं से संपर्क बढ़ाने तथा कार्यक्रम की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया। नगर जिला जदयू अध्यक्ष प्रदूमन कुमार ने कहा कि संगठन की मजबूती और एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार की सफलता के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पूरी तत्परता से काम करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 24 सितंबर को आईएम हॉल में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। बैठक में जिला अध्यक्ष मोहम्मद अरशद, अरविंद कुमार, डॉ. शशिकांत कुमार टोनी सहित नगर कमेटी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की सफलता के लिए आवश्यक संगठनात्मक तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्णय लिया गया।बैठक के अंत में पार्टी के पुराने साथी आशानगर निवासी संजय कुमार के आकस्मिक हृदय गति रुकने से निधन पर शोक व्यक्त किया गया। उपस्थित लोगों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार

मुख्यमंत्री तालाब मात्स्यिकी विकास योजना

कम लागत मुनाफा अपार, मछली पालन शानदार व्यापार।

वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए "मुख्यमंत्री तालाब मात्स्यिकी विकास योजना" के तहत आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

योजना का उद्देश्य:-

- इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के तालाब जल-सम्पदाओं में पालन-मात्स्यिकी को विवेकपूर्ण दोहन करते हुए मत्स्य-उत्पादन के विभिन्न श्रृंखलाओं पर योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना है ताकि राज्य, "मत्स्य-उत्पादन" के साथ-साथ "मत्स्य-बीज" उत्पादन में भी आत्मनिर्भर हो सके।



योजना का अवयव:-

"मुख्यमंत्री तालाब मात्स्यिकी विकास योजना" के मुख्य घटक

| क्र. सं. | योजना के अवयव | निर्धारित इकाई लागत | देय अनुदान |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | उन्नत मत्स्य बीज उत्पादन | रू 1.00 लाख (एक लाख रूपये)/0.5 एकड़ (प्रति इकाई) | अन्य वर्ग के लाभुकों को 50 प्रतिशत तथा अति पिछड़ी जाति/अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के लाभुकों को निर्धारित इकाई लागत का 70 प्रतिशत अनुदान देय है। |
| 2. | ट्यूबवेल तथा पम्प सेट अधिष्ठापन | रू 1.20 लाख | |
| 3. | तालाब मात्स्यिकी हेतु यांत्रिक एरेटर | रू 0.50 (पचास हजार रू0) | |

योजना का क्रियान्वयन:-

- योजना का क्रियान्वयन राज्य के सभी जिलों में की जाएगी।



वांछित कागजात:-

- आवेदन पत्र में लाभुको का मोबाईल नं॰ तथा बैंक शाखा का नाम, बैंक खाता संख्या, आई॰एफ॰एस॰सी॰ कोड अंकित किया जाएगा। आधार कार्ड नं॰/राशन कार्ड नं॰/मतदाता पहचान पत्र/जमीन का नक्शा की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न की जाएगी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अति पिछड़ा वर्ग के लाभुकों को आवेदन पत्र के साथ जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

आवेदन की प्रक्रिया:-

- योजना हेतु आवेदन http://fisheries.bihar.gov.in/ पर ऑनलाइन प्राप्त किए जायेंगे।
- इस योजना की विस्तृत जानकारी सं०-2576, दिनांक-01.06.2026 से प्राप्त की जा सकती है जो विभागीय वेबसाईट http://state.bihar.gov.in/ahd/CitizenHome.html पर प्रदर्शित है।

PR No.- 011858 (Animal)D. 2026-27

# भागलपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बोट एम्बुलेंस शुरू

## गर्भवतियों, गंभीर रूप से बीमार मरीजों को सुरक्षित एवं समयबद्ध तरीके से स्वास्थ्य संस्थान में पहुंचाएगी एंबुलेंस

**पुष्पांकर गुप्ता/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**भागलपुर।** जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आमजन तक त्वरित एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार से बोट एम्बुलेंस का संचालन आरंभ किया गया है।

जिले के विभिन्न प्रखंडों में बाढ़ के कारण सड़क मार्ग से संपर्क बाधित होने वाले क्षेत्रों में यह बोट एम्बुलेंस मरीजों के लिए जीवनरक्षक परिवहन सुविधा के रूप में कार्य करेगी। इस एम्बुलेंस के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, गंभीर रूप से बीमार मरीजों, बुजुर्गों, बच्चों एवं अन्य जरूरतमंद मरीजों को सुरक्षित एवं समयबद्ध तरीके से निकटतम स्वास्थ्य संस्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को प्राथमिक उपचार एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराते हुए उच्चतर स्वास्थ्य संस्थान में रेफर किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नारायणपुर, खरीक आदि प्रखंडों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। बोट एम्बुलेंस के संचालन से विशेष रूप से उन ग्रामीण एवं दियारा क्षेत्रों के लोगों को लाभ मिलेगा, जहां बाढ़ के कारण आवागमन प्रभावित हुआ है।

इधर जिला स्वास्थ्य समिति के जिला प्रबंधक मणिभूषण झा ने बताया कि जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाढ़ की स्थिति को देखते हुए आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं, गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित संस्थागत प्रसव, मरीजों के समयबद्ध रेफरल तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी व्यक्ति को गंभीर स्वास्थ्य समस्या होने अथवा किसी गर्भवती महिला को प्रसव संबंधी आवश्यकता होने पर तत्काल स्थानीय स्वास्थ्यकर्मी आशा कार्यकर्ता अथवा संबंधित स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें, ताकि बोट एम्बुलेंस के माध्यम से समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

## पपरपाती में कटाव के बीच कृष्णागढ़ पुलिस ने संभाला मोर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रखंड में गंगा नदी के कटाव से प्रभावित पिपरपाती गांव में कृष्णागढ़ थाना पुलिस सोमवार की शाम से लगातार राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई है। थाना प्रभारी रोशन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम कटाव प्रभावित इलाकों में मुस्तैदी से डटी है। पुलिसकर्मी प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के साथ ही राहत कार्यों में प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं।

इसी क्रम में मंगलवार को सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह ने पिपरपाती गांव पहुंचकर कटाव स्थल का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों से क्षेत्र की ताजा स्थिति की जानकारी ली और प्रभावित लोगों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

एसडीपीओ-2 ने पुलिस टीम को राहत एवं बचाव कार्य में पूरी तत्परता बरतने, प्रभावित लोगों को तत्काल सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कटाव की गंभीर स्थिति को देखते हुए पुलिस टीम लगातार क्षेत्र में निगरानी बनाए हुए है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### गया में 2520 करोड़ से ...

उत्तर कोयल नहर के माध्यम से फल्गु नदी तक पहुंचाने की तैयारी है। इससे फल्गु नदी में पानी की उपलब्धता बढ़ाने की दिशा में काम किया जाएगा। कैबिनेट ने बिहार में हवाई संपर्क बढ़ाने के लिए केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और राज्य सरकार के बीच समझौता ज्ञापन को भी मंजूरी दी। क्षेत्रीय संपर्क योजना के तहत नए हवाई मार्गों को वित्तीय सहायता मिल सकेगी। आकांक्षी जिलों में हेलीकॉप्टर के उतरने के लिए हेलीपोर्ट विकसित करने की भी योजना है। राज्य के ईंट-भट्ठा कारोबारियों के लिए भी कैबिनेट ने राहत का फैसला लिया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 तक की बकाया राशि के लिए एकमुश्त समाधान योजना को मंजूरी दी गई है। बैठक में कृषि विभाग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में केन्द्रीय क्षेत्र की मखाना विकास योजना हेतु कुल 8979.684 लाख रुपये एवं नेशनल मिशन ऑन एडीबल ऑयल-ऑयल पाम केन्द्र प्रायोजित योजना का वित्तीय वर्ष 2026-27 में कार्यान्वयन हेतु कुल 210 लाख रूपये मात्र की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति दी गई। वहीं कृषि विभाग के ही तहत केन्द्र प्रायोजित योजना अन्तर्गत एकीकृत बागवानी विकास मिशन के कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2027-28 तक कुल दो वर्षों हेतु 78 करोड़ 34 लाख 22 हजार 40 रुपये मात्र की लागत पर योजना कार्यान्वयन की स्वीकृति एवं इसके अधीन वित्तीय वर्ष 2026-27 में 68 करोड़ 66 लाख 22 हजार 40 रुपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति दी गई। ग्रामीण विकास विभाग के अन्तर्गत विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) (विकसित भारत-जी राम जी)-शिकायत निवारण नियमावली, बिहार, 2026 एवं जल संसाधन विभाग के अन्तर्गत बिहार जलस्रोत पुनर्स्थापन एवं गाद प्रबंधन नीति, 2026 की स्वीकृति दी गई। स्वास्थ्य विभाग के अधीन पांच राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के रिक्त 366 पदों पर नियमित नियुक्ति होने तक संविदा के आधार पर नियोजन करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### गयाजी के धार्मिक...

कि सोन-फल्गु नदी जोड़ योजना के तहत इन्द्रपुरी बैराज से लगभग 23 किलोमीटर अपस्ट्रीम में एक इनटेक वेल का निर्माण प्रस्तावित है। इसके माध्यम से सोन नदी से आवश्यक मात्रा में जल उठाकर लगभग 11 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन के जरिए उत्तर कोयल मुख्य नहर के लगभग 32.77 किलोमीटर बिंदु पर जल प्रवाहित किया जाएगा। इसके बाद सोन नदी का पानी उत्तर कोयल दायां मुख्य नहर के माध्यम से आगे प्रवाहित होगा। उन्होंने कहा कि इन दोनों योजनाओं के पूर्ण होने से गयाजी के धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन को नई ऊंचाई मिलेगी, पिंडदान, तर्पण एवं पितृपक्ष जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठानों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी तथा क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सरकार का उद्देश्य गयाजी को विश्वस्तरीय धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करना है ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर आधारभूत संरचना एवं आधुनिक नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार की धार्मिक-आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने इस फैसले के लिए गयाजी वासियों की ओर से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।

### बाढ़ से हुए नुकसान...

का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल तत्काल राहत देना नहीं बल्कि बाढ़ प्रभावित इलाकों को जल्द सामान्य स्थिति में लाना और पहले से बेहतर तरीके से पुनर्निर्माण सुनिश्चित करना है। इसके लिए सभी विभागों और प्रशासनिक तंत्र को आपसी समन्वय से काम करने को कहा गया है।

# बड़हरा सीएचसी में रोगी कल्याण समिति की बैठक, मरम्मती व रंग-रोगन पर बनी रणनीति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बड़हरा में मंगलवार को रोगी कल्याण समिति के शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता सीएचसी प्रभारी डॉ. अरविंद कुमार ने की। बैठक में स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक मरम्मती, रंग-रोगन तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना के निर्देश के आलोक में आयोजित बैठक में बड़हरा प्रखंड क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र (एचएससी), अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (एपीएचसी) एवं सीएचसी में आंशिक मरम्मती और रंग-रोगन कार्य कराने को लेकर आवश्यक कार्रवाई पर चर्चा हुई। स्वास्थ्य संस्थानों के भवन और परिसर को बेहतर व स्वच्छ बनाने के साथ मरीजों को सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ. अरविंद कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक सुधार कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। बैठक में भवनों की वर्तमान स्थिति के आकलन, मरम्मती की आवश्यकता और उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग पर भी चर्चा हुई। मौके पर मंतोष कुमार, संजय पासवान, रिंकी देवी, सीमा देवी, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह सेंटू, रुद्र प्रताप सिंह, डॉ. विवेक कुमार, दीपू तिवारी, बड़ा बाबू कमलेश सिंह, सुमित कुमार समेत समिति के अन्य सदस्य एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री ने सेवा भाव से कार्य करने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** मंत्री, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण, युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग-सह-प्रभारी मंत्री, भोजपुर, अरुण शंकर प्रसाद की उपस्थिति में आज, 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदस्य, लोकसभा, सुदामा प्रसाद; माननीय सदस्य, बिहार विधानसभा, अगिआंव, महेश पासवान; सदस्य, बिहार विधानसभा, संदेश, राधाचरण साह; विधान परिषद सदस्य, जीवन कुमार; जिला परिषद अध्यक्ष एवं महापौर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा द्वारा प्रभारी मंत्री अरुण शंकर प्रसाद का स्वागत कर की गई। इसके उपरांत उप विकास आयुक्त द्वारा पीपीटी के माध्यम से अभियान के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों, संबंधित नोडल पदाधिकारियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रभारी मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का मूल उद्देश्य सेवा भाव के साथ कार्य करना है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी प्रतिबद्धता एवं सेवा भावना के साथ अभियान के निर्धारित कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सेवा संकल्प अभियान के निर्धारित लक्ष्यों एवं मिशन के अनुरूप कार्य करने तथा सभी गतिविधियों का गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# कायस्थ महासम्मेलन की सफलता को लेकर गाजियाबाद चित्रांश महासभा की बैठक

## 27 सितंबर को महाराजा अग्रसेन भवन में होगा महासम्मेलन, 20 से 25 प्रदेशों के कायस्थ संगठनों के पदाधिकारी होंगे शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद चित्रांश महासभा की ओर से आगामी 27 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाले कायस्थ महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर नंदग्राम स्थित कार्यालय परिसर के पार्क में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में महासम्मेलन की रूपरेखा, कार्यक्रम के सुचारु संचालन तथा विभिन्न व्यवस्थाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। संगठन के पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। बैठक में बताया गया कि महासम्मेलन में देश के करीब 20 से 25 प्रदेशों के कायस्थ संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे। बाहर से आने वाले सभी प्रतिनिधियों को कार्यक्रम स्थल तक ससम्मान पहुंचाने तथा उनके आवागमन एवं अन्य आवश्यक सहयोग की व्यवस्था के लिए पदाधिकारियों की जवाबदेही तय कर दी गई है। गाजियाबाद चित्रांश महासभा के अध्यक्ष विनोद कुमार श्रीवास्तव ने सभी पदाधिकारियों से निर्धारित समय पर महाराजा अग्रसेन भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद पहुंचने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि महासम्मेलन का विधिवत संचालन सुबह 9 बजे से शुरू किया जाना है, इसलिए सभी पदाधिकारी समय से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से महिला पदाधिकारियों की जिम्मेदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि दूसरे प्रदेशों और शहरों से आने वाली महिलाओं को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उनके स्वागत और सहायता के लिए महिला पदाधिकारियों को विशेष रूप से सक्रिय रहने की अपील की गई। बैठक की खास बात यह रही कि गाजियाबाद चित्रांश महासभा की ओर से एक वैवाहिक वेबसाइट तैयार की गई है। इसके माध्यम से विवाह योग्य युवक-युवतियों का बायोडाटा आसानी से पंजीकृत किया जा सकेगा। वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैनर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। महासम्मेलन के दिन इस वैवाहिक वेबसाइट का विधिवत उद्घाटन विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया जाएगा। महासभा का उद्देश्य इस पहल के माध्यम से कायस्थ समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए बेहतर और व्यवस्थित वैवाहिक मंच उपलब्ध कराना है। बैठक में अध्यक्ष विनोद कुमार श्रीवास्तव, सचिव प्रभाकर कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव, संयोजक राजीव कांत, सहसंयोजक राजन श्रीवास्तव सहित संस्था के पदाधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव, अभय श्रीवास्तव, विनोद अम्बस्ट, राजीव रमन, संजय श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, ऋतिक श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, शैलेंद्र श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, कृष्ण श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। महिला मोर्चा की अध्यक्ष नूपुर श्रीवास्तव, सचिव अनीता श्रीवास्तव एवं स्वाति श्रीवास्तव भी बैठक में उपस्थित रहीं। पदाधिकारियों ने महासम्मेलन को सफल और व्यवस्थित बनाने के लिए अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा के साथ निभाने का संकल्प लिया।

## नशेड़ी बेटे ने की पिता की कुल्हाड़ी से हत्या

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समस्तीपुर जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव में मंगलवार की सुबह एक नशेड़ी बेटे ने कुल्हाड़ी से प्रहार कर अपने पिता की हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मोहनपुर गांव के वार्ड संख्या 39 निवासी मोहम्मद इस्लाम अपने घर पर थे। इसी दौरान उनके पुत्र मोहम्मद अरमान ने कुल्हाड़ी से उनके सिर और गले पर प्रहार कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी सदर पुलिस उपाधीक्षक दुर्गेश कुमार और मुफस्सिल थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अजित कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी पुत्र मोहम्मद अरमान को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। हत्या के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेज दिया।

## भारतबेंज ने देवकृष्ण ट्रकिंग डीलरशिप के साथ की नई साझेदारी

**सुपौल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारतबेंज ट्रकों और बसों की निर्माता एवं डेमलर ट्रक एजी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी डेमलर इंडिया कमर्शियल व्हीकल्स ने सुपौल में अपनी नई अधिकृत भारतबेंज डीलरशिप, देवकृष्ण ट्रकिंग का उद्घाटन किया। इस नई फैसिलिटी के उद्घाटन से उत्तरी बिहार में भारतबेंज की उपस्थिति और भी मजबूत हुई है, इस कदम के ज़रिए कंपनी ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कोशी क्षेत्र में सुलभ, विश्वसनीय और ग्राहक-केंद्रित विक्रय, सर्विस और स्पेयर पार्ट्स सेवा उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। राजीव चतुर्वेदी, प्रेसिडेंट और चीफ बिज़नेस ऑफिसर, डेमलर इंडिया कमर्शियल व्हीकल्स ने कहा कि सुपौल में नई डीलरशिप के उद्घाटन से उत्तरी बिहार और कोशी क्षेत्र में भारतबेंज की उपस्थिति और मजबूत हुई है। इस क्षेत्र के ग्राहकों के लिए अपने विक्रय, सर्विस और स्पेयर पार्ट्स सेवाएं उपलब्ध कराकर, हम बेहतर सुलभता, तेज़ सर्विस और बेहतर वाहन अपटाइम सुनिश्चित कर रहे हैं। यह डीलरशिप न केवल सुपौल, सहरसा, मधेपुरा और अररिया के कमर्शियल वाहन ग्राहकों को सेवा प्रदान करेगी, बल्कि उत्तरी बिहार के व्यापक बाजार तक भारतबेंज की पहुंच को मजबूत भी करेगी।

# कोइलवर में सांसद सुदामा प्रसाद का जनसंवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




कोईलवर (भोजपुर)। आरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कॉ. सुदामा प्रसाद ने मंगलवार को कोईलवर थाना चौक स्थित देवी स्थान में प्रखंड स्तरीय जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें कोईलवर प्रखंड के विभिन्न गांवों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने अपनी समस्याएं सांसद के समक्ष रखीं। लोगों ने कोईलवर थाना चौक से मानसिक अस्पताल तक सड़क निर्माण, आरा-पटना फोरलेन पर गिद्धा गांव में अंडरपास निर्माण और कब्रिस्तान की घेराबंदी, कोईलवर रेलवे स्टेशन पर आरा-सासाराम फास्ट पैसेंजर एवं इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव तथा कोईलवर प्रखंड अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टरों की नियुक्ति और दवाओं की उपलब्धता की मांग की। खेताड़ी मोहल्ला में लगातार लगने वाले जाम की समस्या भी उठाई गई। लोगों ने बताया कि जाम के कारण हाल में एक छात्र का पैर कटने की घटना हो चुकी है, इसलिए यातायात व्यवस्था दुरुस्त की जाए। समस्याएं सुनने के बाद सांसद सुदामा प्रसाद ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार लोक कल्याणकारी योजनाओं पर राशि खर्च करने के बजाय बड़े प्रचार और घोषणाओं पर जोर दे रही है। उन्होंने बिहार में संवेदकों के बकाया भुगतान को लेकर धरना देने, बजट रहने के बावजूद राशि का पूरा उपयोग नहीं होने तथा बड़े कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने जी न्यूज के सुभाष चंद्रा से जुड़े 2,200 करोड़ रुपये के ऋण के छह करोड़ में निपटारे का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि देश का बजट आम जनता, किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान और गरीबों के हित में खर्च होना चाहिए। सांसद ने सभी समस्याओं को संबंधित विभागों और प्रशासन के समक्ष उठाकर समाधान की दिशा में पहल का भरोसा दिया। मौके पर विष्णु ठाकुर, भोला यादव, चंदन कुमार, सूरज कुमार, यादवेन्द्र कुमार उर्फ वीरमन्यू यादव, मिथलेश यादव, सुबोध यादव, वार्ड सदस्य लडन, सुरेश सिंह, चंदेश्वर राम, मनोज यादव, लाला, दूधनाथ पासवान, कन्हैया कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## रेड क्रॉस ने बाढ़ पीड़ितों को भेजी राहत सामग्री

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ प्रभावित लोगों तक राहत पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी बेगूसराय शाखा द्वारा सोमवार को दो वाहनों से राहत सामग्री मटिहानी क्षेत्र के लिए भेजी गई। समाहरणालय परिसर से जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष रेड क्रॉस रिची पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। डीएम ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों को राहत में कोई कमी नहीं होने दी जाएगी और प्रशासन की प्राथमिकता समय पर सहायता पहुंचाना है। उन्होंने रेड क्रॉस के सेवा कार्यों की सराहना की।राहत सामग्री में चूड़ा, चीनी सहित सूखा भोजन और हाइजीन किट शामिल हैं, जो लगभग 500 लोगों के लिए है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों की हालत : 252 में पानी नहीं, 553 में बिजली का इंतजार, 122 केंद्र स्कूलों में होंगे शिफ्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** सारण जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति को लेकर मंगलवार को समीक्षा बैठक हुई। जिला पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के आदेश पर उप विकास आयुक्त लक्ष्मण तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पेयजल, शौचालय, बिजली और आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण की प्रखंडवार समीक्षा की गई। डीडीसी ने सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 4,638 आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत हैं। इनमें 656 केंद्र आईसीडीएस के अपने भवन और 368 केंद्र अन्य सरकारी भवनों में संचालित हो रहे हैं। यानी कुल 1,024 केंद्र सरकारी भवनों में चल रहे हैं। वर्तमान में 252 केंद्र पेयजल, 225 केंद्र शौचालय और 553 केंद्र विद्युत सुविधा से वंचित हैं। पेयजल सुविधा की समीक्षा में बताया गया कि 205 आंगनबाड़ी केंद्रों में चापाकल मरम्मत के लिए परियोजनावार विवरण पीएचईडी को उपलब्ध कराया गया है। इनमें 29 केंद्रों पर काम पूरा हो चुका है, जबकि 176 केंद्रों में मरम्मत कार्य लंबित है। डीडीसी ने इन कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। शौचालय निर्माण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि आईसीडीएस के अपने भवन वाले 154 केंद्रों में शौचालय निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि 46 केंद्रों में काम लंबित है। 15वीं वित्त आयोग के यूनाइटेड ग्रांट मद से 200 आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय निर्माण का लक्ष्य है। इनमें 106 केंद्रों के लिए पंचायती राज विभाग राशि उपलब्ध कराएगा। अब तक 9 केंद्रों में निर्माण पूरा हुआ है, जबकि 97 केंद्रों में काम लंबित है। जिले के 4,638 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 4,191 केंद्रों में स्थायी विद्युत कनेक्शन उपलब्ध है। वहीं 447 केंद्र अभी भी स्थायी बिजली कनेक्शन से वंचित हैं। डीडीसी ने संबंधित अधिकारियों को शेष केंद्रों में जल्द बिजली सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वर्तमान में 455 आंगनबाड़ी केंद्र विद्यालय के कमरों में संचालित हो रहे हैं, जबकि 122 केंद्रों को अभी विद्यालयों में स्थानांतरित किया जाना बाकी है।

बिहार सरकार

परियोजना निदेशक का कार्यालय, बुडको, औरंगाबाद
पता:– समाहरणालय परिसर में डी0आर0डी0ए0 के सामने, गयाजी
Mobile No- 8292763916, E-mail- pdbuidcoaurangabad@gmail.com

पुर्न निविदा आमंत्रण की सूचना
(ई–टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in.)
संख्या– NIT No 02/2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता:– परियोजना निदेशक, बुडको, गया समाहरणालय परिसर में डी0आर0डी0ए0 के सामने, गयाजी।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि:– दिनांक–29.09.2026 से 04.10.2026
3. प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान:– दिनांक–30.09.2026 को समय 12:30 बजे अपराह्न
4. परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय:– दिनांक–29.09.2026 से दिनांक 04.10.2026 के 3:00 PM बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in )
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि:– दिनांक–04.10.2026 समय 4:00 PM बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in )
6. बीड खोलने की तिथि — दिनांक–04.10.2026 समय 5:00 PM बजे
7. वितीय बीड खोलने की तिथि — तकनीकी बीड में सफल होने के उपरान्त निर्देशानुसार
8. कार्य की विवरणी–

| क्र सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु. में) | अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in | परिमाण विपत्र का मूल्य (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in | Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | नगर परिषद दाउदनगर अन्तर्गत खुशपाल के घर से अनूप चन्द्रवंशी के घर होते हुए बारूण रोड, तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।। | 66,54,321.00 | 1,33,100,00 | 17,700.00 | As Per Eproc | 4 माह |

नोट:– Bidders Should submit Bid Processing fee thorugh Online Payment as per Amount generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in

परियोजना निदेशक,
बुडको, औरंगाबाद

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.011771 (B&C) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# सेवा संकल्प अभियान को लेकर आवश्यक तैयारियां ससमय पूर्ण करने का निर्देश

## 17 सितंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की डीएम ने की समीक्षा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** जिला पदाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में सेवा संकल्प अभियान के सफल आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के तहत 17 सितंबर 2026 को जिलेभर में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि जिले में सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर 2026 को पूरे जिले में दीप प्रज्वलन के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी संस्थानों के परिसर में शाम 7:00 बजे संकल्प अभियान का उद्घाटन कर 100 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि अभियान के तहत जिले के विभिन्न पंचायत भवन परिसरों, अमृत सरोवरों, सरकारी संस्थानों एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर दीप प्रज्वलित कर सेवा, संकल्प एवं सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया जाए। इसके साथ ही जीविका केंद्रों, प्रखंड कार्यालयों, सरकारी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को भी इस आयोजन से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर सेवा संकल्प अभियान का मुख्य कार्यक्रम 17 सितंबर 2026 को शाम 7:30 बजे लहेरियासराय स्थित पोलो ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। 5000 दीपों के माध्यम से आकर्षक आकृतियां तैयार की जाएंगी तथा रंगोली के जरिए कार्यक्रम स्थल को विशेष रूप से सजाया जाएगा। दीपों से जगमगाता पोलो ग्राउंड कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जिलेभर में एक साथ आयोजित होने वाले दीप प्रज्वलन कार्यक्रम से 17 सितंबर की शाम दरभंगा में सेवा, संकल्प एवं सामूहिक सहभागिता का विशेष संदेश प्रसारित होगा। बैठक में सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, उप विकास आयुक्त श्री स्वप्निल, जिला शिक्षा पदाधिकारी विद्यानंद ठाकुर, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस चांदनी सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशिष अमन संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

# इंडियन ऑयल की बरौनी रिफाइनरी को मिला राष्ट्रीय सम्मान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** हिंदी दिवस पर गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा 14-15 सितंबर को मुंबई में आयोजित 6वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में इंडियन ऑयल की बरौनी रिफाइनरी को राष्ट्रीय सम्मान मिला। 15 सितंबर को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में गृह मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में हिंदी के प्रभावी प्रचार-प्रसार के लिए पुरस्कार दिए गए। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) बरौनी के अध्यक्ष एवं कार्यकारी निदेशक-सह-रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह ग्रहण किया। सम्मेलन में देशभर के मंत्रालयों, सार्वजनिक उपक्रमों, बैंकों और नराकास के प्रतिनिधि शामिल हुए। यह सम्मान नराकास बरौनी के साथ पूरे बिहार के लिए गर्व का विषय है और सदस्य कार्यालयों के सामूहिक प्रयासों का प्रतिफल है। इससे क्षेत्र में हिंदी के प्रयोग को नई ऊर्जा मिलेगी।

## दो एएसआई बने दारोगा

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना में अपनी सक्रिय कार्यशैली, कर्तव्यनिष्ठा और तत्परता से अलग पहचान बनाने वाले एएसआई अभिषेक रंजन और अजय कुमार सिंह को पदोन्नति मिली है। बिहार पुलिस मुख्यालय ने दोनों को दारोगा पद पर प्रोन्नत किए जाने से संबंधित पत्र जारी कर दिया है। पदोन्नति की सूचना मिलते ही थाना के पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गई। एएसआई के रूप में दोनों अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन किया। मामलों में तत्पर कार्रवाई, जांच में सक्रियता और ड्यूटी के प्रति समर्पण उनकी कार्यशैली की खासियत रही है। शांत व्यवहार और सहकर्मियों के साथ बेहतर तालमेल के कारण भी दोनों अधिकारियों ने अपनी अलग पहचान बनाई। पदोन्नति की खबर मिलने के बाद पुलिसकर्मियों और शुभचिंतकों ने दोनों अधिकारियों को बधाई दी। सहकर्मियों ने कहा कि यह पदोन्नति उनकी मेहनत और कर्तव्यनिष्ठा का सम्मान है।

# 75 प्रतिशत उपस्थिति को लेकर जनप्रतिनिधियों व अभिभावकों से संवाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नावकोठी में विद्यार्थियों की 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने को लेकर महाविद्यालय प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावकों से संवाद अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में मंगलवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंजनी कुमार एवं हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रियांशु कुमार ने पूर्वी-पहसारा पंचायत के पीरनगर गांव पहुंचकर मुखिया दिनेश यादव, सरपंच संजीव कुमार यादव सहित अभिभावकों से मुलाकात की। बताया गया कि 13 सितंबर को बापू सभागार, पटना में आयोजित नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल सैय्यद अता हसनैन एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा विद्यार्थियों की महाविद्यालय में 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया था। इसी संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए महाविद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों के बीच जागरूकता एवं संवाद का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान प्राचार्य डॉ. अंजनी कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति उनके शैक्षणिक विकास और उज्ज्वल भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। महाविद्यालय में नियमित कक्षा संचालन के साथ विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से महाविद्यालय भेजने की अपील की।मुखिया दिनेश यादव, सरपंच संजीव कुमार यादव एवं उपस्थित अभिभावकों ने महाविद्यालय प्रशासन को भरोसा दिलाया कि विद्यार्थियों की 75 प्रतिशत उपस्थिति के लक्ष्य को पूरा करने में वे हरसंभव सहयोग करेंगे। साथ ही क्षेत्र के विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए लगातार प्रयास करने की बात कही।

# भूमि विवाद में युवक की पीट-पीटकर हत्या

## खेत की जुताई के दौरान भिड़े दो पक्ष, पहले से विवादित पुश्तैनी जमीन बनी खूनी संघर्ष की वजह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** थाना क्षेत्र के कठरिया गांव के वार्ड संख्या 16 में लंबे समय से चले आ रहे जमीनी विवाद ने सोमवार की शाम खूनी रूप ले लिया। खेत की जुताई के दौरान शुरू हुआ विवाद कुछ ही देर में मारपीट में बदल गया। आरोप है कि चाचा पक्ष के लोगों ने 23 वर्षीय मोहम्मद एहसान पर लाठी-डंडे और खंती से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल एहसान को इलाज के लिए बेगूसराय के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मंगलवार करीब तीन बजे दिन में उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। मृतक की पहचान कठरिया निवासी स्व. जुबैर अहमद के पुत्र मोहम्मद एहसान के रूप में हुई है। मृतक के भाई मोहम्मद अरमान ने बताया कि सोमवार शाम वह अपने छोटे भाई एहसान के साथ ट्रैक्टर से खेत की जुताई करा रहे थे। इसी दौरान चाचा पक्ष के लोग वहां पहुंच गए। खेत की जुताई को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ने लगा। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाया और उस समय मामला शांत करा दिया। बताया जाता है कि इसके बाद दोनों भाई खेत से घर की ओर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में एक बार फिर चाचा पक्ष के लोगों ने उन्हें घेर लिया और विवाद शुरू कर दिया। इसके बाद एहसान पर लाठी-डंडे और खंती से हमला कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, जिस खेत की जुताई के दौरान विवाद उत्पन्न हुआ, उसके ठीक बगल में दोनों पक्षों की पुश्तैनी जमीन है। इसी जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले से विवाद चल रहा है। बताया जाता है कि उक्त विवादित जमीन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी कार्रवाई हो चुकी है और वहां धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू रही है। पुश्तैनी जमीन को लेकर लंबे समय से चले आ रहे विवाद और सोमवार को खेत की जुताई को लेकर हुए विवाद ने स्थिति को गंभीर बना दिया। मारपीट में गंभीर रूप से घायल एहसान को परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए बेगूसराय ले गए। मंगलवार करीब तीन बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एहसान पांच भाइयों में सबसे छोटा था। दो भाई अनवर और अजहर बाहर रहकर मजदूरी करते हैं, जबकि शहनवाज, अरमान और एहसान अपनी मां के साथ गांव में रहते थे। परिजनों का आरोप है कि चाचा पक्ष के साथ जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। घटना के बाद आरोपित चाचा और उनके परिवार के सदस्य घर से फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है। घटना की सूचना मिलने पर मंगलवार को थानाध्यक्ष ऋषिकांत कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम कठरिया पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से घटना के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद पुलिस टीम बेगूसराय स्थित निजी अस्पताल भी पहुंची जहां एहसान भर्ती था और मामले की जानकारी ली। युवक की मौत के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# महिला किसानों के सशक्तीकरण और कृषि की चुनौतियों पर हुई चर्चा

## जयमंगला महिला किसान समिति की पांचवीं वार्षिक आमसभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्सव पैलेस में मंगलवार को जयमंगला महिला किसान स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की पांचवीं वार्षिक आमसभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में महिला किसानों के सशक्तीकरण, कृषि आधारित आजीविका को मजबूत करने तथा खेती में आ रही विभिन्न चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रौशन कुमार, प्रखंड परियोजना पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, पंचायत समिति सदस्य गौतम गोस्वामी एवं बीओडी दीदियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समिति की अध्यक्ष सरिता देवी ने अतिथियों एवं बीओडी सदस्यों को फूलमाला, डायरी, पेन एवं फोल्डर देकर सम्मानित किया। समिति की सचिव सुनीता देवी एवं कोषाध्यक्ष रीना देवी सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद थीं। प्रदान संस्था की अफसाना रोजी ने संस्था की गतिविधियों एवं ग्रामीण महिलाओं तथा किसानों के सशक्तीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने महिला नेतृत्व, सामुदायिक सहभागिता तथा कृषि आधारित आजीविका को बढ़ावा देने पर जोर दिया।एसएमएस शिवचंद्र कुमार ने किसानों को खेती में आने वाली समस्याओं पर जानकारी दी। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण बीज एवं कृषि इनपुट की उपलब्धता, कीट-रोग प्रबंधन, सिंचाई, बढ़ती उत्पादन लागत तथा कृषि उत्पादों के उचित बाजार और मूल्य जैसे मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक कृषि तकनीक अपनाने, फसल विविधीकरण एवं सामूहिक प्रयास के माध्यम से खेती को अधिक लाभकारी बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर निधि की टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सुनील कुमार ने इंस्ट्रूमेंटल सहयोग दिया। बेहतर प्रदर्शन के लिए मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने निधि की टीम को सम्मानित किया।आमसभा में महिला किसानों की संगठनात्मक एकजुटता, सामूहिक निर्णय क्षमता और आर्थिक स्वावलंबन को मजबूत करने के साथ समिति की आगामी गतिविधियों में सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया।

# बाढ़ पीड़ित परिवारों को सीएम ने भेजे सात-सात हजार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बाढ़ प्रभावित परिवारों को अनुग्रहित राहत राशि देने के लिए राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसका लाइव प्रसारण बेगूसराय एनआईसी कार्यालय में किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रति परिवार 7000 रुपये डीबीटी के जरिए खातों में भेजे। जिले के 89,619 बाढ़ प्रभावित परिवारों के खातों में कुल 62 करोड़ 73 लाख 33 हजार रुपये हस्तांतरित किए गए। एनआईसी में डीएम रिची पांडेय, अपर समाहर्ता, अपर जिला आपदा पदाधिकारी सहित लाभार्थी परिवार मौजूद रहे।डीएम रिची पांडेय ने कहा कि राहत राशि का त्वरित और पारदर्शी तरीके से लाभ पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। डीबीटी से सीधे खाते में राशि जाने से पीड़ितों को तत्काल मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि राहत-बचाव के साथ हरसंभव सहायता के लिए प्रशासन तत्पर है और किसी को कठिनाई न हो इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

## शिक्षिका का निधन

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय बल्लीपुर कन्या में प्रधान शिक्षिका के पद पर कार्यरत चंचला कुमारी का मुंबई में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही विद्यालय परिवार सहित शिक्षा जगत और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताया गया कि चंचला कुमारी लंबे समय से अवकाश पर थीं और स्वास्थ्य संबंधी समस्या को लेकर मुंबई में इलाज करा रही थीं।

# जिले में सेवा संकल्प अभियान की डीएम ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में डीएम रिची पांडेय की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक हुई, जिसमें 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' की तैयारियों पर मंथन हुआ। बैठक में उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, अपर समाहर्ता बृजकिशोर चौधरी, नगर आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे, प्रखंड पदाधिकारी वीसी से जुड़े। डीएम ने 13 थीम के दिशा-निर्देशों का पालन, विभागवार-दिवसवार कार्ययोजना और स्पष्ट लक्ष्य तय करने को कहा। बताया गया कि 17 सितंबर शाम 10 प्रमुख स्थलों पर दीप प्रज्वलन, 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक स्कूलों में विकसित भारत पर चित्रकला-भाषण प्रतियोगिता, 2 अक्टूबर को सेवा स्मरण के तहत नुक्कड़ नाटक होंगे। 25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक आंगनबाड़ी केंद्रों पर 'आंगन का मिलन' के तहत तीन दिवसीय कार्यक्रम, सेवाकर्मियों का सम्मान होगा। 'सेवा मेरा योगदान' में तालाब-छठ घाटों की सफाई, 6 अक्टूबर को 'सरकार आपके द्वार' शिविर लगेंगे। सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान में पंचायतों में 10 योजनाओं की पहचान, 17 सितंबर को ग्रामसभा में अनुमोदन, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी के सुदृढ़ीकरण पर जोर। डीएम ने पीएम सूर्य घर योजना में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए तेजी लाने और संत रविदास जयंती शिविरों के आवेदनों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया।

# युवा आपदा मित्र में साइंस कॉलेज के पांच स्वयंसेवक टॉप 20 में चयनित




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में 8 से 14 सितंबर तक विश्वविद्यालय के जुबली हॉल में आयोजित सात दिवसीय आवासीय युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल 200 स्वयंसेवकों में सी.एम. साइंस कॉलेज के पांच स्वयंसेवकों ने शीर्ष 20 में स्थान बनाने में सफलता हासिल किया। इनमें अमृत कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। जबकि अर्णब, मेहविश, अविनाश एवं ज़ोया ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य प्रो. संजीव कुमार मिश्र ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से युवाओं में सामाजिक सरोकार के साथ व्यक्तित्व का विकास होता है। उन्होंने कहा कि आपदा के विषम परिस्थिति में प्रशिक्षित युवा रक्षक की भूमिका निभाकर जन-धन की क्षति को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. युगेश्वर साह ने कहा कि स्वयंसेवकों ने प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, उत्साह में और समर्पण का उत्कृष्ट परिचय दिया। उन्होंने कहा कि हमारे स्वयंसेवकों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। बस आवश्यकता उन्हें उचित मंच और अवसर प्रदान करने की है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।


**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व प्रकाशित निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/780 (पूर्ववर्ती निविदा सूचना सं. 776 एवं 777), दिनांक 11.09.2026 में संशोधन। बंद होने की तारीख एवं समय को दिनांक 14.09.2026 एवं 15.09.2026 के स्थान पर दिनांक 30.09.2026 को 15.00 बजे के रूप में पढ़ा जाना चाहिए। ऊपर उल्लेखित निविदा सूचना के सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। (HWH-334/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# बरौनी नगर परिषद के सीसीटीवी प्रोजेक्ट पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप तथ्यहीन : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बरौनी पर सोशल मीडिया में सीसीटीवी कैमरों की कीमत को लेकर लगाए जा रहे भ्रष्टाचार के आरोपों को जिला प्रशासन ने तथ्यहीन और भ्रामक बताया है। जिलाधिकारी रिची पांडेय के निर्देश पर स्पष्ट किया गया कि कैमरों की आपूर्ति जेम पोर्टल के जरिए हुई। पहले 229 कैमरों का कार्यादेश दिया गया, फिर जरूरत के हिसाब से 25% अतिरिक्त यानी 57 कैमरे और लगाए गए। कुल 286 कैमरे नगर परिषद क्षेत्र में लगाए गए हैं। प्रशासन ने कहा कि सोशल मीडिया पर सिर्फ कैमरे की कीमत दिखाकर भ्रम फैलाया जा रहा है, जबकि टेंडर राशि में केवल कैमरा नहीं, पूरी निगरानी प्रणाली शामिल है। इसमें पोल, बिजली व्यवस्था, पावर-स्टोरेज बैकअप, सर्वर रूम, कर्मी, फाइबर केबल, टख-45 कनेक्टर, 65 इंच डिस्प्ले और रख-रखाव का खर्च भी शामिल है। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अपुष्ट और भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें।

## आयुर्वेद कॉलेज में नारी स्वास्थ्य जागरूकता

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के निर्देश पर राजकीय अयोध्या शिव कुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय में 11वें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में नारी स्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. श्रीनिवास त्रिपाठी ने उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत सरकार ने आयुर्वेद के उत्थान के लिए बड़ी धनराशि की व्यवस्था की है और आयुष मंत्रालय व बिहार सरकार मिलकर आयुष के प्रति जागरूकता फैला रही है। विभागाध्यक्ष डॉ. विजेंद्र कुमार ने स्वस्थवृत्त पालन, उचित आहार-विहार, योग और निद्रा का महत्व बताया।कार्यक्रम में 35 महिलाओं की रोग अनुसार जांच कर औषधीय परामर्श दिया गया। उपाधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार वर्मा, डॉ. माधुरी कुमारी ने सफाई, खान-पान और निद्रा को बीमारियों से बचाव का मूल बताया।

# आर्यभट्ट छात्रावास में मेस की सुविधा बहाल, छात्रों में हर्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** पावर ग्रिड कारपोरेशन के सौजन्य से सी. एम. साइंस कॉलेज में नवनिर्मित आर्यभट्ट छात्रावास में रहने वाले छात्रों के लिए मेस की सुविधा बहाल कर दी गई है। मंगलवार को महाविद्यालय के बर्सर सह भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ उमेश कुमार दास एवं छात्रावास अधीक्षक डॉ रवि रंजन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मेस की विधिवत शुरुआत की। इस अवसर पर महाविद्यालय के कई शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित थे। छात्रावास में मेस की सुविधा बहाल होने से खुश छात्रों ने कहा कि अब इस सुविधा के बहाल हो जाने से उन्हें भोजन के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा और समय की बचत के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य पर भी अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। मौके पर छात्रों ने छात्रावास में मेस की सुविधा बहाल किए जाने को लेकर प्रधानाचार्य प्रो. संजीव कुमार मिश्र के प्रति कृतज्ञ आभार ज्ञापित किया।

## तीज को लेकर रहा भक्तिमय माहौल

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को हरितालिका तीज और चौरचन पर्व एक ही दिन पड़ने से दिनभर वातावरण भक्तिमय बना रहा। सुबह से शिव-पार्वती की पूजा तो शाम में चंद्रमा की पूजा को लेकर घर-घर में उत्साह देखा गया। व्रती महिलाएं रविवार को ही गंगा स्नान कर चौरचन पर्व की तैयारी में जुट गई थीं। महिलाएं रविवार को गंगा स्नान करने किया।


**जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद**

**में दिनांक 14-09-2026 से दिनांक 19-09-2026 तक ऋण वसूली कैम्प आयोजन की सूचना**

बिहार सरकार

औरंगाबाद जिला के अनतर्गत अल्पसंख्यकों को सूचित किया जाता है कि प्रबन्ध निदेशक, बिहार स्टेट माईनोरिटीज फाईनेन्सियल कारपोरेशन लि0 पटना के आदेशानुसार मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, NMDFC Term Loan एवं शिक्षा ऋण योजना अन्तर्गत वितरित ऋण की राशि की वसूली में तेजी लाने, ऋणियों को ऋण की वापसी हेतु सुविधा उपलब्ध कराने एवं ससमय लोन राशि चुकाने हेतु उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद में दिनांक 14-09-2026 से दिनांक 19-09-2026 तक ऋण वसूली कैम्प का आयोजन किया जाना है।

अतः औरंगाबाद जिला अन्तर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के वैसे व्यक्ति जिन्होनें मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, NMDFC Term Loan एवं शिक्षा ऋण योजना के तहत ऋण प्राप्त किया हो, वे शिविर में आकर ऋण अदा करें, अन्यथा संबंधित बकाएदारों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी ऋणियों को निदेशित किया जाता है कि जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद में आकर विशेष जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ करने के पूर्व इसे अंतिम अवसर माना जाए।**

**जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, औरंगाबाद**

PR- 011909 (MWD) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# पात्र लोगों को मिला सरकारी योजनाओं का लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। सदर प्रखंड अंतर्गत पोखराहा पंचायत के जगदीशपुर स्थित उच्च विद्यालय, के परिसर में जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन, मनरेगा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, सात निश्चय-2 अंतर्गत नल-जल योजना, कौशल विकास योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ पात्र लाभुकों से संबंधित आवेदन भी प्राप्त किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में दवा वितरण, नेत्र जांच, रक्त जांच, रक्तचाप जांच, आयुष्मान भारत कार्ड, यूडीआईडी कार्ड सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इसके अतिरिक्त जिला बाल संरक्षण इकाई, प्रधानमंत्री आवास योजना, आईसीडीएस, शिक्षा विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा भी स्टॉल लगाए गए, जहां ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुंचाना है ताकि आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। राज्य सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी एवं सम्मानजनक तरीके से पहुँचे। इसी उद्देश्य से जिले की विभिन्न पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज पोखराहा पंचायत में आयोजित इस सहयोग शिविर के माध्यम से आम लोगों की समस्याओं को पंचायत स्तर पर ही सुनने और उनका यथासंभव त्वरित एवं प्रभावी समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। सहयोग शिविर के माध्यम से प्राप्त मामलों के निष्पादन में औरंगाबाद जिला बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। जिले में सहयोग शिविर से प्राप्त मामलों के निष्पादन की दर 98 प्रतिशत से अधिक है। यह उपलब्धि पदाधिकारियों एवं कर्मियों की मेहनत के साथ-साथ आम लोगों के सहयोग का भी परिणाम है।



## दहेज हत्या सहित अन्य मामलों में 31 गिरफ्तार

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से चलाये जा रहे विशेष अभियान में सोमवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से 15 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार दहेज हत्या में एक, मद्य निषेध अधिनियम के तहत चार तथा अन्य मामलों में 26 लोगों की गिरफ्तारी की गई। वहीं 129.30 लीटर देसी शराब एवं एक ऑटो बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 994 वाहनों की जांच की गई जिसमें 39000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है ताकि अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके।

# विकास कार्यों को धरातल पर उतारने में अभियंताओं की भूमिका महत्वपूर्ण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। अभियंता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित सम्राट अशोक भवन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत अभियंताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त एवं अन्य क्षेत्रों से जुड़े अभियंता भी शामिल हुए। समारोह में अभियंताओं की भूमिका, तकनीकी विकास और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह तथा जिले का नाम रोशन करने वाली आइएएस मोनिका श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजकों की ओर से सभी अतिथियों को कार्यक्रम में शामिल होने और अपना बहुमूल्य समय देने के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता ई. अर्जुन प्रसाद सिंह सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंताओं ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। अभियंता साथियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति से समारोह का उत्साह और गरिमा बढ़ी। कार्यक्रम के आयोजकों ने कहा कि अभियंता दिवस केवल अभियंताओं के सम्मान का अवसर नहीं बल्कि तकनीकी क्षेत्र में उनके योगदान और जिम्मेदारियों को रेखांकित करने का भी दिन है। विकास कार्यों को धरातल पर उतारने में अभियंताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस अवसर पर ई. ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, ई. सुबोध कुमार सिंह, ई. अरूण कुमार आदि उपस्थित थे।

# कीचड़ में फंसने से बुजुर्ग की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। कुटुंबा थाना क्षेत्र के वर्मा गांव स्थित धान के खेत में गिरने के कारण कीचड़ में फंसने से 60 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान टंडवा थाना क्षेत्र के पचपोखरी गांव निवासी कुलदीप शर्मा के रूप में हुई है। वे पेशे से बढ़ई थे और कुटुंबा थाना क्षेत्र के वर्मा गांव में रहकर काम करते थे। सोमवार की शाम वे अकेले कुटुंबा थाना क्षेत्र के खुद मुरैली गांव की तरफ गए थे। काम खत्म करने के बाद लौटने के दौरान गांव से उत्तर दिशा में स्थित धान के खेत के पास उनका पैर फिसल गया। संतुलन बिगड़ने से वे पानी और गहरे कीचड़ से भरे खेत में जा गिरे। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने खेत में शव देखा जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष इमरान आलम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों को लेकर स्थिति और स्पष्ट होगी।

# साइबर अपराधों से बचाव के लिए नागरिकों को किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। सदर प्रखंड अंतर्गत पोखराहा पंचायत में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में साइबर मंगलवार के अवसर पर साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पंचायत के नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों, डिजिटल सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा ऑनलाइन ठगी से बचाव के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्वाधार फिनएक्सेस (सीएफएल), जिला प्रभारी मनोरंजन पाठक द्वारा सेमिनार आयोजित कर छात्रों को साइबर जागरूकता के विषय में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया एवं डिजिटल माध्यमों का उपयोग अत्यंत सावधानी एवं जिम्मेदारी के साथ करें। किसी भी व्यक्ति के साथ अपनी निजी तस्वीरें, व्यक्तिगत जानकारी अथवा संवेदनशील सामग्री साझा करने से बचें। कई बार विश्वास का दुरुपयोग कर साइबर अपराधी ब्लैकमेलिंग एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देते हैं। ऐसी किसी भी स्थिति में घबराने के बजाय तत्काल अपने अभिभावकों एवं पुलिस को सूचित करें। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, किसी के साथ ओटीपी, बैंक खाता संबंधी जानकारी, पासवर्ड अथवा अन्य गोपनीय सूचनाएं साझा न करें। यदि मोबाइल या सोशल मीडिया के माध्यम से किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, साइबर ठगी अथवा ब्लैकमेलिंग का प्रयास हो तो तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें तथा संबंधित पुलिस थाना अथवा साइबर थाना को सूचित करें। जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं सतर्क रहें तथा अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें, जिससे साइबर अपराधों की रोकथाम में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। साइबर अपराधी विभिन्न माध्यमों से लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने, फर्जी कॉल, संदेश एवं ऑनलाइन प्रलोभनों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने एवं पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराये। समय पर शिकायत दर्ज होने से ठगी गई राशि वापस मिलने की संभावना काफी बढ़ जाती है। इस अवसर पर स्वाधार फिनएक्सेस (सीएफएल), जिला प्रभारी मनोरंजन पाठक, जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के पदाधिकारी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# उत्तर कोयल नहर से बरामद शव की हुई शिनाख्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। अंबा थाना अंतर्गत उत्तर कोयल नहर से बरामद युवक के शव की शिनाख्त पुलिस ने 48 घंटे बाद कर ली है। मृतक की पहचान बसौरा गांव निवासी मंटू दुबे के 27 वर्षीय पुत्र शशि दुबे उर्फ दुदुन दुबे के रूप में हुई है। वह बीते दो दिनों से लापता था जबकि परिजन खोजबीन कर रहे थे। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम के बाद पुलिस अभिरक्षा में रखा गया था और शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही थी। मंगलवार की शाम पहचान होते ही परिजनों में कोहराम मच गया जबकि गांव समेत पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों के अनुसार शशि दुबे शनिवार की शाम से ही लापता था। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला था। सोमवार को नहर में युवक का शव उतराता देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। मौत कैसे हुई, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होने की उम्मीद है।

# एलपीसी के आधार पर रैयतों को मिलेगा मुआवजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। एनएच-120 दाउदनगर-बाईपास पथ के निर्माण हेतु अर्जनाधीन भूमि के मुआवजा भुगतान से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन एवं रैयतों की सुविधा के लिए जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। विशेष शिविर का आयोजन दाउदनगर अंचल अंतर्गत तरार एवं तरारी मौजा के रैयतों के लिए 16 सितंबर, 23 सितंबर एवं 30 सितंबर 2026 को पूर्वाह्न 10 बजे से पंचायत सरकार भवन, तरार में किया जाएगा। शिविर में रैयतों से एलपीसी (भूमि स्वामित्व प्रमाण-पत्र) हेतु आवेदन एवं भूमि से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने, निर्गत एलपीसी के आधार पर मुआवजा भुगतान हेतु आवश्यक अभिश्रव प्राप्त करने तथा शेष रैयतों का एलपीसी निर्गत करने की कार्रवाई की जाएगी। शिविर के दौरान रैयतों को ऑनलाइन जमाबंदी से संबंधित आवेदन प्राप्त कर खेसरा अद्यतन कराने एवं ऑनलाइन जमाबंदी की कार्रवाई, संयुक्त अवार्ड से संबंधित मामलों में आवश्यक आवेदन प्राप्त करने तथा रैयतवार एवं प्लॉटवार मापी प्रतिवेदन तैयार करने की कार्रवाई भी की जाएगी। शिविर में संबंधित राजस्व कर्मचारी, अंचल निरीक्षक एवं राजस्व अधिकारी जमाबंदी पंजी एवं अन्य आवश्यक राजस्व अभिलेखों के साथ उपस्थित रहेंगे। साथ ही संबंधित पंचायत सचिव एवं ग्राम कचहरी सचिव भी उपस्थित रहकर वंशावली से संबंधित आवेदन प्राप्त करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को शिविर के सफल आयोजन तथा रैयतों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित रैयतों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि को शिविर स्थल पर उपस्थित होकर भूमि से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने लंबित मामलों का निष्पादन कराएं तथा मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने में सहयोग करें।

# राजकीय पुरस्कार मिलने पर शिक्षक को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले के राजकीय मध्य विद्यालय सलैया के प्रधानाध्यापक राजकुमार प्रसाद गुप्ता को राजकीय शिक्षक पुरस्कार मिलने पर मंगलवार को गांव के समाजसेवियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों ने विद्यालय पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया और इसे पूरे गांव के लिए गौरव का विषय बताया। इस दौरान समाजसेवियों एवं अभिभावकों ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर वहां की शैक्षणिक एवं बुनियादी सुविधाओं का भी जायजा लिया। बच्चों के लिए पेयजल व्यवस्था, शैक्षणिक संसाधन, कक्षाओं की स्थिति, स्वच्छता एवं परिसर के समग्र विकास को देखकर लोगों ने विद्यालय की इन सभी व्यवस्थाओं की जमकर सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि विद्यालय में बेहतर वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होने से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ आसानी से मिल पाता है। इस दिशा में किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। समाजसेवी विपिन कुमार सिन्हा ने बच्चों की सुविधा को विशेष ध्यान में रखते हुए विद्यालय में एक इलेक्ट्रिक वाटर फिल्टर उपहार स्वरूप उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विद्यालय समाज का एक महत्वपूर्ण केंद्र होता है और इसके विकास में स्थानीय लोगों की सहभागिता होना बहुत जरूरी है।

# एसपी ने किया फेसर थाना का निरीक्षण

## कानून-व्यवस्था की मजबूती के लिए संवेदनशीलता और अनुशासन पर दिया जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र कुमार वर्मा ने मंगलवार को फ़ेसर थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी मौजूद रहीं। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई, कार्यालयों, बैरक, मालखाना, हवालात, अभिलेखों के रख-रखाव तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। थाना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों की स्थिति का भी जायजा लिया। साथ ही उनकी नियमित निगरानी एवं संचालन के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने अभिलेखों एवं रजिस्टरों को अच्छी तरह रख-रखाव का निर्देश दिया।



लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए विवेचनाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। कहा कि जमानत पर छूटे अपराधियों पर नजर रखी जाए। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारियों से संवेदनशीलता, तत्परता एवं अनुशासन के साथ कार्य करने की अपील करते हुए कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिया।

# विधायक ने स्वर्ण पदक विजेता नित्या पांडे को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। नेशनल अंडर-15 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर औरंगाबाद जिले के साथ-साथ पूरे बिहार का नाम रोशन करने वाली युवा बॉक्सर नित्या पांडे को सम्मानित किया गया। औरंगाबाद के विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने नित्या पांडे को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। विधायक ने नित्या की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि कम उम्र में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल करना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि नित्या जैसी प्रतिभाएं जिले के



अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा का काम करती हैं। खेल के क्षेत्र में प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण और अवसर मिले, इसके लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। कार्यक्रम में खेल पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, बॉक्सिंग कोच अखिल राज, रिशु कुमार, शिक्षक रवि कुमार, कुश्ती संघ के सचिव उदय तिवारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## भाजपा के दो वरिष्ठ नेताओं के आकस्मिक निधन पर शोक

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। मदनपुर प्रखंड के धोबडीहा निवासी शिवेंद्र कुमार सिंह एवं शिवगंज निवासी कारू महतो का 13 सितंबर को आकस्मिक निधन हो गया। दोनों नेताओं के निधन की खबर मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में गहरा शोक व्याप्त हो गया। भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि दोनों की कमी पार्टी को लंबे समय तक महसूस होगी। शोक व्यक्त करने वालों में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह, विनय कुमार शर्मा, रामानुज पांडेय, कृष्ण बल्लभ प्रसाद सिंह, विनोद सिंह, रघुनाथ राम, युगल किशोर सिंह, दिग्विजय सिंह, विजय प्रसाद निराला, अरविंद सिंह, अटल बिहारी, दीनानाथ विश्वकर्मा आदि शामिल रहे।

# छात्रों के सर्वांगीण विकास में बेहतर स्वास्थ्य की भूमिका महत्वपूर्ण : प्रकाश चंद्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी एवं जूनियर रेड क्रॉस, औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के उद्देश्य से राष्ट्रीय इंटर स्कूल दाउदनगर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ओबरा के विधायक प्रकाश चन्द्रा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) संतोष कुमार, बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शारंगधर सिंह, पूर्व अध्यक्ष हजारी सिंह, बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता, राज्य कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र कुमार, राष्ट्रीय इंटर विद्यालय दाउदनगर के प्रधानाध्यापक डॉ. सैयद अहमद ताहिर सैफुल्लाह अब्दुलआ तथा जूनियर रेड क्रॉस कार्यकारिणी सदस्य राजीव कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए ओबरा विधायक प्रकाश चंद्रा ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में बेहतर स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मन विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के साथ-साथ जीवन में सकारात्मक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता है। विद्यालय स्तर पर समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता विकसित होती है तथा संभावित स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान एवं आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराया जा सकता है।

# उपभोक्ता अदालत ने कराया समझौता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, औरंगाबाद में दर्ज एक मामले का दोनों पक्षों की सहमति से समझौता करा दिया गया। अदालत के सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने बताया कि जिला विधिज्ञ संघ के अधिवक्ता अमरेश कुमार शर्मा द्वारा दर्ज मुकदमा संख्या 132/2025 में विपक्षी मनोज कुमार के साथ सुलह के आधार पर वाद का निष्पादन किया गया। अधिवक्ता अमरेश कुमार शर्मा ने बर्तन घर से फलों का जूस निकालने वाली एक मशीन खरीदी थी। मशीन ठीक से काम नहीं करने पर वे खरीदारी के अगले ही दिन उसे वापस करने के लिए दुकान पहुंचे लेकिन दुकानदार द्वारा मशीन वापस लेने से इंकार कर दिया गया। इसके बाद अधिवक्ता की ओर से 27 जून 2025 को वकालतन नोटिस भेजा गया। नोटिस के बावजूद दोनों पक्षों के बीच सहमति नहीं बन सकी। इसके बाद न्याय पाने के लिए 6 अगस्त 2025 को जिला उपभोक्ता अदालत में वाद संख्या 132/25 दर्ज कराया गया। मामले की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनी गईं। इसके बाद न्यायालय के प्रयास से दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया। अंततः 1100 रुपये की राशि पर सहमति बनने के बाद वाद का निष्पादन कर दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी,
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

# सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाने की बनाई रणनीति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला अतिथि गृह में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिंह चंद्रवंशी एवं संचालन महामंत्री सतीश कुमार सिंह ने किया। बैठक में अभियान के तहत आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं को कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यकर्ताओं से अभियान को जनभागीदारी से जोड़कर सेवा गतिविधियों को व्यापक स्तर पर संचालित करने का आह्वान किया। महामंत्री सतीश कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक कार्यों को सेवा संकल्प के तहत औरंगाबाद जिले के प्रखंड, पंचायत एवं बूथ स्तर पर हर घर पहुंचाने के लिए 13 कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। इसको लेकर 13 संयोजक बनाए गए हैं। इस बैठक में जिला महामंत्री अमन कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष अनीता, रंजीत कुशवाहा, रेखा पासवान, दीपक उपाध्याय, जिला मंत्री सीमा गुप्ता, सुमन अग्रवाल, सुबोध कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष कौशल कुमार पिंटू, जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष सुभाष शर्मा पप्पू, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष अरविंद पासवान, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी रूद्र तिवारी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष विकास काली, सतीश मोनू सहित अन्य मौजूद रहे।

# किराना दुकानदार ने की आत्महत्या

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के यारी गांव में मंगलवार को कर्ज के दबाव में एक किराना दुकानदार द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान यारी गांव निवासी रंगू प्रसाद गुप्ता के रूप में हुई है। मृतक के चाचा सुरेंद्र साव ने बताया कि रंगू किराना दुकान चलाते थे। उन्होंने बेटी की शादी के लिए समूह से ऋण लिया था। इसके अलावा पड़ोसियों और रिश्तेदारों से भी रुपये उधार लिए थे। बताया गया कि उन पर करीब 10 लाख रुपये का कर्ज था। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह कर्ज चुका नहीं पा रहे थे। लगातार बढ़ते कर्ज और पैसों की मांग से वह काफी दबाव में थे। इसी मानसिक दबाव में उन्होंने आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस की ओर से आधिकारिक जानकारी मिलने के बाद ही घटना के अन्य पहलुओं की पुष्टि हो सकेगी।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Headquarters, Rajiv Gandhi Bhawan, Safdarjung Airport, New Delhi- 110003

EMPANELMENT OF ARBITRATOR

Airports Authority of India (AAI) invites applications for **"Empanelment of Arbitrator for resolution of disputes arising out of legal issues, contract management, infrastructure projects related to AAI."**

Form for online application is available on the official website of AAI from **10.09.2026 (09:30 AM)** to **09.10.2026 (06:00 PM)**. The applications are invited through online mode only. For Eligibility Criteria and detailed information regarding the empanelment, please visit the Airports Authority of India website at **www.aai.aero → Career → Recruitment Dashboard.**

cbc 03111/0007/2627 N-02-2026-27 (CC)